राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 45
लखनऊ, सोमवार 30 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पीएम की प्रेरणा से जन आंदोलन बना एक पेड़ मां के नाम अभियान : योगी 03

पाकिस्तान से सिर्फ पीओके खाली कराने का मुद्दा बाकी : एस जयशंकर 12

## भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा लें राजनीतिक दल : चम्पत राय

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने कहा कि देश के विभिन्न राजनीतिक दलों को राम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्हें राम का अनुसरण कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए।

रविवार को चम्पत राय आईआईटी कानपुर से अयोध्या दर्शन के लिए कारसेवकपुरम आए छात्रों से अनौपचारिक भेंट कर रहे थे। उन्होंने सभी छात्रों से क्रमशः उनके रुचि के शैक्षिक विषयों की जानकारी ली। एकोहम बहुस्यामि की व्यख्या करते हुए चम्पत राय ने कहा कि एक ने अयोध्या दर्शन का मन बनाया, उनसे दो, दो से चार जुड़ते हुए इतने लोग साथ आ गए। ठीक इसी तरह बढ़ते हुए सम्पूर्ण प्रकृति व सृष्टि का निर्माण हुआ।

## ट्रेड शो से मिला होटल इंडस्ट्री को बूम, कारोबार में 50 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी

**मेगा इवेंट के चलते ग्रेटर नोएडा ही नहीं, दिल्ली के होटल्स को भी मिला लाभ**

विकास तिवारी




फाइल फोटो

**ग्रेटर नोएडा ।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो से न केवल एक्जिबिटर्स के कारोबार को बूम मिला है, बल्कि ग्रेटर नोएडा की होटल इंडस्ट्री को भी जबरदस्त फायदा हुआ है। होटल इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञों ने बताया कि पांच दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो से इंडिया एक्सपो मार्ट के आसपास के होटलों के कारोबार में 50 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी हुई।

एक्जिबिटर्स ने तो प्रदेश की योगी सरकार की ट्रेड शो जैसी पहल की सराहना की ही, बल्कि होटल इंडस्ट्री के लोग भी प्रदेश सरकार की इस पहल की जमकर सराहना कर रहे हैं। बड़ी संख्या में इंटरनेशनल ट्रेड शो का हिस्सा बनने पहुंचे एग्जीबिटर्स और विजिटर्स ने ग्रेटर नोएडा स्थित होटल्स में बुकिंग कर रखी है। इसके चलते लगभग सभी बड़े होटल्स पूरी तरह फुल हो गए हैं। इसलिए यहां आने वाले कई देश और विदेश के कई आगंतुकों को ग्रेटर नोएडा के अलावा नोएडा और दिल्ली में होटल्स की बुकिंग करनी पड़ी है। इंडिया एक्सपो मार्ट जनपद गौतमबुद्ध नगर का प्राइम लोकेशन है। यहां तरह-तरह के बड़े आयोजन होते रहते हैं। उसी क्रम में प्रदेश की योगी सरकार द्वारा आयोजित किए गए पांच दिवसीय इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन 25 सितंबर से शुरू हुआ था, जिसका समापन रविवार यानी 29 सितंबर को हुआ।

**होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों में भी कारोबार बढ़ाने को लेकर देखी गई खास रुचि**

ट्रेड शो के उद्घाटन के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश सरकार के कई अन्य मंत्री भी आए थे। जिस तरह सरकार ने इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफलतम आयोजन के लिए व्यापक तैयारी की थी, वहीं ग्रेटर नोएडा होटल इंडस्ट्री ने भी इसको लेकर काफी तैयारी की थी। ट्रेड शो इंटरनेशनल लेवल का आयोजन होता है और यहां प्रदेश सहित देश के अन्य हिस्सों से भी एक्जिबिटर्स आते हैं और लाखों की संख्या में बायर्स आते हैं, जिनमें देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा विदेशों के भी बायर्स शामिल होते हैं। इसीलिए इंडिया एक्सपो मार्ट के आसपास सहित पूरे ग्रेटर नोएडा के होटलों में भीड़ रहती है। वहीं नोएडा और राजधानी दिल्ली के होटलों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा भीड़ देखने को मिलती है। लिहाजा ट्रेड शो के आयोजन से एक्जिबिटर्स के साथ ही होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों में भी कारोबार बढ़ाने को लेकर खास रुचि देखी गई और उनका उम्मीद से ज्यादा कारोबार हुआ, इसीलिए होटल इंडस्ट्री के लोगों ने भी प्रदेश की योगी सरकार की इस पहल की जमकर सराहना की।

## संक्षिप्त समाचार

### जमैका के पीएम आज से भारत की आधिकारिक यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर जमैका के प्रधानमंत्री डॉ. एंड्रयू होलनेस 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। यह उनकी और जमैका के किसी प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री डॉ. होलनेस प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। डॉ. होलनेस भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। यह यात्रा प्रधानमंत्री होलनेस को अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मिलने, व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं के साथ बातचीत करने का अवसर भी प्रदान करेगी। यात्रा के दौरान द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।

### 12 लाख के गांजे के साथ तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तिन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 76 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 12 लाख रूपये है। गिरफ्तार तीनों तस्कर ओडिशा से अवैध गांज लेकर उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में देने जा रहे थे। एडीशनल पुलिस अधिक्षक कालू सिंह ने रविवार को बताया की अवैध मादक पदार्थों के तस्करी करने वालों के खिलाफ चल रहे अभियान में एसओजी, सर्विलांस व चोपन थाना पुलिस टीम ने वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर चोरपनिया के जंगल के पास से शनिवार की शाम 06.30 बजे एक संदिग्ध कार को जांच के लिए रोका। पुलिस ने कार में बैठे तीन लोगों को हिरासत में लेकर जांच किया तो उसमें दो बोरे में अवैध गांज लदा हुआ था।

### सीबीआई को घोष के फोन व लैपटॉप से मिले सुराग

**कोलकाता।** सीबीआई के अधिकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय घोटाले की जांच कर रहे हैं। इन अधिकारियों ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के दो मोबाइल फोन और दो लैपटॉप से महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त किए हैं। मोबाइल फोन और लैपटॉप के अलावा, आरजी कर कॉलेज में घोष के दफ्तर के डेस्कटॉप और वहां से जब्त किए गए दस्तावेज से भी कुछ इसी तरह के सुराग मिले हैं।

## महाराष्ट्र को नए संकल्पों के साथ बड़े लक्ष्यों की है जरूरत

**महाराष्ट्र को 11,200 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात मिली**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र को बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में 11,200 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो सेक्शन का उद्घाटन किया। बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया और सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। भिडेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के बालिका विद्यालय के स्मारक की आधारशिला रखी।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा, महाराष्ट्र को नए संकल्पों के साथ बड़े लक्ष्यों की जरूरत है। उन्होंने पुणे जैसे शहरों को प्रगति और शहरी विकास का केंद्र बनाने की जरूरत पर बल दिया। मोदी ने महाराष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने में विकास-संचालित शासन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस निरंतरता में कोई भी व्यवधान राज्य के लिए महत्वपूर्ण नुकसान का कारण बनता है। उन्होंने मेट्रो पहल से लेकर मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन और महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं तक विभिन्न रुकी हुई परियोजनाओं पर प्रकाश डाला, जो डबल इंजन सरकार के आने से पहले ही विलंबित हो गई थीं। प्रधानमंत्री ने शहर से सीधा हवाई संपर्क स्थापित करने के लिए सोलापुर हवाई अड्डे के उद्घाटन का जिक्र करते हुए कहा, 'भगवान विट्ठल के भक्तों को भी आज एक विशेष उपहार मिला है।' टर्मिनल की क्षमता में वृद्धि हुई है और मौजूदा हवाई अड्डे के उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों के लिए नई सेवाएं और सुविधाएं बनाई गई हैं, जिससे भगवान विट्ठल के भक्तों के लिए सुविधा बढ़ गई है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ें लोग

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात की 114वीं कड़ी में की अपील**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात की 114वीं कड़ी के संबोधन में लोगों से पर्यावरण की रक्षा का संकल्प के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अद्भुत अभियान रहा। जन-भागीदारी का ऐसा उदाहरण वाकई बहुत प्रेरित करने वाला है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किये गए इस अभियान में देश के कोने-कोने में लोगों ने कमाल करके दिखाया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना ने लक्ष्य से अधिक संख्या में पौधारोपण करके नया रिकॉर्ड बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में 26 करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए गए। गुजरात के लोगों ने 15 करोड़ से ज़्यादा पौधे रोपे। राजस्थान में केवल अगस्त में ही छह करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। देश के हजारों स्कूल भी इस अभियान में जोर-शोर से हिस्सा ले रहें हैं।

### चेयरमैन ने तीन अधीक्षण अभियंताओं को किया निलम्बित

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डा. आशीष कुमार गोयल ने उपभोक्ता सेवाओं, राजस्व वसूली तथा अन्य विभागीय दायित्वों में लापरवाही पर वाराणसी, अलीगढ़ और बरेली शहर में तैनात तीन अधीक्षण अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। रविवार को चेयरमैन द्वारा पूछे गए सवालों पर तीनों एसई कामर्शिलय और तकनीकी मुद्दों से जुड़े सवालों का जवाब नहीं पाए थे। अधीक्षण अभियंताओं के इस गैर जिम्मेदारना रवैये चलते बरेली शहर के अधीक्षण अभियंता अम्बा प्रसाद, वाराणसी शहर के अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया तथा अलीगढ़ शहर के अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा को निलंबित किए जाने का आदेश संबंधित डिस्काम के एमडी को दिया गया है। चेयरमैन ने शक्ति भवन में यह समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान चेयरमैन ने राजस्व वसूली में वृद्धि किए जाने के लिए खास निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर बिजली सप्लाई व सेवा के लिए जरूरी है कि हम जितनी बिजली दें उतना राजस्व भी वसूलें।

## हाइवा से टकराई बेकाबू बस नौ लोगों की मौत, 24 घायल

एजेंसी

**सतना।** मध्य प्रदेश के मैहर जिले में शनिवार आधी रात को भीषण सड़क हादसा हो गया। नादन देहात थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक (हाइवा वाहन) से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 यात्री घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आभा ट्रेवल्स की स्लीपर कोच बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी। रात करीब 11 बजे नादन थाने से कुछ दूर स्थित चौरसिया ढाबे के पास बस तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े हाइवा में जा घुसी। हादसे के समय बस में बस में 45 यात्री सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि बस क्षतिग्रस्त होकर पिचक गई और यात्री उसमें बुरी तरह फंस गए। सूचना मिलते ही नादन और मैहर पुलिस मौके पर पहुंच गई है और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। रेस्क्यू में जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। गैस कटर से बस का दरवाजा काट कर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया।

### द्वारका हाइवे पर भीषण दुर्घटना में सात की मौत

**द्वारका।** देवभूमि द्वारका जिले के पादर में शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार 5 लोगों समेत 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 बच्चे भी शामिल हैं। घटना में 15 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें खंभालिया के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। किसी पशु के सड़क पर अचानक आने से बस चालक स्टियरिंग से संतुलन खो बैठा और डिवाइडर पार करते हुए सामने से आ रहे 3 वाहनों को चपेट में ले लिया। हादसे में बस के साथ दो कार और एक बाइक की टक्कर हुई है। द्वारका-खंभालिया हाइवे पर द्वारका से करीब 6 किलोमीटर दूर बरडिया गांव के पास शनिवार देर शाम करीब 8 बजे निजी ट्रैवेल्स एजेंसी की बस सड़क पर किसी पशु के आने के बाद असंतुलित हो गई।

### जाली नोट के कारोबार का खुलासा, जीआरपी ने दो लाख रुपए किए बरामद

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में जीआरपी ने नकली नोट का कारोबार करने वाले गैंग का खुलासा किया है। इस दौरान 1 लाख 97 हजार रूपए के नकली नोट बरामद हुए हैं। सभी नोट 500 रुपए के हैं। जीआरपी पुलिस ने बरेली के खेडा थाना क्षेत्र के रहने वाले आमिर खान को गिरफ्तार किया है। जीआरपी सीओ विकास पांडे ने बताया कि आरोपी से बातचीत की गई। इसमें आमिर ने बताया कि बचपन से ही दिल्ली में मदनपुर खादर सरिता बिहार में किराए पर रहता हूं। साथ ही सरिता बिहार में जूते की दुकान पर काम करता हूं। करीब डेढ़ महीने पहले दोस्त आफताब अपने मामा नज मूलहक उर्फ राजन खान को मेरी दुकान पर लेकर आया। तभी से उसके मामा दिल्ली में दुकान पर मिलने आते थे। वहां आफताब के मामा ने बताया कि हम मालदा पश्चिम बंगाल से जाली नोट का व्यापार करते है।

## सरदार पटेल इंस्टीट्यूट की मान्यता अब होगी रद्द, शासन तक पहुंची जांच रिपोर्ट

**विधायक ने अपने ट्रस्ट के नाम पर दिखाकर ली कॉलेज की मान्यता**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर की मान्यता रद्द होगी। उत्तर प्रदेश आयुर्वेद निदेशालय ने मान्यता रद्द करने की सिफारिश शासन और एनसीआईएमएस नई दिल्ली को 27 सितंबर 2024 को भेजी है।

यह कार्रवाई डॉ. ओ.पी. चौधरी की बेटी डॉ. सरिता चौधरी की शिकायत पर की गई। सरिता ने जमीन और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल से सेंटर खोलने का आरोप लगाया था। जांच में पाया गया कि जमीन डॉ. ओ.पी. चौधरी एजुकेशनल ट्रस्ट के नाम पर दर्ज थी, जबकि विधायक अनुराग सिंह ने फर्जीवाड़ा कर इसे अपने ट्रस्ट के नाम पर दिखाकर 2016 में कॉलेज की मान्यता ली थी। 28 मई 2024 की जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ था कि जमीन अब भी डॉ. ओ.पी. चौधरी एजुकेशनल ट्रस्ट के नाम पर है, लेकिन बिना सही तथ्यों की जांच किए हुए कॉलेज को मान्यता दे दी गई। आयुर्वेद निदेशक की इस रिपोर्ट के आधार पर अब कॉलेज की मान्यता रद्द करने की सिफारिश की गई है। इस पूरे मामले में विधायक अनुराग सिंह और उनकी पत्नी स्नेहलता सिंह पर पहले से ही कई गंभीर आरोप हैं। लखनऊ न्यायालय में उन पर धारा 420 और 406 के तहत केस भी चल रहा है, और वे फिलहाल जमानत पर हैं। एमपी-एमएलए कोर्ट में भी एक अन्य मामले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज है। सरकार ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए काउंसिलिंग लिस्ट से इस कॉलेज का नाम हटाने का निर्देश दिया है।

### आपत्तिजनक बयानबाजी में सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ एफआईआर

**गाजीपुर।** हिन्दू धर्म के खिलाफ गलत बयानबाजी करने पर सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ प्रशासन ने एफआईआर दर्ज करवाई है। गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने रविवार को बताया कि अफजाल अंसारी के आपत्तिजनक बयान का पुलिस ने संज्ञान लिया है। चौकी प्रभारी राजकुमार शुक्ला की तहरीर उनके खिलाफ 353 (3) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था कि गांजा को वैध कर देना चाहिए। लाखों-करोड़ों लोग खुलेआम गांजा पीते हैं। उसे भगवान का प्रसाद और भगवान की बूटी कहकर पीते हैं। भगवान की बूटी है, तो अवैध क्यों? अपने योगी बाबा से कहिए गांजा को कानून में मान्यता दिलाएं। अगर गांजा कानूनन अवैध है, तो पीने की छूट क्यों है। ये दोहरी नीति नहीं चलेगी।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो हरियाणा के युवाओं का नहीं दिल्ली के दामाद का होगा विकास

- गृहमंत्री ने हरियाणा में तीन चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित
- 'शक्ति' का अपमान करने वाले राहुल गांधी व कांग्रेस को हरियाणा की जनता देगी जवाब

एजेंसी



**चंडीगढ़।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा है कि राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में जितने वादे किए, उनमें से आजतक एक भी पूरा नहीं हुआ है। यही झूठ बोलने का काम वह हरियाणा में कर रहे हैं।

अमित शाह ने रविवार को हरियाणा के बादशाहपुर, नांगल चौधरी एवं इंद्री विधानसभा हलकों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'शक्ति' का अपमान करने वाले राहुल गांधी और कांग्रेस को हरियाणा की जनता जवाब देगी। अमित शाह ने कहा कि चुनाव आने पर वादों की झड़ी लगाने वाले राहुल बाबा की सभी गारंटियां फुस्स हो गई हैं। अगर हरियाणा में कांग्रेस सत्ता में आई तो वह हरियाणा के युवाओं का विकास की नहीं करेगी, बल्कि दिल्ली के दामाद का कल्याण करना ही कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य है। हरियाणा में एक ओर कांग्रेस के परिवार व दामाद के कल्याण के दस साल हैं, तो दूसरी ओर भाजपा के सुशासन के 10 साल हैं। भाजपा ने कभी भी जनहितों के साथ समझौता नहीं किया। अमित शाह ने कठोह लहजे में कहा कि अग्निवीरों पर झूठ बोलने वाले राहुल गांधी सुन लें, हरियाणा के एक-एक अग्निवीर को हरियाणा की भाजपा सरकार पेंशन वाली नौकरी देगी।

## हाईकोर्ट ने जिला जजों को बार के हड़ताल प्रस्ताव को जजों में सर्कुलेट करने पर लगाई रोक

**कोर्ट ने निबंधक से 22 अक्टूबर को मांगी रिपोर्ट**

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के वकीलों की हड़ताल को अवैध घोषित करने के बावजूद प्रदेश की जिला अदालतों में बार एसोसिएशनों द्वारा आये दिन हड़ताल जाने पर चिंता जताई है। कोर्ट कहा है कि वैसे भी अदालतें मुकद्मों के भारी बोझ से दबी है, हड़ताल इसे और बढ़ा ही रही है।

कोर्ट ने प्रदेश के सभी जिला जजों को निर्देश दिया है कि बार एसोसिएशन के हड़ताल के प्रस्ताव को सभी जजों में सर्कुलेट न करें और बार संगठनों से उम्मीद जताई है कि वे अदालती कामकाज सुचारू रूप से चलने देने में सहयोग करेंगे। कोर्ट ने कहा है कि अधिवक्ता की मौत पर शोक सभा बार कार्उंसिल के प्रस्ताव अपराह्न 3.30 बजे से करने का पालन करेंगे ताकि अदालती कामकाज प्रभावित न हो सके। कोर्ट ने निबंधक से अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को रिपोर्ट मांगी है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी की खंडपीठ ने जिला बार एसोसिएशन प्रयागराज के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही की सुनवाई करते हुए दिया है। गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद के अधिवक्ता के आर चित्रा व सत्यकेतु सिंह ने कोर्ट को आये दिन वकीलों की हड़ताल के दुष्परिणामों की जानकारी दी और कहा अधिकांश वकील काम करना चाहते हैं, किन्तु कुछ वकील अपने वैधानिक व्यावसायिक दायित्व निभाने के बजाय हड़ताल कराते हैं और वकीलों व वादकारियों को परेशान करते हैं। उन्होंने बताया जिला जज हड़ताल के प्रस्ताव को सभी जजों में सर्कुलेट करते हैं जिससे अदालतें काम करने से अलग हो जाती है।

**निर्देश** — सीएम ने महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा को लेकर की समीक्षा

## क्षेत्र में भ्रमण कर राहत कार्यों पर नजर रखें अधिकारी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पिछले तीन दिनों से खराब मौसम की वजह से हो रही बारिश और पहाड़ों से छोड़े गये पानी से प्रदेश के 11 जिलों में बाढ़ के हालातों की समीक्षा की। उन्होंने सभी 11 जनपद कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाजहांपुर के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिये।

साथ ही अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण कर राहत कार्यों में नजर रखने और तेज करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता मुहैया करायी जाए। उनके निर्देश पर सभी प्रभावित जनपदों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की कई टीमों को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के लिए अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा सीएम ने बाढ़ प्रभावित जिन लोगों के घरों को नुकसान अथवा पशु हानि हुई है, उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 11 जिलों में युद्धस्तर पर राहत कार्यों किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुशीनगर में गंडक नदी के कारण 1 तहसील के 5 गांव प्रभावित हैं। ऐसे में जलभराव की वजह से 8 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां पर 16 बाढ़ शरणालय स्थापित किये गये हैं। वहीं प्रिपोजिसंड नावों की संख्या 42 है जबकि रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और पीएसी की 1-1 टीम को तैनात किया गया है। इसके अलावा एनडीआरएफ द्वारा शिवपुर गांव में बाढ़ के पानी में फंसे 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इसी तरह महाराजगंज में गंडक नदी के कारण 1 तहसील का 1 गांव प्रभावित है। यहां 45 लोग प्रभावित हैं। यहां पर 1 बाढ़ शरणालय स्थापित किया गया है। वर्तमान में बाढ़ शरणालय में 45 लोग रह रहे हैं। एक नाव के जरिये राहत कार्य को अंजाम दिया जा रहा है जबकि प्रिपोजिसंड नावों की की संख्या 55 है। यहां रविवार को 2095 लंच पैकेट वितरित किए गये। रेस्क्यू कार्य के लिए एनडीआरएफ और पीएसी की 1-1 टीम को तैनात किया गया है। वहीं जल स्तर बढ़ने के कारण 45 लोगों को बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया गया है। लखीमपुर खीरी की 4 तहसील के 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें से 7 गांवों में कटान हो रहा है। इससे 19,500 लोग प्रभावित हैं। यहां 14 बाढ़ शरणालय स्थापित किये गये हैं। यहां पर राहत कार्यों के लिए 26 नावों को लगाया गया है। यहां रविवार को 550 खाद्यान्न सामग्री वितरित की गई। वहीं रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और पीएसी की 1-1 टीम तैनात है।

# 1000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय

▸ नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला की अध्यक्षता में तय हुई योजना

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद के सभागार में विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति की बैठक में 1000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

शनिवार की देर शाम समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिक्षक सम्मान समारोह को लेकर निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में 1000 से अधिक शिक्षकों को समारोह पूर्वक सम्मानित करने योजना तय की गई। संचालन करते हुए महामंत्री शैलेंद्र सक्सेना ने समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत की। कहा कि आयोजन गोकर्ण तीर्थ के निकट नीलकंठ मैदान में 1 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे से होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि आयोजन की मुख्य अतिथि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विशिष्ट अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार, एसपी गणेश प्रसाद साहा, विधायक अमन गिरी और भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह रहेंगे। बैठक में समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर अनुज खरे, संजय तिवारी, डीपी श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, रूपेश सक्सेना, संजीव शुक्ला, सुऐश त्रिवेदी, रामनरेश वर्मा, श्री प्रकाश सिंह आलोक तिवारी, नीरज दीक्षित, संजीव दीक्षित आदि मौजूद रहे।




## नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला ने कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात



प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी मन की बात करते है उसी क्रम में 114वें मन की बात के कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कृषक समाज शक्ति केन्द्र के अपने बूथ 206 पर कार्यकर्ताओं के साथ सुना। मा0 प्रधानमंत्री जी ने मन की बात के 114 वें कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने महात्मा गांधी जी की जयंती पर स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक सक्सेना, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, नगर मीडिया विजय मिश्रा, शक्ति केन्द्र संयोजक सुनील मिश्रा,बूथ अध्यक्ष मनोज बाथम प्रदीप खतौली, सोनू त्रिवेदी,रजत गुप्ता, काके सहगल, शिवम कश्यप, सभासद अल्लू सैनी, नीतू गुप्ता दीपू मिश्रा ,प्रफुल्ल बाजपेई जीतू वर्मा, लवकुश अवस्थी, राज किरण वाल्मीकि आदि लोग मौजूद रहे।

# 111 वृद्धजनों को शिविर में दी गई स्वास्थ्य सेवाएं

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



शासन के निर्देश पर एनपीएचसीई कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में वृद्धजनों के लिए हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाता है। जिसमें करीब 111 बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गई।

जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई ने बताया कि बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवा देने के लिए जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा सलेमपुर कोन स्थित वृद्धा आश्रम में कैंप का आयोजन किया था। जिसमें उनके साथ आई स्पेशलिस्ट डॉ अक्षत मिश्रा व डेंटल डॉ मंजेश द्वारा वृद्धजनों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। जिरियाट्रिक से संबंधित 61 मरीज देखे गए, तो वहीं आंखों की समस्या से संबंधित 42 मरीज और दातों की समस्या से संबंधित आठ मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। वृद्ध जनों को समस्या से संबंधित दवाई भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई।

## खबरें एक नजर में

### किसानों का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

▸ 48 निर्वाचन पत्र निरस्त होने के बाद अभ्यर्थी सपा नेता व किसान यूनियन का तीसरे दिन भी लगातार धरना जारी

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** गन्ना समिति के सामान्य निकाय चुनाव डेलीगेट के 159 पद थे उनमें कुल 161 परचे भरे गए थे। निर्वाचन अधिकारी ने 48 निर्वाचन पत्र निरस्त होने के बाद अभ्यर्थी सपा नेता व किसान यूनियन का तीसरे दिन भी लगातार धरना जारी है। चुनाव होना है किसान अपनी वही मांगो पर अड़े है कि मेरे सभी 48 पर्चे बहाल कराए जाएं या चुनाव निरस्त कराया जाए अन्यथा यह अनवरत धरना जारी रहेगा। किसानों ने कहा कि वे सरकार विरोधी नारे लगाते रहेंगे। धरने पर निवर्तमान चेयरमैन हितेंन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह, डॉ0 जुबेर, मो0 मोबीन खां, दिलीप सिंह, क्रान्ति सिंह, इकरार खां, प्रदीप वर्मा, मुनेन्द्र सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख, आशीष रस्तोगी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिया सिंह, पंचायत सदस्य तौहीद खां, रीतू सिंह समेत कई महिला सपा नेत्री सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। इस दौरान प्रशासन के जवान पुलिस दल अपनी पैनी नजर बनाए रहे जिनकी मानिटरिंग उपजिलाधिकारी डॉ0अवनीश कुमार व पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह करते रहे है।

### विधायक ने लघु सिंचाई विभाग के एक्शियन के खिलाफ खोला मोर्चा

▸ टेंडरों में हुई भारी अनियमितताओं की जांच कराने की करी मांग
▸ हमेशा चर्चा में रहते हैं एक्शियन एसबी सिंह

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** लघु सिचाई विभाग के अधिशासी अभियंता की मनमानी व भ्रष्टाचार की आवाज राठ विधायक ने बुलंद करते हुये उनके कारनामों को विभाग के चीफ इंजीनियर को अवगत कराया है। टेंडर प्रक्रिया में की गयी अनियमितताओ को विस्तार से बताया है। जानकारी के मुताबिक लघुसिचाई विभाग के एक्शियन एसबी सिंह अपनी काली करतूतों से हमेशा चर्चा में रहते है। विभाग में जब भी टेंडर पड़ते है तभी उनकी भारी अनियमितताएं सामने आती है। यही नही एक्शियन के चहेते फतेहपुर के दोनो ठेकेदारो ने चालिस फीसदी नीचे गिरकर टेंडर डाले है बताया जाता है कि ज्यादा गिरकर टेंडर डालना एक अनियमितता मानी जाती है। इसके बाद ढेर सारी कमिया होने के बाद भी जो लोगो ने चिहित कर एक्शियन को बताया भी मगर उन्होने सभी कमियां को नजरअंदार कर दिया है। इधर राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने चीफ इंजीनियर से लिखित शिकायत की है कि पिछले दिनों तीस टेंडर डाले गये थे परंतु अधीक्षण अभियंता की शह पर एक्शियन हमीरपुर ने ठेकेदारों के टेंडर अनावश्यक कमियां बताकर निरस्त कर दिया है। फतेहपुर के दोनो ठेकेदारों को विशेष वरीयता प्रदान की जाती है। विधायक का कहना है कि टेंडर में भारी अनियमितताएं की गयी है। जिसकी जांच होनी चाहिये। उन्होने चीफ इंजीनियर से कहा है कि यह मामला बहुतही संवेदनशील है इसकी जांच करायी जानी चाहिये। इधर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला का कहना है कि जब उनके संज्ञान में मामला आयेगा तो वह जांच करायेगे। उनका तर्क है कि टेंडरों की आपत्ति करना अधीक्षण अभिंयता का होता है उनके संज्ञान में आने के बाद ही टेंडर खोले जाते है। इसके पहले भी जो टेंडर खोले गये थे उनमे भारी शिकायते आयी थी चीफ इंजीनियर आरके तिवारी ने मामले को संज्ञान में लिया था मगर कोई कार्यवाही नही हुई है जिससे एक्शियन के हौसले बुंलंद होते जा रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के तत्वाधान में हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन



▸ 25 से 29 सितंबर 2024 के मध्य लखीमपुर नगर में बाजपेई कॉलोनी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के बाजपेई कॉलोनी नगर मे दिनांक 25 से 29 सितंबर के मध्य आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के तत्वधान में एक हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन हुआ।

उपरोक्त कार्यक्रम में आर्ट ऑफ़ लिविंग की शिक्षिका नीति अग्रवाल के कुशल निर्देशन में शिविर में आए हुए लोगों को महत्वपूर्ण सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया गया।

शिक्षिका नीति अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में विशेष प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया और अन्य श्वास तकनीके जो मन और शरीर को ऊर्जा व आराम देती हैं तथा दैनिक जीवन शैली में होने वाले तनाव और बेचैनी को कम करती है, का प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षिका नीति अग्रवाल ने कहा कि योग व सुदर्शन क्रिया द्वारा कोई भी मनुष्य जीवन शैली में बदलाव लाकर स्वाभाविक रूप से प्रसन्नता के साथ आनंदपूर्वक जीवन यापन कर सकता है। उन्होंने प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह न्यूरो साइंटिफिक तकनीक से नर्वस सिस्टम को सक्रिय करती है जिससे मनुष्य को चिंता दूर करने और मन को शांत करने में मदद मिलती है साथ ही बुद्धि को संतुलित करके जीवन को शांतिपूर्ण बनाया जा सकता है। इस शिविर में रितेश भसीन, पूजा अग्रवाल, श्वेता गुप्ता, शिखा सोनी, अर्चना अग्रवाल, पल्लवी गुप्ता, इंदु गुप्ता इत्यादि ने सक्रिय सहभागिता की और सुदर्शन क्रिया का लाभ लिया।

## पढ़ुआ थाना क्षेत्र में अराजक तत्वों ने गौकशी की घटना को दिया अंजाम

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के चंदपुरा गांव के पड़ोस में स्थित एक गन्ने के खेत में अराजक तत्वों ने गौकशी की घटना को अंजाम दिया है। सूचना पर पहुंची पढ़ुआ पुलिस ने सभी गवंशीय पशुओं के अवशेषों को कब्जे में लेकर जेसीबी की सहायता से दफना कर अज्ञात गौकशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। रविवार की सुबह पढ़ुआ थाना क्षेत्र में ढखेरवा सिसैया हाइवे के किनारे स्थित चंदपुरा गांव के पड़ोस स्थित एक खेत में दो गौवंशीय पशुओं के सिर पैर सहित अन्य अवशेष मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया, सूचना पाकर परौरी निवासी गौरक्षक रिन्कू पान्डे उर्फ धर्मेन्द्र कुमार घटना स्थल पर पहुंचे, जिन्होंने पढ़ुआ थाना पर सूचना दी। सूचना पर दल बल के साथ पहुंचे इंस्पेक्टर हरिकेश राय ने गौवंशों के अवशेषों को कब्जे में लेकर जेसीबी की मदद से वही दफना कर, अज्ञात गौकशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। इंस्पेक्टर हरिकेश राय की सूझ बूझ और सजगता से गौकशी की घटना से खराब हुए माहौल को शांत कर इलाके में गस्त को और चुस्त दुरुस्त करने के लिए सभी मातहतों को निर्देशित किया, साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिरों को चौकन्ना कर दिया है।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिन पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



▸ जिनके हांथों से तिरंगा न सम्भाला जाए, ऐसे नेताओं को संसद से निकाला जाए
▸ देश के विभिन्न शहरों से आये कवियों ने किया काव्यपाठ

शहीद ऐ आजम भगत सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पड़रिया तुला के शहीद स्मारक स्थल पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में अलग अलग शहरों से आये श्रंगार,हास्य व वीर रस के नामचीन कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं से समा बांध दिया। जिससे देर रात तक श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंजता रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिजात मिश्रा भाजपा प्रदेश मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद कवि सम्मेलन में सर्व प्रथम सिदार्थनगर से आई पूनम मिश्रा ने मां शारदे को याद करते हुए

हे मां शारदे वरदान दें,मां लेखनी को धार दें,मां ध्यान में तू ज्ञान में विज्ञान में मां प्राण में है तू जिसके बाद गोला से आये वीर रस के कवि कनक तिवारी ने पढ़ा प्रभंजन शक्तिधारी व्यक्तियों से डर नही सकता, कोई तालाब दुनिया का समंदर भर नहीं सकता, महज यह रस्म है इसको निभाना भी जरूरी है, अमर यह सत्य है अपना भगत सिंह मर नही सकता। हास्य कवि ने नर कंकाल वीर तुम पिछड़ चलो, सामने बदार हो गर्ग हैं कटार हो करता दुराचार हो तेरी जो पुकार हो वीर तुम सिकुड़ चलो गांधी नेहरू सुभाष उगा गए जो हरी घास,चारा सब खा गए गदहा सब बैठे उदास।

जिसके बाद श्रंगार के कवि नवल सुधांशु ने पढ़ा सारी नफरत व तफर के मिटाने आये है, बात ये है पते की तो बताने आये हैं, रूठ कर हो बैठे हो तुम ऐसे हामिद की तरह जैसे हम राम का मन्दिर बनाने आये हैं। हासिम फिरोजाबादी ने पढ़ा जिनके हांथो से तिरंगा न सम्भाला जाए ऐसे नेताओं को संसद से निकाला जाए। बहुत सही समझती है खुद को वो लड़की। मुझे कसम है कि पागल बना के छोड़ूंगा। में अपने मुल्क की अमनो सलामती के लिए हर एक हिन्दू मुसलमा के हाँथ जोड़ूंगा। इसके अलावा कवित्री रंजना हया व ओमपाल सिंह निडर ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके अनुपम अवस्थी, उमाशंकर मिश्रा,विंग कमांडर धनन्जय सिंह,जसपाल सिंह पाली, जयप्रकाश मिश्रा, गुड्डू खन्ना, शरद मिश्रा, कोबरा कमांडो ओमकार सिंह, डॉक्टर सत्येंद्र यादव,धीरेन्द्र यादव, राहुल नयन, मानिक मिश्रा, सुल्तान खान, अंकित त्रिवेदी,पीके यादव, रामजीत सिंह, दिनेश गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# विशाल सत्संग आयोजित, सैकड़ों ने ली दीक्षा

▸ पितरों को पूजने वाले पितरों को प्राप्त होते हैं : भगवत गीता

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के भोगी पुरवा में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का विशाल मासिक सत्संग जी, वेद, कुरान, बाइबल, पुराण, रामचरित मानस आदि से प्रमाणित सम्पन्न हुआ जिसमे जनपद लखीमपुर के सभी ब्लाकों से जगतगुरु संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जगतगुरु तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी ने बताया कि गीता जी अध्याय 9 श्लोक 25 में कहा है कि देवताओं को पूजने वाले देवताओं को प्राप्त होते हैं, पितरों को पूजने वाले पितरों को प्राप्त होते हैं, भूतो को पूजने वाले भूतो को प्राप्त होते हैं। गीता जी अध्याय 6 श्लोक 16 में लिखा है कि हे अर्जुन यह योग अर्थात भक्ति न तो बहुत खाने वाले को और न बिलकुल खाने वाले को न एकांत स्थान पर आसन लगाकर साधना करने वाले का तथा न बहुत शयन करने के स्वभाव वाले का और न सदा जागने वाले का ही सिद्ध होता है। जिला कार्डिनेटर रविकुमार ने बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी की सभी तहसील में जगतगुरु तत्वदर्शी सन्त रामपाल जी महाराज के अनु?याई है और सन्त रामपाल जी महाराज द्वारा बताई गई शास्तानुकुल भक्ति करके दहेज लेनदेन, नशा, घूसखोरी, जाति पाती आदि को पूर्ण रूप से समाप्त कर अपना सुखमय जीवन यापन कर रहे है। आज कई लोगो ने सन्त रामपाल जी महाराज के नियमो का पालन करते हुए संत रामपाल जी महराज जी से नाम दीक्षा ग्रहण की, जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज द्वारा सभी सामाजिक कुरीतियां खत्म कर एक स्वच्छ समाज तैयार कर रहे हैं।

# डबल डेकर बस पुलिस की कस्टडी में

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




कोतवाली धौरहरा रविवार सुबह दस बजे के लगभग सिसैया ढखेरवा हाइवे से धौरहरा कोतवाली पुलिस ने ब्लू हार्स की डबल डेकर बस को कब्जे में लेकर खड़ा करा लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग दस बजे के करीब धौरहरा कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सिसैया ढखेरवा हाइवे से ब्लू हार्स की डबल डेकर U P 81सीटी9034 बस को पकड कर कस्टडी में खडी कराई गई है। इस मामले में उप निरीक्षक ने उपरोक्त बस पर अप्रैल माह में धारा 304-A में कार्रवाई की बात कही।

# इलाज के लिए सीएचसी गोला भेजा गया वन्य जीव के हमले में घायल युवक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी की मोहम्मदी रेंज की महेशपुर बीट के अन्तर्गत लन्दनपुर ग्रन्ट के ग्राम भदैया में तेजराम पुत्र सोहन पर वन्यजीव द्वारा हमला कर घायल करने की सूचना प्राप्त हुयी। सूचना पर तत्काल वन विभाग के कर्मचारी घटना स्थल पहुंचे। घास काटने गए तेजराम पर वन्यजीव द्वारा हमला कर घायल किया गया था। घायल तेजराम को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला ले जाया गया। उधर घटना स्थल की सघन कॉम्बिंग करायी गयी। घटना स्थल के चारों ओर वृहद रूप से गन्ने की खेती की जाती है। घने गन्ने की कॉम्बिंग में थर्मल ड्रोन का सहयोग लिया गया किन्तु क्षेत्र में किसी वन्यजीव की उपस्थित नहीं मिली। क्षेत्र में किसी वन्यजीव के स्पष्ट पगमार्क नहीं नहीं मिलें हैं। सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय निवासियों को सर्तक किया गया है। लोगों को क्षेत्र में समूह बनाकर जाने की सलाह दी गयी है। वनकर्मियों को क्षेत्र में सतत् निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया है।

बाघ प्रभावित क्षेत्र ग्राम घरथनियां बघेल, हरैया, इमलिया, मूड़ा अस्सी, मूडा जवाहर, बघमरा, पिपरा रायपुर मड़िया जवाहर में कांम्बिंग करायी जा रही है। कॉम्बिंग में थर्मल ड्रोन की सहायता ली जा रही है। गत 2 दिवसों से हुयी बारिश के कारण रेस्क्यू अभियान प्रभावित हुआ है किन्तु बाघ प्रभावित क्षेत्र में वनकर्मियों की टीमें निरन्तर निगरानी बनाये हुयें हैं। रेस्क्यू करने हेतु डा0 दीपक कुमार, पशु चिकित्सक कर्तनियाघाट वन्यजीव प्रभाग एवं डा0 दया शंकर, पशुचिकित्सक अपनी टीम के साथ क्षेत्र में उपस्थित हैं।

मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के दृष्टिगत बाघ प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। क्षेत्र में ग्रामीण वासियों को वनकर्मी पम्फलेट वितरण, पोस्टर चस्पा कर जागरूक कर रहे हैं। वन्यजीव के गन्ने के खेतों में छुपे होने की संभावना होने पर वन विभाग की टीमें निरंतर गश्त कर रहीं हैं साथ ही खेतो पर समूह बनाकर जाने की सलाह दी जा रही है।

## खेत में उड़द तोड़ने गए युवक पर बाघ ने किया हमला

▸ शरीर पर कई जख्मों के निशान

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** वनरेंज महेशपुर में शनिवार को खेतों में काम करने गए एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया। किसी तरह भीड़ भाड़ व लोगों के शोर मचाने पर बाघ युवक को छोड़कर खेतों की ओर भाग गया। बता दें कि थाना हैदराबाद के ग्रंट लंदनपुर पन्नापुर निवासी विपिन कुमार पुत्र दिनेश खेतों में उड़द तोड़ने गया था। उसी दौरान कठिना नदी के पास बाघ ने पीछे से विपिन पर हमला कर दिया। बाघ के हमले से युवक के शरीर, पीठ, गर्दन, हाथ पर गंभीर घाव हो गए। किसी तरह से वह जान बचाकर वहां से भाग सका। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए सीएचसी गोला लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां युवक का उपचार जारी है।

# विश्व हृदय दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हृदय के अवसर पर सीएचसी गोला पर अधीक्षक के निर्देशानुसार विश्व हृदय दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें एवं एनसीडी स्क्रीनिंग कर लोगों को हृदय संबंधी बीमारी पर जागरूकता किया गया।

इस वर्ष की थीम 卐व्यक्तियों को अपने हृदय स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने के लिए सशक्त बनाना卐 विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। सीएचसी अधीक्षक द्वारा बताया गया कि हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ड डे मनाया जाता है, ताकि लोगों को दिल की बीमारी के बारे में जागरूक किया जा सके। दिल की बीमारी आज बुढ़ापे का रोग नहीं है। युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। दुनिया में हर साल लाखों लोग हृदय रोग की वजह से मृत्यु के शिकार हो जाते हैं। इसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर सीएचसी गोला के चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि कोलेस्ट्रोल का बढ़ना, धूम्रपान, शराब पीना, अत्यधिक तनाव अनुवांशिकता मोटापा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग के कारण है। हृदय रोग से बचने के लिए अपनी लाइफ स्टाइल को ठीक करना बेहद जरूरी है। इसमें जैसे खाने में जंक फूड, मैदा से बने फूड, ज्यादा तले भुने भोज्य पदार्थों का सेवन न करें, नियमित संतुलित आहार लें, तंबाकू, शराब, बीड़ी, सिगरेट का प्रयोग ना करें, मानसिक तनाव न लें, नियमित व्यायाम एवं योग करें। एक उम्र के बाद नियमित रूप से बॉडी चेकअप करवाना जरूरी हो जाता है। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार, डॉ अजय कुमार वर्मा, डॉ देवराज वर्मा, फार्मासिस्ट विवेक शर्मा, एनसीडी स्टाफ नर्स जावित्री देवी, एनसीडी काउंसलर मंजीत सिंह स्टाफ नर्स रीना बाला, स्टाफ नर्स शशि, स्टाफ नर्स शैलेश ,सहित तमाम सी.एच.सी स्टाफ उपस्थित रहे।




# चोरों ने लाखों का माल किया पार, छानबीन में जुटी पुलिस

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रात दिन केंद्रीय सुरक्षा बल की कड़ी चौकसी में रहने वाली एनटीपीसी कालोनी में चोरों ने लगातार दूसरी रात बड़ी घटना को अंजाम देकर पूरी सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। दूसरी रात भी ताला तोड़कर चोरों ने एक आवास से लाखों रुपए कीमत का सामान और नगदी को पार कर दिया है। घटना के समय गृह स्वामी नाइट ड्यूटी पर था। यह घटना एनटीपीसी के आवासीय परिसर स्थित आवास संख्या टाइप द्वतीय 462 में हुई है। इससे पहले शुक्रवार की रात आवास संख्या टाइप तृतीय 146 में ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का माल पार किया था। इस घर से चोर पानी की टोटी तक खोल ले गए थे। उसके बाद शनिवार की एनटीपीसी के अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर तैनात सतीश कुमार के घर को निशाना बनाया।

सतीश रात में ड्यूटी पर थे। रविवार की सुबह सात बजे जब वह ड्यूटी समाप्त करके अपने आवास पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ देखकर दंग रह गए। चोरों ने ताला तोड़कर उनके घर के सारे लाकर तोड़ डाले और घर से करीब 17 हजार रुपए नगद, सोने की दो अंगूठी और अन्य कीमती सामान उठा ले गए है।

चोरी गए कुल समान की कीमत करीब तीन लाख रुपए बताई जाती है। लगातार दूसरी रात हुई चोरी की वारदात से एनटीपीसी आवासीय परिसर में सनसनी फैल गई है । चोरी की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।

# सुरक्षा बलों ने मानव तस्कर के चंगुल से नाबालिग को कराया मुक्त

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

▸ भारत-नेपाल सीमा पर आरोपी गिरफ्तार
▸ रूपईडीहा थाने में सुसंगत धाराओं में दर्ज हुआ मामला

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के रूपईडीहा क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के निकट भारतीय सुरक्षा बलों ने एक नेपाली नाबालिग लड़की को कथित मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 42वीं बटालियन के उप कमांडेंट दिलीप कुमार ने रविवार को बताया कि शुक्रवार देर रात खुफिया सूचना के आधार पर, रूपईडीहा (नेपाल-भारत सीमा) में व्यापार और पारगमन मार्ग पर स्थित चौकी पर जांच के दौरान एक नेपाली लड़की व उसके साथी भारतीय युवक को रोका गया।उप कमांडेंट ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि काफी गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली लड़की नाबालिग है और नेपाल के दैलेख कस्बे के एक गांव की निवासी है। उन्होंने बताया कि उसे लेकर आया मुस्लिम नामक भारतीय युवक उत्तर प्रदेश के लखीमपुर कस्बे के बड़ा गांव मनखड्डा का रहने वाला है। लखीमपुर नेपाल सीमा के निकट है। उन्होंने बताया कि भारतीय गैर सरकारी संगठन मानव सेवा संस्थान, सशस्त्र सीमा बल, उत्तर प्रदेश पुलिस की मानव तस्करी रोधी इकाइयां और बहराइच के रूपईडीहा थाने के पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई गहन पूछताछ के बाद पता चला कि लखीमपुर जिले का निवासी भारतीय युवक उक्त नाबालिग लड़की को नेपाल से लेकर आया था। सुरक्षा बलों को संदेह हुआ कि यह मामला मानव तस्करी से संबंधित हो सकता है। इसके बाद, नाबालिग लड़की और आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए रूपईडीहा थाना पुलिस को सौंप दिया गया।

रूपईडीहा थाने में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। नाबालिग लड़की को बहराइच के वन स्टाप सेंटर में रखा गया है।

# खरगापुर में सड़क, बिजली, जल निकासी जैसी कई समस्याओं को लेकर लोगों में आक्रोश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** गोमतीनगर स्थित खरगापुर में स्थानीय लोगों ने रविवार को समस्त जन कल्याण समिति की अगुवाई में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में सड़क, बिजली, जलनिकासी और आवागमन से संबंधित समस्याओं को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की गई।

बैठक में शामिल लोगों ने शासन-प्रशासन के खिलाफआक्रोश जताते हुए कहा कि खरगापुर में एक भी रास्ता चलने लायक नहीं रह गया है। प्रतिनिधियों ने बताया कि सभी सड़कें जल निकासी की कमी के कारण टूटकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। बारिश के दिनों में ये गड्ढे और भी बढ़ जाते हैं। इससे लोगों को आवागमन में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन गड्ढों में अक्सर ऑटो रिक्शा पलटने की घटनाएं हो रही हैं। इसके कारण लोग घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने नगर आयुक्त, पीडब्लूडी और डीएम को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग की है। बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस स्थिति से आक्रोशित होकर उन्होंने बैठक में सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। लोगों ने कहा कि शासन-प्रशासन कान में तेल डालकर सो रहा है और इधर लोगों की दिक्कतें बढ़ रही हैं। बैठक में उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर सभी से संघर्ष के लिए आगे आने का आह्वान किया। बैठक में तय हुआ कि जब तक संघर्ष नहीं किया जाएगा तब तक प्रशासन की नींद नहीं खुलेगी। उन्होंने कहा कि अगर यह समस्याएं जल्द ही नहीं सुलझाई गई तो वे सड़क पर उतरने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

▸ अंडरपास व ओवरब्रिज के लिए दी आंदोलन की चेतावनी

## पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने चौपाल में सुनी जनसमस्याएं

**लखनऊ/फिरोजाबाद ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को अपने कैंप कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याओं को न केवल सुना, बल्कि कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय से समस्याओं का निस्तारण करें। जनसुनवाई के दौरान उनके समक्ष आई पेंशन, राजस्व तथा कानून से जुड़ी शिकायतों पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही को कहा। पर्यटन मंत्री ने सभी समस्याओं को पूरी गंभीरता के साथ सुनने के बाद उपस्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार इत्यादि से जनता की समस्याओं को शीघ्रता से दूर करने की बात कही।

# ट्रेड शो में दीदियों के उत्पादों को मिली ग्लोबल पहचान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेन्टर एवं मार्ट में इंटरनेशनल ट्रेड शो में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण



आजीविका मिशन द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सभी 75 जनपदों में गठित समूहों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन समूह के द्वारा बनाए गए उत्पादों का प्रदर्शन एवं उसका विपणन भी इस ट्रेड शो में किया गया। आजीविका मिशन के स्टालों पर पर भारी भीड़ रही। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि इस ट्रेड शो में आने वाले समूह की दीदियों को उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों के विपणन हेतु एक बहुत अच्छा अवसर प्राप्त हुआ एवं उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को एक अच्छा बाजार मिलने की भी संभावना बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि इससे दीदियों के उत्पादों के व्यापार व सम्भावनाओं के मामले में ग्लोबल पहचान मिली है।

अंतिम दिवस राकेश सचान कैबिनेट मंत्री एमएसएमई द्वारा इस ट्रेड शो का समापन किया गया इसके पूर्व मंत्री द्वारा समूहों तथा हस्तशिल्पियों, प्रतिभाग करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया।

आजीविका मिशन की तरफ से संयुक्त मिशन निदेशक अरविंद कुमार तथा जय बाला जी वृद्धा महिला स्वयं सहायता समूह, जनपद उन्नाव को ट्रेड शो में उत्पादों की सर्वाधिक बिक्री होने पर तृतीय स्थान प्राप्त होने के पर सम्मानित किया गया।

### देश-दुनिया के सामने प्रदर्शित किया गया दीदियों का हुनर

देश, दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के हुनर को प्रदर्शित किया गया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन आज यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के अंतिम दिन इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचे लोगों ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं समूह गठन की प्रक्रिया, टेक होम राशन, बीसी सखी, विद्युत सखी एवम बालिनी आदि के संबंध में उत्साहपूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा मिशन से जुड़ने की इच्छा प्रकट किया। समूहों द्वारा उत्पादित उत्पाद मसाले, मुरब्बा, अचार, परिधान, जरी जरदोजी आदि का क्रय भी बड़ी मात्रा में किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बढ़ई महासभा ने किया सत्ता में हिस्सेदारी की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय बढ़ई महासभा के द्वारा सहकारिता भवन, लखनऊ मे एक विशाल महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस विशाल महासम्मेलन का उद्घाटन अनिल विश्वकर्मा ने किया और अध्यक्षता विश्राम शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय बढ़ई महासभा के द्वारा किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि इंद्रजीत सिंह पौत्र ज्ञानी जैलसिंह पूर्व राष्ट्रपति भारत सरकार,अति विशिष्ट अतिथि गण पी सी शर्मा उद्योगपति दिल्ली, रामसूरत राजभर सदस्य विधान परिषद, जगदीश मिश्र उर्फबाल्टी बाबा चेयरमैन राज्य मंत्री, हीरा ठाकुर राज्य मंत्री, मनीष गुप्ता राज्य मंत्री, जितेंद्र पाल सिंह बग्गा, श्रीराम शर्मा, संजय धीमान बिजनौर, रामेश्वर कुशवाहा प्रबंधक, रामलाल सूतिहार नेपाल, राजा रतन सिंह,रामधनी शर्मा प्रधान, अति विशिष्ट अतिथि एनपी सिंह कुशवाहा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कुशवाहा सख्त सैनी महासभा भारत, राजवीर विश्वकर्मा राष्ट्रीय संरक्षक, पूर्व विधायकसतीश गौतम जी, रामेश्वर कुशवाहा प्रबंधक, मनोरंजन कुशवाहाजी प्रबंधक, जेपी वर्मा, आरसी शर्मा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पंकज यादव, विनोद शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी एडवोकेट दुर्गेश विश्वकर्मा थे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके व दीप प्रज्वलित करके किया गया।

### खराब मौसम से लखनऊ में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में लगातार तीन दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। शनिवार रात कई इलाकों में तेज बारिश हुई। रविवार सुबह भी रिमझिम बारिश हुई। दिन में बादल छाए हैं। खराब मौसम की वजह से अमौसी एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स को रि-शेड्यूल करना पड़ा। एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि लखनऊ में दिन भर काले बादल छाए रहेंगे और बारिश होगी। कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होगी। इस दौरान शहर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा।

### लोकदल कार्यालय में सदस्यता व संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में आज सदस्यता एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन हुआ! पार्टी कार्यालय में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को राजनीति में आना चाहिए ! प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोथित करते हुए श्री त्यागी ने कहा कि हम एनडए की सरकार में शामिल है! पहले हम सड़क पर आंदोलन करते थे अब सरकार में रहकर काम कर रहे है! महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तराखंड, दिल्ली में हमारा संगठन तैयार हो रहा है! हम लोगो को पूरे प्रदेश में जागृत कर रहे है, हम कश्मीर में चुनाव लड़ रहे है! हमने उत्तरप्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है, मानसून में ओलावृष्टि से जो किसानों को नुकसान हुआ है उन्हें मुआवजा दिया जाए! गांव,किसान,गरीब की लड़ाई चौधरी चरण सिंह लड़ते थे! आगे का भाविष्य जयंत चौधरी का है! सदस्यता ग्रहण करने वालो में मुख्य रूप से प्रीति कश्यप,सुरेश चंद् श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव,सुरेश कश्यप, विवेक चौधरी, नीरज उपाध्यय, ललित त्रिपाठी व अन्य लोगो ने आज राट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी की नीतियों पर भरोसा जताया।

### अधिकारों के लिए सड़क पर उतरे ट्रांसजेंडर, निकाला जुलूस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अपने हक के लिए देशभर के लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल एंड ट्रांसजेंडर (एलजीबीटी) ने रविवार को लखनऊ में प्राइड वॉक की। इस मौके पर उन्होंने नाचते-गाते जुलूस निकाला और अपने हक में जमकर नारेबाजी की। बारिश के बावजूद समलैंगिकों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। प्राइड मार्च लोहिया चौराहे से शुरू होकर 1090 चौराहे पर खत्म हुआ। शिव ट्रांसजेंडर फाउंडेशन और ट्रांसजेंडर गौरव यात्रा समिति की तरफसे इसका आयोजन किया गया। सरकारी योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, कौशल विकास, शिक्षा और ट्रांसजेंडर समुदाय को जागरूक करने के लिए मार्च निकाला गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किन्नर समाज और आम जनमानस में सामंजस्य स्थापित करना है। मार्च में शामिल ट्रांसजेंडरों ने कहा कि हम भी इसी समाज का हिस्सा हैं। हमें गलत नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। दुनिया हमें भी प्यार दे और हमसे प्यार ले। रैली में लोगों से साफसफाई स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान सेलिब्रिटी एलेक्स मयबेलिना, एकता महेश्वरी, मास्क द रॉक बैंड के कबीर राजपूत, आदित्य अग्रहरी की तरफसे सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

### जान से मारने की दी धमकी, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के तेलीबाग इलाके में जमीन विवाद को लेकर एक मामला सामने आया है। स्वामी रामतीर्थ सहकारी आवास समिति के सचिव गणेश प्रसाद तिवारी द्वारा थानाध्यक्ष बिजनौर को दी गई तहरीर के अनुसार, समिति की संपत्ति को लेकर गहरी साजिश रची गई है। तहरीर में बताया गया कि समिति ने वर्ष 1986 में गंगाराम नामक व्यक्ति से करीब 0.2310 हेक्टेयर और 0.8220 हेक्टेयर भूमि का विक्रय अनुबंध किया था। इस अनुबंध के तहत गंगाराम को 2,10,000 रुपए का भुगतान किया गया था। हालांकि, अनुसूचित जाति से होने के कारण उन्हें भूमि बेचने के लिए जिलाधिकारी से अनुमति लेनी थी, जो नहीं ली गई। बावजूद इसके समिति ने जमीन पर कब्जा बनाए रखा। समिति का दावा है कि गंगाराम ने बिना किसी सूचना के भूमि का बैनामा किसी अन्य सहकारी समिति को कर दिया था, जिसकी जानकारी उन्हें 2015 में खतौनी निकालने पर मिली। इस मामले में गंगाराम और उनके बेटों रामलाल व श्यामलाल के खिलाफकेस दर्ज है। गंगाराम की मृत्यु के बाद उनके बेटों को मामले में पक्षकार बनाया गया। समिति का आरोप है कि यह अनुबंध गलत दस्तावेजों पर आधारित है और शिवकुमार नामक व्यक्ति के षडयंत्र का हिस्सा है, जो इस पूरे विवाद का मुख्य सूत्रधार है। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद राणा ने बताया कि मुकदमा लिखा गया है या मुकदमा कोर्ट के आदेश पर लिखा गया है जांच कर आगे की अग्रिम विधि कार्रवाई की जा रही है।

### निर्विरोध चुनाव में अध्यक्ष महेंद्र तिवारी, कैलाश बने महासचिव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखंड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को हिंदी संस्थान के निराला सभागार में चुनाव अधिकारी बनारसी प्रसाद की देखरेख मे सम्पन्न हुआ। निर्विरोध संपन्न हुए चुनाव में निम्न कार्यकारणी गठित हुई। जिसमे अध्यक्ष महेंद्र तिवारी, महासचिव कैलाश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र भीष्म, उपाध्यक्ष सुरेंद्र अग्निहोत्री, डा के पी प्रजापति ,बृजेंद्र लिटोरिया, जितेंद्र तिवारी, अनीता जैन, कोषाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव अर्चना गुप्ता, प्रचार सचिव आलोक जैन, लेखा परीक्षक रजनी विश्वकर्मा, सचिव योगेश चौहान, लखन द्विवेदी, सुधीर गुप्ता एवं दस सदस्य निर्विरोध चुने गए। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दी एवं एकजुट होकर संस्था को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। आम सभा में वरिष्ठ सदस्य श्री एवं बुंदेलखंड संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### जैन समाज ने किया अग्रवाल शिक्षा संस्थान की नई कमेटी का स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जैन समाज ने अग्रवाल शिक्षा संस्थान के नवनिर्वाचित पदाधिकारी गणों एवं सम्मानित सदस्यों को सम्मानित किया गया। अग्रवाल कॉलेज मोती नगर में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में जैन समाज के संरक्षक कैलाश चंद जैन सराफा, आदिश जैन सराफा चौक, रितेश जैन पुस्तक वाटिका इंदिरा नगर, बृजेश जैन बंटी आशियाना, अंकित जैन आशियाना तथा व्यापारी नेता तथा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने स्वागत किया है। इसमें महेश मित्तल और प्रदेश प्रदीप कुमार अग्रवाल, अग्रवाल शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष लोकराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष पवन कुमार गोयल, हरीराम अग्रवाल और मदन गोपाल गुप्ता, मनोज कुमार हवेलिया मंत्री, राजीव अग्रवाल कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री मनीष अग्रवाल, शिक्षा मंत्री नीलेश अग्रवाल श्टाटाश् आशीष अग्रवाल, सुधीर हलवासिया, मीडिया प्रभारी सुधीश गर्ग मौजूद रहे। इसमें सभी 37 प्रत्याशियों का स्वागत हुआ।

# पीएम की प्रेरणा से जन आंदोलन बना एक पेड़ मां के नाम अभियान : योगी

**मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने की उत्तर प्रदेश की सराहना, सीएम योगी ने जताया आभार**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो प्रसारण कार्यक्रम मन की बात में एक बार फिर उत्तर प्रदेश की सराहना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश की वृक्षारोपण उपलब्धियों से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए प्रदेश की तारीफ की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मन की बात कार्यक्रम के उपरांत अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 26 करोड़ से अधिक पौधरोपण का जिक्र किया है। मुख्यमंत्री ने इसे धरती माता के प्रति जिम्मेदारी और प्रेम का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा और प्रदेश सरकार के प्रयासों से यह अभियान एक जन आंदोलन बना, जिसमें ग्रामीण पंचायतों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक सभी ने भाग लिया। स्कूल, कॉलेज और स्थानीय संगठनों की भागीदारी से इस पहल को एक नई ऊंचाई मिली है। सीएम योगी ने पोस्ट में यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 3 अक्टूबर को अपने सफलतम 10 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश को एक सूत्र में बांधने और आम जनता को राष्ट्रीय और सामाजिक कार्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बना है। मन की बात ने स्वच्छता, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और युवा उत्थान जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्षों की पूर्णता का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री और समस्त स्वच्छता प्रहरियों को बधाई दी। उन्होंने इस मिशन को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित बताते हुए कहा कि इसने जन-जन के अंदर स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान के साथ जुड़े रहें और प्रधानमंत्री की स्वच्छता मंशा के अनुरूप सशक्त और समर्थ भारत के निर्माण के लिए संकल्प लें। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए पोस्ट किया कि देशवासियों को पर्व और त्योहारों में स्वदेशी सामानों की खरीदारी करनी चाहिए।

### मोदी-योगी सरकार किसानों के लिए बिना भेदभाव कर रही है काम

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किसान मोर्चा की ओर से एक सम्मेलन रविवार को कुंदरकी विधानसभा के लोटस बैंकेट हॉल में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि मोदी-योगी सरकार ने देश व प्रदेश के सभी किसानों के लिए बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। किसानों के लिए किसान निधि समय पर आ रही है तथा किसानों को हर फसल का उचित मूल्य मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि गन्ना किसानों का पेमेंट भी हर मिल द्वारा 14 दिन में किया जा रहा हैं। प्रदेश के किसान को सिंचाई के लिए फ्री बिजली उपलब्ध हो रही है। राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि मोदी-योगी सरकार हमेशा किसानहित फैसला लेती आ रही है। किसान सम्मेलन में क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, सुरेश सैनी, किसान मोर्चा जिलाअध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, पूर्व जिला मंत्री चौधरी हुकम सिंह, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, कमल प्रजापति, हर ज्ञान सिंह, चंद्रपाल सैनी, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, चकित चौधरी, नवीन चौधरी आदि रहे। संचालन किसान मोर्चा महामंत्री अनुज बिश्नोई ने किया।

# कांग्रेस व भाजपा को अपना वोट देकर इसे खराब न करें दलित : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस पर दलितों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि दलित समाज के लोग कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपना वोट देकर इसे खराब न करें। बसपा प्रमुख ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दलितों से यह अपील की। बसपा प्रमुख ने अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर शृंखलाबद्ध पोस्ट में कहा ''हरियाणा में विधानसभा चुनाव के वक्त भी कांग्रेस द्वारा दलितों की लगातार की जा रही उपेक्षा व तिरस्कार से यह साबित है कि पार्टी में जब अभी सब ठीक नहीं है तो आगे क्या होगा? ऐसे में दलित समाज के लोग कांग्रेस व भाजपा आदि को वोट देकर इसे खराब न करें...।

उन्होंने कहा, '' वैसे भी हमेशा आरक्षण विरोधी रही कांग्रेस के नेता अब आरक्षण को समय आने पर खत्म करने की बात करते हैं। मायावती ने कहा, '' अतः दलित अपना वोट बसपा को ही दें क्योंकि यही पार्टी उनके हित व कल्याण की सुरक्षा तथा संवैधानिक हक दिलाकर उन्हें शासक वर्ग बनाने के लिए लगातार संघर्षरत है।'' बसपा प्रमुख ने कहा, '' साथ ही जम्मू-कश्मीर में दलित वर्ग के लोगों को कांग्रेस, भाजपा व अन्य किसी भी गठबंधन के मिथ्या वादे व अन्य बहकावे आदि में नहीं आना है। इनके दलित विरोधी इतिहास को ध्यान में रखते हुए अपना कीमती वोट बसपा को ही दें।

हरियाणा में पांच अक्टूबर को मतदान होगा। वहीं जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, जहां पहले चरण में 18 सितंबर को 24 सीटों के लिए और दूसरे चरण में 25 सितंबर को 26 सीटों के लिए मतदान हुआ। तीसरे चरण का मतदान एक अक्टूबर को 40 सीटों पर होगा और वोटों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी।

# ड्रोन तकनीक के माध्यम से की जा रही मनरेगा के कार्यों की निगरानी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामोन्मुखी योजनाओं का क्रियान्वयन जहां बेहतर तरीके से किया जा रहा है, योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में कहीं घालमेल न होने पाये ,इसके लिए सतत् रूप से निगरानी किये जाने की व्यवस्था की गयी है। मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी व पैनी नजर रखने के भी सख्त निर्देश दिए गए हैं।

मनरेगा कार्यों की ड्रोन तकनीक से वीडियोग्राफी फोटोग्राफी कर निगरानी की जा रही है। राज्य मुख्यालय स्तर पर तैनात टीम द्वारा जनपदों में जाकर कार्यों की निरंतर ड्रोन तकनीक से वीडियोग्राफी फोटोग्राफी का कार्य किया जा रहा है। टीमें आजमगढ़, गाजीपुर व अम्बेडकरनगर का भ्रमण कर योजनांतर्गत किये गये कार्यों की निगरानी कर रही हैं। मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्यस्थलों पर निगरानी ड्रोन प्रणाली के माध्यम से भी की जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशो के क्रम में राज्य स्तरीय ड्रोन टीमों का उपयोग मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता के लिए नियमित निरीक्षण निगरानी के लिये किया जा रहा है। आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि इन तीनों जिलों के 5-5 विकास खण्डों की 20 -20 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2023-24 में मनरेगा के अन्तर्गत करायें गये सभी कार्यों की ड्रोन टीम से वीडियोग्राफी फोटोग्राफी कर निरीक्षण निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। ड्रोन टीमें निर्धारित रोस्टर के अनुसार दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। जिलों के मुख्य विकास अधिकारी को ड्रोन टीमों को सहयोग प्रदान करने हेतु अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देशों के क्रम में तीनों जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों ने खण्ड विकास अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

▸ आजमगढ़, गाजीपुर व अम्बेडकरनगर में ड्रोन तकनीक से परखी जा रही जमीनी हकीकत

## विश्व हिंदू रक्षा परिषद एक करोड़ सदस्य बनाएगा

**लखनऊ ।** राजधानी के गोमती नगर स्थित विश्व हिंदू रक्षा परिषद कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने विश्व हिंदू रक्षा परिषद की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर वाराणसी के शनि देव पीठाधीश्वर कन्हैया महाराज को धार्मिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने इस दौरान कहा कि यह समय है जब विश्वभर के हिंदुओं को संगठित होकर अपनी सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूक होना होगा। गोपाल राय ने बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं की घटती संख्या को गंभीर विषय बताया। उन्होंने केरला में मुस्लिम लीग पार्टी के द्वारा हिंदुओं के प्रति किए जा रहे खुले प्रदर्शन की निंदा करते हुए कहा कि यह देशहित में उचित नहीं है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मुंहतोड़ जवाब देने का आह्वान किया। गोपाल राय ने कहा कि भारत सरकार को क्रिकेट मैचों के दौरान भी इन मुद्दों पर विरोध प्रकट करना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि देव इंद्र भी नाराज होकर बरस रहे हैं ताकि मैच न हो सके।

# 50 मिट्रिक टन क्षमता वाले पोर्टेबल काम्पेक्टर ट्रांसफर का ऊर्जा मंत्री शर्मा ने किया उद्घाटन

▸ कचरा प्रबंधन में होगी सहुलियत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ के विनीत खंड-6 में लखनऊ स्वच्छता अभियान द्वारा लगभग 2.5 करोड़ की लागत से निर्मित 50 मिट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले पोर्टेबल कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन किया। इस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की मौजूदगी में किया गया। यह ट्रांसफर स्टेशन लखनऊ में कचरा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक कुशल और सुसंगठित बनाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। यह पोर्टेबल कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन ठोस कचरे के कुशल संग्रह और निपटान के लिए डिजाइन किया गया है।

इस अत्याधुनिक सुविधा की स्थापना से कचरे को सीधे स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में लगने वाला समय कम होगा और कचरे का निपटान भी अधिक प्रभावी तरीके से किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य लखनऊ को एक स्वच्छ, हरित और पर्यावरण अनुकूल शहर बनाना है। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि यह 50 मिट्रिक टन क्षमता वाला पोर्टेबल कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन लखनऊ की कचरा प्रबंधन क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इससे शहर में कचरा निपटान की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी होगी, जिससे नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा और हम स्वच्छता में नए मानक स्थापित कर पाएंगे। इससे न केवल कचरा प्रबंधन की दक्षता में वृद्धि होगी, बल्कि हमारे शहर के पर्यावरण को भी संरक्षित करने में मदद मिलेगी। यह कचरा प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण नवाचार है, जो लखनऊ की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगा। इससे लखनऊ नगर निगम की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन योजना को और अधिक मजबूती मिलेगी, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा और शहरवासियों को एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण मिलेगा।

इस अवसर पर नगर निगम लखनऊ एवं लखनऊ स्वच्छता अभियान के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और नगर निगम के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## मौसमगंज रामलीला में गणेश पूजन कल लीला मंचन दो से

**लखनऊ ।** राजधानी की प्रसिद्ध 145 वर्ष पुरानी श्री मौसमगंज रामलीला एवं नाट्य समिति डालीगंज इस वर्ष की रामलीला का मंचन 1 अक्टूबर से करने जा रही है जो 13 अक्टूबर तक चलेगा। समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि 1 अक्टूबर को मंच पूजन व श्री गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी और रामलीला मंचन 2 अक्टूबर से होगा। दो अक्टूबर को शिव पार्वती संवाद, रावण अत्याचार, राम जन्म लीला से लेकर जानकी जन्म लीला का मंचन होगा। उन्होंने बताया कि इस बार शिवकुमार वर्मा के निर्देशन, राजेश त्रिपाठी के उपनिर्देशन तथा पीयूष कुमार निगम के लीला संचालन में रामलीला का मंचन होगा। उन्होंने बताया कि इस बार रामलीला को और आकर्षक बनाने के लिए काफी बदलाव किए गए हैं।

**अवसर** | उद्यमियों ने की यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के बेहतरीन आयोजन के लिए योगी सरकार की तारीफ

# उद्यमियों के सपनों को योगी सरकार ने दिया नया आसमान

▸ उद्यमियों को भूटान, श्रीलंका, दुबई जैसे देशों से मिले बड़े ऑर्डर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा।** पल्लवी शर्मा पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आईं। अपनी बुआ और छोटे बेटे के साथ लखनऊ से बाहर पहली बार किसी ट्रेड शो में स्टॉल लगाया अपने व्यवसाय को बड़ा करने का सपना लेकर ट्रेड शो पहुंची पल्लवी को भूटान, श्रीलंका, दुबई से आर्डर मिले। अकेले पल्लवी ही नहीं, यूपी के विभिन्न जिलों के सैकड़ों उद्यमियों के सपनों को योगी सरकार ने नया आसमान दिया है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो ने छोटे उद्यमियों के लिए न केवल देश के विभिन्न शहरों बल्कि विदेश में कारोबार का रास्ता खोला है। पल्लवी शर्मा ने बताया कि देश के विभिन्न शहरों के कारोबारियों ने उनके बिजनेस में दिलचस्पी दिखाई है। क्रेरी भी खूब आई हैं। ऑर्डर भी खूब मिले हैं। अधिक खुशी तब हुई जब दुबई, श्रीलंका और भूटान सरीखे देशों के कारोबारियों ने दिलचस्पी दिखाई।

फिरोजाबाद के ग्लास वेयर उद्यमी प्रतीश कुमार ने बताया कि पांच दिवसीय ट्रेड शो पूरी तरह सफल रहा। इन पांच दिनों में स्टॉल पर देशी-विदेशी कारोबारी आए।

प्रतीश की मानें तो ऑर्डर बहुत ज्यादा मिला है। हमारा प्रोडक्शन उतना नहीं है, जितने का ऑर्डर मिला है। इस वजह से डिलीवरी में भी देरी होने की संभावना है। पिछले ट्रेड शो के मुकाबले इस बार अधिक ऑर्डर मिलने से प्रतीश की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### 15 लाख तक की बुकिंग हुई

मुरादाबाद के कारोबारी वीरेश गोस्वामी ने बताया कि उनका होम डिकोर और फर्नीचर का कारोबार है। ट्रेड शो में आने से उनके कारोबार को बहुत फायदा हुआ। देश के विभिन्न इलाकों से आए खरीदारों और दुकानदारों संग बातचीत का मौका मिला तो ब्रांड को भी नई पहचान मिली। बकौल वीरेश 6 लाख तक के ऑर्डर मिल चुके हैं। 15 लाख तक की बुकिंग हुई है, जिसे आगे चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा।

### ट्रेड शो से ब्रांड को मिली पहचान

ग्रेटर नोएडा की उद्यमी गुरिंदर कौर पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शामिल हुई थीं। गुरिंदर कौर का फुलकारी, हैंडप्रिंट्स शूट्स का काम है। गुरिंदर ने बताया कि ट्रेड शो ब्रांड के प्रमोशन के लिहाज से बहुत ही बेहतरीन प्लेटफॉर्म साबित हुआ। एक ही छत के नीचे उत्पाद बेचने की जगह तो मिली ही, देशी-विदेशी कारोबारियों संग साझेदारी का भी मौका मिला।

### लगातार होना चाहिए आयोजन

बागपत के दिलशाद अली का होम फिनिशिंग का कारोबार है। दिलशाद ने बताया कि रविवार को आखिरी दिन भी ठीक ठाक ऑर्डर मिले। कारोबार के लिहाज से यह बहुत ही अच्छा प्लेटफॉर्म साबित हुआ है। योगी सरकार कारोबार को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास कर रही है। स्टॉल लगाने के लिए हमें सब्सिडी भी दी गई थी।

# रहस्यमय तरीके से मासूम लापता

▸ वन विभाग की टीम जांच में जुटी, तेंदुए के पाये गये पदचिन्ह

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



तहसील के परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी मां के साथ छत पर सो रही एक नौ माह की मासूम बच्ची रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। कुछ देर बाद जब मां की नींद टूटी तो बच्ची को गायब देखकर उसके होश उड़ गए और परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस की डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की और साक्ष्य जुटाए। वहीं वन विभाग की जांच में तेंदुए के पदचिन्ह पाए गए हैं। तेंदुए की आहट से गांव में हड़कम्प मच गया है और पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है।

घटना थाना परसपुर क्षेत्र से जुड़ी है। यहां के अभईपुर के मजरा मेहरबानपुरवा के रहने वाले सीताराम गौतम के मुताबिक शनिवार की रात परिवार के लोग घर पर सो रहे थे। बहू अपनी नौ महीने की बेटी सगुन के साथ छत पर सो रही थी। रात में सगुन रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। कुछ देर बाद बहू की नींद टूटी तो बेटी को लापता देखकर उसके होश उड़ गए। उसके शोर मचाने पर परिवार व गांव के लोग दौड़े और घटना की सूचना पुलिस और वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज डॉक्टर उमेश्वर प्रभात सिंह, थानाध्यक्ष दिनेश सिंह, वन दारोगा डीएन सिंह व वन सुरक्षा प्रहरी राजेन्द्र मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की।

लापता बच्ची की तलाश के लिए पुलिस की डॉग स्क्वायड व फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में जुट गई। ग्रामीणों ने तेंदुए द्वारा बच्ची को उठा से जाने की आशंका जताई है। वन विभाग की टीम को भी जांच में तेंदुए के पदचिन्ह मिले हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने तेंदुए के पदचिन्ह मिलने की पुष्टि की है। वहीं तेंदुए की आहट से गांव में हड़कम्प मच गया है और पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में रजनी व नूपुर ने जीता खिताब

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती समारोह पर रविवार को पांच दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन साइकिल दौड़ प्रतियोगिता के बाद दोपहर 2:00 से जवाहर नेहरू स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन से कार्यक्रम का आगाज हुआ। साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन नवीन गल्ला मंडी में हुआ जिसमें बालक जूनियर में रिशित अग्रवाल को प्रथम कार्तिक अग्रवाल को द्वितीय और कार्तिक केडिया को तृतीय पुरस्कार, वहीं बालक सीनियर में हनू सोमानी को प्रथम, श्रीष मित्तल को द्वितीय और भव्य खेतान को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसी तरह बालिका वर्ग जूनियर में विति सिंघल को प्रथम, मायरा खेतान को द्वितीय और निशिका केडिया को तृतीय पुरस्कार और बालिका सीनियर में श्रेया नेवटिया को प्रथम राधया मित्तल को द्वितीय और आस्था अग्रवाल को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उधर जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में महिला वर्ग सीनियर में रजनी केडिया- नुपुर मोदी विनर और कोमल पचेरिया - शिल्पी गर्ग रनर हुईं।महिला वर्ग जूनियर में पूजा मित्तल, श्रेया जालान, आद्या अग्रवाल, समृद्धि अग्रवाल, स्वाति सिंघल, रोली पचेरिया,यशी अग्रवाल, एकांशी अग्रवाल, यशी पचेरिया, महक पचेरिया बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। और पुरुषों ग्रुप में राम अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, वरुण मोदी, अमित कुमार गर्ग, उमेश शाह, अनिल कुमार मित्तल, डॉ आलोक अग्रवाल ,पुनीत सिंघल, ऋषभ सिंघल, सार्थक मोदी, अनंत तुलस्यान, अनमोल, जोशी, आदित्य जोशी, आदित्य सिंघल, निखिल शर्मा, हिमांशु तायल, निखिल अग्रवाल, आदित्य सिंगल, निखिल शमा, शुभ अग्रवाल, यथार्थ अग्रवाल, कृष अग्रवाल, पार्थ अग्रवाल ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निखिल वाधवानी, नितिन वाधवानी, वरदान रायतानी, गिरधर रायतानी, विनय रायतानी, अनिल रायतानी और गुरदीप वाधवानी ने रेफरी का रोल निभाया। ये कार्यक्रम अग्रवाल नवयुवक संघ के बैनर तले मारवाड़ी युवा मंच द्वारा किया गया जिसमें मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय सदस्य विकास जैन, मुकेश नहारिया, अमित गर्ग, राजेश अग्रवाल, गोपाल मित्तल, पीयूष मित्तल, सचिन पचेरिया, विकास अग्रवाल,वैभव अग्रवाल, सौरभ जैन अमित मित्तल, प्रिंस गर्ग, और देवीपाटन महिला मंडल की प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलम जैन शाखा अध्यक्ष नीतू गर्ग सहित कई पदाधिकारी गण मौजूद रहे।




# अंबेडकर पार्क की भूमि पर अवैध कब्जा बरकरार

कर्नलगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज।



तहसील के थाना कटरा बाजार अन्तर्गत ग्राम पंचायत असरना स्थित अंबेडकर पार्क की भूमि पर एक व्यक्ति ने दबंगई के बल पर अवैध कब्जा कर रखा है। इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर उक्त भूमि से अवैध कब्जा हटवाते हुए दबंग अवैध कब्जेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग पर अधिकारियों के निर्देश के बावजूद अभी तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

मामला तहसील कर्नलगंज के परगना पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत असरना से जुड़ा है। यहां के निवासी राजकुमार बौद्ध सहित अनेकों ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जिलाधिकारी गोंडा व उप जिलाधिकारी कर्नलगंज को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि उनके ग्राम असरना मे डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के नाम से गाटा संख्या 567 मि/0- 202 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज कागजात है। उस पर रामरूप पुत्र बाबू ने जबरन अवैध कब्जा कर रखा है और कहते हैं कि किसी की औकात नहीं है कि वह मुझे यहां से हटा दें और उल्टा धमकी देते हैं कि अगर अंबेडकर पार्क में कोई कार्य करोगे तो मारे जाओगे। ग्रामीणों ने बताया कि इसका काफी समय से विरोध किया जा रहा है और स्थानीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भी दिया जा चुका लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई ना होने से अवैध कब्जेदार दबंगई पर उतारू होकर शिकायत कर्ता ग्रामीणों से झगड़ा फसाद करने के लिए आमादा होकर जान से मार डालने की धमकी दे रहे हैं। इससे स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्राम सभा के राजकुमार बौद्ध, ध्रुव कुमार, मोनू गौतम, चन्दन, पराग गौतम, अखिलेश कुमार, राम सेवक, सोना देवी, राहुल, पवन कुमार, हरिश्चंद्र, सुंदर पति, माधवराज, सत्य प्रकाश, हेमलता, राम सजन, बजरंगी, प्रकाश, तिलका आदि ग्रामीणों ने अंबेडकर पार्क की भूमि से अवैध कब्जा हटवाते हुए दबंग अवैध कब्जेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में अधिकारियों के निर्देश के बावजूद अभी तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

# कमर्शियल प्रतिष्ठानों पर हो रहा घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



▸ कुंभकर्णी नींद में जिले का आपूर्ति विभाग

गोन्डा जनपद में जिम्मेदार अधिकारियों के अन्देखी के कारण शहर क्षेत्र के कई जगहों पर होटलों के प्रतिष्ठानो और ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। जानकारों की मानें तो जिम्मेदार विभाग छापेमारी नहीं करता जिससे प्रतिष्ठानों के स्वामी भय मुक्त हो चुके हैं। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर को केवल घरों में ही इस्तेमाल किया जाने का निर्देश है। लेकिन जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीनता और अन्देखी का परिणाम है कि घरेलू गैस सिलेंडर होटलों और रोड किनारे ठेलों पर इस्तेमाल होता देखा जा सकता है। जिससे कामर्शियल गैस सिलेंडर की खपत कम है तो वही घरेलू गैस सिलेंडर की खपत ज्यादा है। हाल ही में नगर क्षेत्र के प्रधान डाकघर के पास एक होटल में घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल किये जाने का फोटो लोगों द्वारा वायरल किया गया है। जिससे यह प्रतीत होता है कि यह तो सिर्फ बानगी मात्र है। सूत्र बताते हैं कि शहर क्षेत्र के पीपल चौराहे पर लगने वाले ठेले सहित कई जगहो पर निडरता के साथ घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कामर्शियल में हो रहा है।

# सरकार के द्वारा बनवाए गए गौ आश्रय केंद्र के बावजूद खुले में घूम रहे छुट्टा मवेशी

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़



गोन्डा जनपद में लगातार उच्च अधिकारियों का निर्देश जारी होता रहता है कि छुट्टा गौवंशो को गौशालाओं में पकड़ कर रखें परन्तु निर्देश सिर्फ कागजी ही रह जाते हैं गोन्डा उतरौला मार्ग गौवंश विचरण करते देखे जा सकते हैं यही नहीं छुट्टा गौवंश हर रोड पर विचरण करते मिल जाएंगे।हाल? ही मे गौवंश नाले में गिर गया था तो जनसहयोग से उसे बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई गई।ऐसे बहुत से गौवंश है जो सड़कों पर? विचरते हुए किसी न किसी कारण घायल हो जाते। चर्चाओ के मुताबिक बताते चलें कि कर्नलगंज कस्बा क्षेत्र में भारी संख्या में बेसहारा पशु खुले घूम रहे हैं जो विभिन्न सड़कों जगह जगह जमे होने के साथ ही राहगीरों के दुर्घटना का कारण बन रहे हैं वहीं किसानों की बड़े पैमाने पर हरी भरी फसल भी तबाह कर रहे हैं।नगर पालिका परिषद के पास भी बेसहारा पशुओं को रखने के लिए कोई इंतजाम व पशु आश्रय स्थल नहीं है। ऐसे में बेसहारा पशुओं को ठिकाना तक नहीं मिल पा रहा है। जिससे छुट्टा पशु कभी गड्ढों तो कभी नाले में गिर जाते हैं और आये दिन सड़क दुर्घटना का शिकार होकर लावारिस हालत में पड़े तड़पते रहते हैं और आखिर में उनकी दर्दनाक मौत हो जाती है। वहीं बाजार में यह पशु सड़कों पर लोगों के जान के दुश्मन बन रहे हैं। आए दिन लोग इनका शिकार हो रहे हैं। वैसे समय-समय पर अभियान चलाकर इन छुट्टा पशुओं को पकड़ने का दावा तो नगर पालिका के जिम्मेदार कर रहे हैं,लेकिन धरातल पर देखा जाय तो सब कागज़ों तक सीमित है। क्योंकि बीच सड़कों पर बैठ कर जुगाली कर रहे पशु दावों को खोखला साबित करते दिख रहे हैं।मौजूदा समय में पूरे कस्बा क्षेत्र में छुट्टा पशुओं को आसानी से घूमते देखा जा सकता है। यही स्थिति गांवों में हैं,जहां किसान भी छुट्टा पशुओं से परेशान हैं। इस संबंध में जानकारी करने हेतु उपजिलाधिकारी कर्नलगंज से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

## खबरें एक नजर में

### रोज वुड इंटर कालेज में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर संगोष्ठी आयोजित



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद के स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ रेखा शर्मा ने रोज वुड इंटर कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर आयोजित संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया जीवन में स्वच्छता का महत्व बहुत व्यापक है ,स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ वातावरण का होना आवश्यक है। डॉक्टर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कूड़े में बहुत से रोगाणु जीवाणु होते हैं जो हवा के माध्यम से घर में प्रवेश कर जाते हैं। जीवाणुओं के छोटे-छोटे स्पोर्स 10 माइक्रोन से छोटे होते हैं इसलिए सीधे हमारे फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं और विभिन्न प्रकार की श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बनते हैं। कूड़े में विभिन्न प्रकार के रोगाणु, जीवाणु, वायरस, परागकण और केमिकल्स हवा के माध्यम से सीधे हमारे संपर्क में आ जाते हैं और हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों के चपेट में आ जाते हैं इसलिए हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ रहना होगा और स्वच्छ रहने के लिए अपने वातावरण को स्वच्छ करना होगा। रोज वुड इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य ने अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला एवं शिक्षक बृजेश प्रताप पांडे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ट्रक की चपेट में आकर युवक मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को नगर कोतवाली अंतर्गत नवीन गल्ला मंडी के सामने शिव नगर निवासी श्याम जी श्रीवास्तव पुत्र शिव शंकर श्रीवास्तव की ट्रक के नीचे दबकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस संबंध में जब नगर कोतवाल मनोज पाठक से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है तथा चालक भी हिरासत में है प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

### विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे विद्युत उपभोक्ता हो सकते हैं अवसाद के शिकार

**जरवल, बहराइच समृद्धि न्यूज।** तहसील कैसरगंज के अंतर्गत संचालित विद्युत उपकेंद्र जरवल के कर्मचारियों की मनमानी यहां तक बढ़ गई है कि वह ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत बिलिंग घर बैठकर करते रहते हैं और जब ग्राम पंचायत में कैंप लगते हैं तो उपभोक्ताओं के वही घर बैठे फीड की गई विद्युत बिलिंग बता करके पैसे जमा कर लिए जाते हैं। जबकि उनकी वास्तविक बिल कुछ और ही होती है, उक्त स्थिति को स्थानीय कर्मचारी जानते हुए भी उसे पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जब उसे संबंध में विभाग से बात की जाती है तो कहते हैं वीडियो बनाकर ले आओ इसके पश्चात किसी की 45000,किसी की 22000, किसी की 24000 इस तरीके से फीड कर दी जाती है। फिर कर्मचारी कहते हैं यह छूटी हुई यूनिट है जब विभाग के पास मंथली विद्युत मीटर रीडर की टीम है तो यह इकट्ठा बिलिंग का क्या कारण है कुछ तो ऐसे विद्युत उपभोक्ता है कि वह अंत में विद्युत बिल उनके देय क्षमता से कहीं अधिक निकल जाती है जिससे वह मानसिक अवसाद की शिकार भी हो सकते हैं। यदि कोई उपभोक्ता इस अनियमित विद्युत बिलिंग व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण मानसिक अवसाद का शिकार होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।विद्युत मीटर रीडिंग के संबंध में ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं से बात किया गया तो यह बात सामने आए कि उनके मीटर से कोई भी विद्युत बिलिंग नहीं की जा रही है बस ऐसे जो फीड कर दिया जा रहा है उसी को जमा कर देते हैं इस कारण कई विद्युत उपभोक्ताओं की बिलिंग उनके देय क्षमता से अधिक हो गई है और वह परेशान पावर हाउस जरवल के चक्कर लगा रहे हैं। अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र जरवल से बात करने पर उन्होंने बताया कि प्राइवेट एजेंसियों के द्वारा मंथली विद्युत बिलिंग की जा रही है और मुझे अपडेट भी मिल रही है। अवर अभियंता के अनुसार यदि विद्युत बिलिंग मंथली की जा रही थी तो अचानक इतना विद्युत बिल बढ़ना कहीं प्रशासनिक अधिकारियों व प्राइवेट एजेंसियों के कर्मचारियों की सांठगांठ तो नहीं है।

# तेंदुए ने किसान पर किया हमला खेत में मिला क्षत विक्षत शव

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



▸ खेत में पड़ा रहा किसान का शव, कुछ देर बाद हुई परिजनों को हुई जानकारी

ककरहा रेंज के के जंगल से सटे धर्मपुर बेझा गांव निवासी एक किसान रविवार को खेत की रखवाली के लिए गए थे। वहीं पर जंगल से आए तेंदुआ ने किसान पर हमला कर मार डाला। खेत से किसान का शव क्षत विक्षत हालत में बरामद हुआ है।

सूचना रेंज कार्यालय में दी गई है। समाचार लिखे जाने तक कोई भी वन कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत धर्मपुर बेझा गांव निवासी कंधई (40) जगजीवन का घर के निकट खेत है।

रविवार को किसान अपने खेत के निकट रखवाली कर रहा था। इसके बाद वह बाग में कुछ काम करने लगे। तभी जंगल से निकल कर तेंदुआ आ गया। दोपहर में एक बजे के आसपास तेंदुआ ने किसान पर हमला कर मार डाला। कुछ देर बाद परिवार के लोग तलाश करते हुए पहुंचे तो क्षत विक्षत शव देखा। इस पर सभी रोने लगे। सूचना रेंज कार्यालय में दी गई है। लेकिन कोई भी वन कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा है।

इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी डीपी कनौजिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह लखनऊ मीटिंग में है। वन दरोगा अशोक श्रीवास्तव से बात की गई तो वह उर्रा वन चौकी में मिले। उन्होंने कहा कि मौके पर जा रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

### घटनास्थल से दो कि.मी. दूर बरामद हुई एक किशोरी की लाश, एक लापता

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सुजौली थाना क्षेत्र में स्थित घाघरा बैराज में 25 सितंबर को दो की किशोरियां स्नान करते समय डूब गई थी। रविवार सुबह एक किशोरी का शव घटनास्थल से 2 किलोमीटर दूर बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुजौली थाना क्षेत्र के बड़खड़िया गांव निवासी लाली (16) पुत्री विजेंद्र और सीमा (14) 25 सितंबर को घाघरा बैराज में स्नान करते समय डूब गई थीं। काफी तलाश के बाद भी शव बरामद नहीं हुआ था। रविवार सुबह सीमा का शव घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर गुप्तापुरवा गांव के पास गन्ने के खेत के निकट से बरामद हुआ। गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला। वहीं अभी तक सीमा का शव बरामद नहीं हो सका है। प्रभारी निरीक्षक हरीश सिंह ने बताया कि लाली के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दूसरी किशोरी की तलाश चल रही है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने सुनी पीएम के मन की बात

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।



▸ जिलाध्यक्ष ने सैकड़ों लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

प्रधानमंत्री मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के क्रम में रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय अपने पैतृक निवास विशेश्वरगंज में उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष द्वारा विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत उधरना सरहदी स्थित पंचायत भवन में अपने सहयोगियों व ग्राम वासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण देखा गया।कार्यक्रम के बाद बूथ स्तर पर सघन सदस्यता अभियान के तहत सैकड़ों की संख्या में नए भाजपा सदस्य जिला अध्यक्ष द्वारा बनाए गए। दूसरी तरफ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशेश्वरगंज राकेश पांडेय द्वारा ग्राम पंचायत नेठिया के विद्यालय में कैंप लगाकर मन की बात को सुना गया,कार्यक्रम की पश्चात उपस्थित लोगों को ऑनलाइन भाजपा की सदस्यता भी दिलाई गई।इस अवसर पर ग्राम सचिव महेश प्रताप, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय शुक्ल पूर्व ग्राम प्रधान शिव कुमार पांडेय, मंडल अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौबे कोटेदार रमा शंकर शुक्ल रमेश पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### गंगा समग्र जिला की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** गंगा समग्र की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार रसिक बिहारी महाविद्यालय विशेश्वरगंज में संपन्न हुई। बैठक में गंगा समग्र के प्रांत संगठन मंत्री लाल अवध प्रांत का पाथेय प्राप्त हुआ। जिसमें खंड कार्यकर्ता कारिणी गठित करने,और फरवरी में होने वाले कुंभ मेले में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में जिले से 300 कार्यकर्ता जाने पर चर्चा हुई। जिसमें प्रांत पर्व आयाम प्रमुख एवं भाग संयोजक जय कृष्ण मिश्र , प्रांत शैक्षिक प्रमुख राहुल श्रीवास्तव, जिला संयोजक रमेश पाठक, बृजमोहन , गणेश, विवेक, माता प्रसाद, उमाकांत आदि आयाम प्रमुख उपस्थित रहे।

# खैरीघाट थाना पर पीस कमेटी बैठक सकुशल सम्पन्न

▸ विसर्जन करते समय कोई भी व्यक्ति नसे का सेवन कदापि न करे : संजय सिंह

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।



आगामी त्यौहार के दृष्टिगत थाना खैरीघाट परिसर में पीस कमेटी की बैठक का अयोजन किया गया। जिसमें मूर्ति स्थापित करने वाले लोग मौजूद रहें।

जिले के खैरीघाट थाना परिसर में रविवार को क्षेत्राधिकारी महसी रूपेंद्र गौड़ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। थाना क्षेत्र में 93 मूर्तियो स्थापित की जाती है। जिसमे 3 मूर्तिया स्थायी रूप से स्थापित है जो इस वर्ष भी स्थापित रहेंगी। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया की मूर्ति को स्थापित करते समय कई बातो का विशेष ध्यान देना होगा कि मूर्ति के आस पास एक व्यक्ति रहे ताकि जानवर न आने पाए। और विसर्जन करने करते समय कोई भी व्यक्ति नसे का सेवन कदापि न करे जिससे किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति पैदा न हो अन्य कई बिंदुओं पर थाना प्रभारी ने विस्तार रूप से जानकारी दी।

क्षेत्राधिकारी महसी रूपेंद्र गौड़ ने अपने संबोधन में कहा की आने त्यौहार में शराब का सेवन बिलकुल न करें।पीस कमेटी बैठक नायब तसीलदार तेजवापुर राजेश कुमार व नायब तहसीलदार शिवपुर सुरेंद्र कुमार सहित बेहड़ा प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह, डा.अजमेर सिंह व गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# साइकिल से पूर्णागिरी के लिए भक्त रवाना



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

विधायक प्रतिनिधि ने दिखाई झंडी

क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालुओं का दल रविवार को पूर्णागिरी के लिए रवाना हुआ। साइकिल से पूर्णागिरी जाने वाले दल को नानपारा विधायक के प्रतिनिधि ने हरी झंडी दिखाई।शिवपुर विकास खंड से कई गांवों के श्रद्धालु रविवार दोपहर में पूर्णागिरी के लिए रवाना हुए। जय माता के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु आगे बढ़े। विधायक प्रतिनिधि नानपारा अमन वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया।

सभी श्रद्धालु साइकिल से पूर्णागिरी धाम की यात्रा करेंगे। श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्रि के पावन अवसर पर वे सभी मनोकामना की पूर्ति होने पर साइकिल से पूर्णागिरी धाम तक यात्रा करके माता जी के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर सौरभ यज्ञसैनी, कौशिक गुप्ता, शैलेंद्र शुक्ला, अनिल वर्मा, अमित यादव, अनुपम वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# गोष्ठी, स्क्रीनिंग कैम्प व हस्ताक्षर अभियान के साथ मनाया विश्व हृदय दिवस

▸ तनाव दिल का सबसे बड़ा दुश्मन है : बृजेश सिंह

▸ निबंध लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रविवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम एनपी एनसीडी के तहत विश्व हृदय दिवस मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय समेत जिला चिकित्सालय एवं जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर स्क्रीनिंग स्वास्थ्य शिविर, हस्ताक्षर अभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस वर्ष विश्व हृदय दिवस इंपावर इंडिविजुअल टू टेक बेटर केयर ऑफ देयर हार्ट हेल्थ की थीम पर मनाया गया। विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में शहर के महाराज सिंह इण्टर कालेज में निबंध लेखन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सीएमओ कार्यालय में सीएमओ डॉ संजय कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत हस्ताक्षर अभियान से करते हुये कहा कि बिगड़ी दिनचर्या, तनाव, गलत खानपान, प्रदूषण और अन्य कारणों के चलते दिल से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं।

छोटी उम्र से लेकर बुजुर्गों तक में यह समस्या आम होती जा रही है। दिल को दुरुस्त रखने के लिए सही खानपान, एक्सरसाइज और तनाव को दूर भगाना सबसे जरूरी है। एनसीडी क्लीनिक के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह श्रीनेत ने सीएमओ कार्यालय सभागार में हुई गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि दिल का ध्यान रखना बेहद ज़रूरी है। ज्यादातार मौत का कारण हार्ट की समस्याएं ही है। दिल सेहतमंद रहे इसके लिए नियमित व्यायाम करें तनाव कम लें धूम्रपान से दूर रहें अच्छा खाना और संतुलित खाना खाएं अनुशासन की जिंदगी जीये। उनका कहना है कि इलाज से बेहतर बचाव है। अगर आप दिल की बीमारी से ईमानदारी से बचना चाहते हैं तो अभी से अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना शुरु कर दीजिए। एक जगह लगातार छह घंटे तक बैठना हृदय रोग का कारण बन सकता है, यह सिगरेट की डिब्बी पीने के बराबर है। हृदय रोग पूरे विश्व में एक गंभीर बीमारी है। उचित दिनचर्या और नियमित जांच कराने से हृदय रोगों से बचा जा सकता है। हमें बॉडी मास इंडेक्स को 18.5 से 24.9 के बीच में रखना है। उन्होंने कहा कि हृदय की बीमारी का इलाज बचाव है और बचाव का सबसे सरल तरीका लाइफ स्टाइल में सही बदलाव है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने हृदय रोगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तनाव दिल का सबसे बड़ा दुश्मन है। आज की भागदौड़ वाली जीवन शैली में लोगों में तनाव ज्यादा बढ़ गया है इसलिए इस बीमारी से पूरी तरह बचना तो मुश्किल है, लेकिन जहां तक संभव हो इससे दूरी बनाए रखें। तनाव के कारण मस्तिष्क से जो रसायन स्रावित होते हैं वे हृदय की पूरी प्रणाली खराब कर देते हैं। हृदय हमारे शरीर का ऐसा अंग है जो लगातार पंप करता है और पूरे शरीर में रक्त प्रवाह को संचालित करता है। हृदय संचार प्रणाली के मध्य में होता है और धमनियों और नसों जैसी रक्त वाहिनियां अशुद्ध रक्त को शरीर के हर भाग से हृदय तक ले जाती हैं और शुद्ध रक्त को हृदय से शरीर के हर भाग तक पहुंचाती हैं। शहर के महाराज सिंह इंटर कालेज मे हुई निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 42 छात्रों ने प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रो को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र भी दिया। कार्यक्रम में छात्रों और अध्यापको को हृदय रोग से सम्बन्धित रोगो और उनके लक्षणों के बारे में जागरूक किया गया।

# दीपावली पर विद्युत के प्रकाश से जगमग होंगे विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

▸ 133 विद्यालयों व 523 आंगनबाड़ी केन्द्रों के विद्युतीकरण का कार्य पूरा

प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री निपुण भारत, इत्यादि योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

डीएम मोनिका रानी ने खण्ड विकास अधिकारियों एवं अधि.अधि. नगर निकायों को निर्देश दिया कि मुख्यतंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु अधिक से अधिक पात्र लोगों का पंजीकरण करायें ताकि जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पात्र गरीब बेटियों का सामूहिक विवाह कराया जा सके। आंगनबाड़ी केन्द्रों व प्राथमिक विद्यालयों के विद्युतीकरण कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 133 विद्यालयों तथा 523 आंगनबाड़ी केन्द्रों के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पीएम सूर्य घर की समीक्षा के दौरान डीएम ने बीडीओ व नगर निकाय के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सतीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# लगातार 48 घंटे की बारिश से हालात बदतर, किसान परेशान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



▸ बारिश से बिगड़े हालात, कहीं धंसी सड़क तो कहीं हुआ जलभरव

पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही बारिश के चलते जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। लगातार बारिश से कहीं जलभराव तो कहीं पेड़ गिरने व घर गिरने की घटनायें सामने आयी हैं। शक्तिनगर मोहल्ले में पूरा इलाका टापू में तब्दील हो गया है। यहाँ के लोग अपने घरों में कैद होने पर मजबूर हैं। वहीं प्रगतिपुरम, ग़ल्ला मंडी और आज़ादनगर जैसे इलाकों की स्थिति भी कामोंबेश ऐसी ही है।

**खेत गए किसान की आकाशीय बिजली से मौत :** रायबरेली में खेत गए किसान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के उसरैना गांव निवासी किसान रतीपाल पुत्र अयोध्या खेत में फसल को देखने गया था। तेज बारिश होने लगी। इसी बीच वह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई।

**आवागमन बाधित :** लगातार बारिश के चलते बांदा बहराइच मार्ग पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया है। वहीं गुरबख्शगंज थाना इलाके के कोरिहार गांव में आकाशीय बिजली गिरी है। हालांकि यहाँ कोई हताहत नहीं हुआ है। उधर लगातार हो रही बारिश से किसानों के माथे पर भी धान पर भी असर पड़ गया है। फसल पकने के समय बारिश से धान की बालियां गिर गई हैं।

**किसानों के लिए परेशानी का सबब :** सितंबर में हो रही बारिश किसानों के लिए परेशानी का सबब बनी है। शुक्रवार रात बारिश के साथ देहात क्षेत्रों में चली तेज हवा के कारण धान की फसल खेतों में गिर गई। इससे किसानों के चेहरे मायूस हो गए। लगातार मौसम का मिजाज बिगड़ रहा है। ऐसे में यदि बारिश आगे भी होती रही तो धान की फसल चौपट हो जाएगी। शनिवार को जिले में 18 मिमी बारिश हुई। जिले में इस बार डेढ़ लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की रोपाई की गई है।

## जलभराव से परेशानी



हर तरफ जलभराव और कीचड़ होने से लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। आचार्य द्विवेदी नगर में अमृत योजना की हकीकत को लेकर बड़ी-बड़ी गलियों को खोद कर सीवर लाइन बिछाने की कवायत से मोहल्ले वासियों में काफी आक्रोश भी है। इसके बावजूद पानी निकासी के इंतजाम नहीं किए गए। खासकर खस्ताहाल सड़कों के गड्ढों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में दिक्कतें झेलनी पड़ी। लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं।

## बाइक समेत सड़क किनारे बने गड्ढे में समा गया युवक



रायबरेली शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहे पर हाईवे किनारे बना एक गड्ढा भारी बारिश में परेशानी का सबब बन गया। रविवार दोपहर एक युवक बाइक समेत गड्ढे में गिर गया। यह गड्ढा इतना गहरा है कि इसमें पूरी बाइक ही समा गई। बाद में कुछ लोगों ने साहस कर बाइक को गड्ढे से बाहर निकाला। लोगों का कहना था कि कई बार शिकायत के बाद भी न प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई की और न ही जिला प्रशासन ने ध्यान दिया।

# तेज धमाके के साथ हिल गया पूरा मकान

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

▸ बाउंड्री वाल तोड़कर घर में घुसा बेकाबू ट्रक का चेचिस



लालगंज कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर रोड पर सेमरपहा गांव में शनिवार की देर रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक चेचिस बाउंड्री वॉल तोड़कर घर में घुस गया जिससे बाउंसी बॉल के अंदर रखी स्कूटी, साइकिल, टीनशेड व बाउंड्री का गेट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।गनीमत रही कि उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

देर रात को फतेहपुर की ओर जा रहा डंपर का चेंचिस बेकाबू होकर सड़क किनारे गांव निवासी प्रेमशंकर मिश्रा की बाउंड्रीवाल तोड़कर अंदर घुस गया जिससे चेंचिस का शीशा चकनाचूर हो गया। टक्कर से बाउंड्रीवाल व वहां रखा काफी सामान क्षतिग्रस्त हो गया।घटना के बाद चालक चेंचिस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पीड़ित प्रेमशंकर मिश्रा ने बताया कि देर शाम करीब 11 बजे वह व उनका परिवार भोजन करने के बाद घर पर सो रहे थे तभी अचानक तेज धमाके के साथ पूरा मकान हिल गया। बाहर निकल कर देखा तो ट्रक की चेंचिस उनकी बाउंड्रीवाल तोड़कर घर मे घुस चुकी थी। बताया कि उनका करीब दो लाख रुपये का नुकसान हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जरूरी छानबीन शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### अधूरी खुदाई से राहगीरों व स्कूली बच्चों की सुरक्षा खतरे में

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** विकास खंड उतरौला कार्यालय से एमानुअल चर्च स्कूल तक जाने वाला मार्ग लोगों के लिए एक गंभीर समस्या बन गया है। हर घर जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई की गई थी, लेकिन उस गड्ढे को सही तरीके से भरा नहीं गया है। यह अधूरी मरम्मत आमजन और स्कूली बच्चों के लिए खतरे का कारण बन गई है, क्योंकि आए दिन राहगीर और बच्चे इस गड्ढे में गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। सड़क की स्थिति बेहद खराब है। ऊबड़-खाबड़ सतह के कारण जगह-जगह जलभराव हो जाता है, जिससे आवागमन और भी कठिन हो गया है। ई-रिक्शा चालक भी इस मार्ग से गुजरते समय विशेष रूप से सावधान रहते हैं, क्योंकि गड्ढे में फंसकर ई-रिक्शा के पलटने का खतरा बना रहता है। यह स्थिति दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है। नगरवासियों ने इस समस्या को लेकर नाराजगी व्यक्त की है और संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत की जाए और गड्ढे को सही तरीके से भरा जाए ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। नगर प्रशासन को इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि राहगीरों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और सड़क पर यातायात सुगम हो सके।

### ई-रिक्शाओं की बेतरतीब चाल से जाम व दुर्घटनाओं का बढ़ा खतरा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** नगर में ई-रिक्शाओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिससे कस्बे के मुख्य मार्ग और विभिन्न चौराहों पर जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। ई-रिक्शा चालक बिना किसी नियम-कानून का पालन किए बेतरतीब ढंग से फर्राटे भरते हैं, जिससे आमजन को आवाजाही में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना है कि इन ई-रिक्शाओं के अनियंत्रित संचालन के कारण आए दिन सड़क पर दुर्घटनाओं की घटनाएँ बढ़ रही हैं। खासकर जब सामने से आ रहे वाहनों से भिड़ंत हो जाती है, तब लोग चोटहिल होते हैं। नगर के विभिन्न चौराहों पर जाम की स्थिति बनती रहती है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दैनिक यात्रियों को भारी असुविधा होती है। नगरवासियों ने प्रशासन से ई-रिक्शाओं के सही संचालन और उनके लिए नंबरिंग प्रणाली लागू करने की मांग की है। उनका कहना है कि यह जरूरी है ताकि इन वाहनों की पहचान की जा सके और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके। प्रशासन से अपील की जा रही है कि ई-रिक्शा चालकों के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य किया जाए और इसके लिए उचित कदम उठाए जाएं ताकि नगरवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके।

### सरकारी नाले की भूमि पर अवैध निर्माण मामले में जांच व कार्रवाई की मांग

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोगाधर निवासी मोईन मुस्तफा, पुत्र मुस्तफा, ने थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी नाले की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने और कार्रवाई करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोईन मुस्तफा ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम बरमभारी के निवासी विपक्षी आशिक अली, पुत्र अज्ञात, ने सरकारी नाले की एक मीटर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर नींव भरवा ली है। मोईन मुस्तफा ने बताया कि वर्ष 2022 में राजस्व विभाग की टीम द्वारा इस भूमि की पैमाइश कर पत्थर लगवाया गया था, जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि यह भूमि सरकारी नाले की है। इसके बावजूद विपक्षी आशिक अली ने इस भूमि पर अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, जिससे सरकारी संपत्ति पर कब्जा होने का खतरा बढ़ गया है। मोईन मुस्तफा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वे तत्काल इस मामले की जांच कराएं और सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराएं। उन्होंने मांग की है कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा पुनः पैमाइश कराई जाए और सरकारी जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण को रोकने के लिए उचित कार्रवाई की जाए। इस मामले में स्थानीय प्रशासन और राजस्व विभाग से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा है ताकि सरकारी भूमि को सुरक्षित रखा जा सके और अवैध कब्जे के मामलों को रोका जा सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस मामले में हस्तक्षेप करता है और अवैध निर्माण को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

### गिरी कच्ची दीवार, बाल-बाल बचा परिवार

**खीरों, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नुनैरा गांव में ईट गारे से जुड़ी दीवाल शनिवार की रात एक बजे रुक रूककर हो रही बारिश में गिरने से घर-गृहस्थी का सामान दब गया यह संयोग ही था कि परिवार के लोग दूसरे कमरे में सोए थे, वरना बड़ी वारदात हो सकती थी। प्रधान शिवाकान्त गुप्ता ने बताया की मामले की जानकरी मिली है। लेखपाल को बुलाकर जाँच के बाद जो भी उचित



मुआवजा होगा पीड़ित परिवार को दिलाया जायगा। तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश अब मुसीबत बन गई है। विकास क्षेत्र के नुनैरा गांव निवासी अंजनी (28) पुत्र स्वश्‍ रामराज का परिवार पत्नी नीलम (27) बेटा शिवांश (6) बेटी अनुवी (3) माता राजरानी (60) भाई धर्मराज (40) छोटा भाई अलोक (23) नित्य की भांति शनिवार की रात खाना खाने के बाद सोया हुआ थाद्य इसी दौरान देर रात एक बजे अचानक ईट गारे से जुड़ी मकान की दीवार का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। परिवार के लोग दूसरे कमरे में सोए थे,वरना बड़ी वारदात हो सकती थी। हलका लेखपाल मनीष ने बताया की मामले की जानकारी मिली है जाँच की जा रही है। जाँच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायगी।

### बाइक की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दो बाइकों की आपस की भिड़ंत में एक महिला गंभीर रूप से घायल प्राची पत्नी सुशील उम्र 25 वर्ष गांव गोविंदपुर माधौ जिला रायबरेली थाना गदागंज लोधवामऊ चौकी से 1 किलोमीटर आगे सामने से आ रही मोटरसाइकिल वाले ने ठोक दिया जिसमें गंभीर रूप से प्राची घायल हो गई जिसे महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



## राष्ट्र के निर्माण के लिए बीजेपी से जुड़िए : प्रभात साहू

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भाजपा नेता एवं चेयरमैन प्रतिनिधि महराजगंज प्रभात साहू द्वारा लगातार भारतीय जनता पार्टी में लोगों को शामिल किया जा रहा है इसी कड़ी में आज पोखरनी ग्राम पंचायत में भाजपा नेता प्रभात साहू द्वारा कई लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। श्री साहू ने कहा आप सभी भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका अदा कीजिए क्योंकि आज की तारीख में भारतीय जनता पार्टी से बड़ी कोई पार्टी नहीं है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश आज विकास की बुलंदियों पर पहुंच रहा है उन्होंने कहा बीजेपी ऐसी पार्टी है की यह राष्ट्र निर्माण करने के लिए जानी जाती है तथा आपने देखा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है लोगों के जीवन में आमूल चूल बदलाव भी आए हैं। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष हनुमान श्रीवास्तव वीरेंद्र साहू धर्मेंद्र सभासद राजीव शर्मा शिव शंकर शुक्ला आलोक साहू अजय मौर्या प्रदीप मौर्या वीरेंद्र साहू राम सुख साहू पवन पांडे सहित भारी मात्रा में ग्रामीण मौजूद रहे।

## चोरों ने फिर बनाया घर को निशाना, हजारों का माल किया पार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लगातार हो रही चोरियों से जनता दहशत में है वही खुलासा न होने की वजह से चोरों के हौसले बुलंद है कोतवाली क्षेत्र के ज्योना ग्राम पंचायत में आज चोरों द्वारा एक घर को निशाना बनाया गया जिसमें हजारों की चोरी चोरों द्वारा की गई। ज्योना ग्राम पंचायत के पूरे मोती पासिन का पुरवा में राजेश के घर को चोरों ने निशाना बनाया जिसमें हजारों की चोरी की गई ।घर पर एक 15 16 साल का लड़का सचिन रह रहा था बाकी उसके माता-पिता दिल्ली में रहते हैं आज रात 12:00 बजे सचिन ने बताया कि चोरों ने चोरी का अंजाम दिया है वही सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है अब देखने वाली बात यह है कि इस चोरी का खुलासा होता है या पूर्व की चोरियों की तरह ढांक के तीन पांत ही साबित होता है।

# लगातार हुई बारिश बनी दो परिवारों के लिए आफत

▸ गृहस्थी का सामान मकान के मलबे में नीचे दबकर हुआ नष्ट

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग अलग गांवों में कई घंटे से हो रही लगातार भारी बारिश दो परिवारों के लिए मुसीबत का सबब बनी और उनके आशियाने को ढहा ले गईं जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की पहली घटना थाना क्षेत्र के मेहरबान खेड़ा मजरे शेखपुर समोधा गांव की है जहां के रहने वाले देवेंद्र कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद अपनी पत्नी सीमा एवं पुत्री सपना के साथ शनिवार की रात भोजन करके सोने की तैयारी कर रहे थे तभी उनका कच्चा मकान मौके पर भर भरा कर गिरने लगा, आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह परिवारी जनों को बाहर निकाल कर उनकी जान बचाईं वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गजियापुर गांव मजरे शेखपुर समोधा की है जहां के रहने वाले जसवीर पुत्र चिरंजीव लाल अपनी पत्नी सोनी व अपनी एक लड़की और दो लड़कों के साथ कच्चे मकान में रहते थे, रविवार सुबह वह घर के पीछे निजी कार्य में व्यस्त थे तभी उनके घर का अगला हिस्सा भर भरा कर गिरने लगा, गनीमत यह रही कि घर के अन्य सदस्य घर के पिछले हिस्से में मौजूद थे, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई, अपितु दोनों घरों में गृहस्ती का रखा काफी सामान मकान के मलबे के नीचे दबकर नष्ट हो गया है इस संबंध में जब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामसागर यादव से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि दोनों परिवारों के नुकसान का जायजा लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को सूचित कर इनको इनके नुकसान का मुआवजा दिलाया जाएगो

## सर्पदंश से युवक की मौत

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** बीती शाम को खेत की मेड़ पर बांस गाड़ रहे युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया इससे उसकी मौत हो गई। घटना से कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के बरुआ बाग मजरे रमईपुर कला गांव के रहने वाले सूर्य प्रसाद उर्फ आशीष उम्र 22 वर्ष पुत्र रवि शंकर बीती शाम करीब छह बजे फसल की सुरक्षा के लिए खेत की मेड़ में बांस गाड़ने गया था। और जब काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे फोन लगाना शुरू किया लेकिन जब फोन नहीं उठा तो परिजन खेत पर पहुंचे जहां देखा आशीष अचेत पड़ा है । ग्रामीण आनन फानन उसे सी एच सी ले गए जहां के चिकित्सक बीपी उपाध्याय ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत हुई है। आशीष इंटर करने के बाद फोर्स की तैयारी कर रहा था । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एमपीपी इंटर कालेज में प्रतियोगिताएं आयोजित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सास 2024 के अंतर्गत जनपद मुख्यालय के एम0पी0पी0 इंटर कॉलेज बलरामपुर में जनपद स्तरीय संभाषण/निबंध/चित्रकला/पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधि संदीप कुमार उपाध्याय, आई.टी. सेल प्रभारी एवम जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर अतिथि रहे। उक्त कार्यक्रम मे जनपद बलरामपुर मुख्यालय के कई विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसी के क्रम में अतिथि द्वारा एक पेड़ मां के नाम का पौधरोपण किया गया। जिसमें श्रीमती मृदुला आनंद, जिला विद्यालय निरीक्षक, डॉ0 चंदन पांडेय, आशीष कुमार मौर्य, राकेश प्रताप सिंह, तथा विभिन्न छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे सफाई अभियान के तहत कार्यक्रम अतिथि एवम अन्य शिक्षको द्वारा विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाते हुवे उपस्थित सभी छात्रों को स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। विद्यालई छात्र छात्राओं के मध्य हुए निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फरीहा शफीक, मॉडर्न इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान फरजाना खान, बलरामपुर बालिका, तृतीय स्थान आदित्य कश्यप सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज बलरामपुर को प्राप्त हुआ। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अवनी श्रीवास्तवा मॉडर्न इंटर कॉलेज, द्वीतीय स्थान आयशा एम0डी0के इंटर कॉलेज व तृतीय स्थान कु प्रतिभा, बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज को मिला। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूपति सिंह, एम0पी0पी इंटर कॉलेज, द्वीतीय स्थान जैनब रफ़ीक़ मॉडर्न इंटर कॉलेज तृतीय स्थान अंश चावला मॉडर्न इंटर कॉलेज बलरामपुर ने प्राप्त किया। जिन्हें जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती मृदुला आनंद द्वारा प्रमाण पत्र दे कर प्रोत्सहित किया गया। कार्यक्रम में विभिन स्कूल के प्रिंसिपल, सुरेश कुमार यादव,प्रवक्ता, आशीष कुमार वर्मा, नीतू श्रीवास्तव, मदनलाल, सईद अहमद, इत्यादि शिक्षक उपस्थित थे।

# राष्ट्र के सच्चे भक्त थे सरदार भगत सिंह : मातादीन पासी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



सरदार भगत सिंह की जन्म जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी बछरावां विधानसभा भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर मातादीन पासी के प्रतिष्ठान पर भारत के महान वीर सपूत सरदार भगत सिंह की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया और धूप बत्ती की गई।

भाजपा नेता डॉ मातादीन पासी ने कहा राष्ट्रभक्ति और समर्पण अगर हमें सीखना है तो वह हम सरदार भगत सिंह के जीवन से सीख सकते हैं सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य दिनेश अवस्थी ने वीर शहीद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा आज अगर हम आजादी के साथ देश में घूम रहे हैं तो सरदार भगत सिंह जैसे वीर शहीदों की वजह से आचार्य ने कहा सरदार भगत सिंह से हमें वीरता सीखनी चाहिए कि किस तरह उन्होंने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए। इस मौके पर राघवेंद्र सिंह आरेंद्र कुमार बबलू चंद्रशेखर राम अभिलेख लोधी बी एल बावली शहजाद अली इंद्रपाल लोधी संजय बाबा रामनदं लोधी अजीत पांडे अमरपाल विश्वकर्मा रामशरण लोधी शीतला प्रसाद गुरु प्रसाद लोधी ब्रजेश पासवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी केंद्रों की कमी से कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं की देखभाल पर संकट

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

नगर क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों की अनुपलब्धता के कारण बाल विकास परियोजना की योजनाएं सही ढंग से संचालित नहीं हो पा रही हैं। नगर के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए कोई ठोस सरकारी कार्यक्रम उपलब्ध नहीं है, जिससे कुपोषण की समस्या गंभीर रूप धारण करती जा रही है। आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चन्द्र गुप्ता ने इस मुद्दे को लेकर विदेश राज्य मंत्री और गोण्डा के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उतरौला नगर में आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की मांग की गई थी।

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने इस ज्ञापन पर कार्यवाही करते हुए बाल विकास परियोजना विभाग को संस्तुति के साथ भेजा, लेकिन अभी तक नगर में एक भी आंगनवाड़ी केंद्र स्थापित नहीं हो सका है। यह चिंता का विषय है कि पूरे देश में जहां आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं की देखभाल की जा रही है, वहीं बलरामपुर जिले के उतरौला नगर में अब तक आंगनवाड़ी केंद्र स्थापित नहीं हो सके हैं।

आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला में जनसंख्या के हिसाब से 34 आंगनवाड़ी केंद्र खुलने चाहिए थे, लेकिन सरकार द्वारा अब तक इसकी स्वीकृति नहीं दी गई है। इसके परिणामस्वरूप बाल विकास परियोजना विभाग नगर के कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं का सर्वेक्षण और देखभाल नहीं कर पा रहा है। नगर के कई बच्चे और महिलाएं कुपोषण से जूझ रहे हैं, लेकिन उचित सरकारी मदद न मिलने के कारण उनका इलाज नहीं हो पा रहा है।

आंगनवाड़ी केंद्रों की कमी के कारण नगर की महिलाएं और बच्चे स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए,आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चन्द्र गुप्ता ने पहले भी शासन को पत्र लिखकर आंगनवाड़ी केंद्रों के शीघ्र खुलने की मांग की थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। निराश होकर उन्होंने सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को ज्ञापन सौंपा, ताकि इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई हो सके और नगर में आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थापना हो सके। बाल विकास परियोजना अधिकारी उतरौला अशोक चौहान ने बताया कि विभाग की ओर से नगर में आंगनवाड़ी केंद्र खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही केंद्र खोले जाएंगे और नगर के कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं का सर्वेक्षण करके उन्हें उपचार और सहायता दी जाएगी।

आंगनवाड़ी केंद्र खुलने से न केवल कुपोषण की समस्या से निपटा जा सकेगा, बल्कि नगर की बेरोजगार महिलाओं को भी रोजगार का अवसर मिलेगा। अब देखना यह है कि शासन कब तक इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है और नगर के लोग इस समस्या से कब राहत पाते हैं।

# अवैध कब्जे के खिलाफ महिला ने सीएम पोर्टल पर लगाई न्याय की गुहार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड श्रीदत्तगंज के ग्राम अगया बुजुर्ग की निवासी मुन्नी देवी, पत्नी राम गोपाल, ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर अपने घर के सहन दरवाजे पर हुए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है। मुन्नी देवी का आरोप है कि गांव के कीमती लाल, पुत्र राम करन, ने उनके घर के सहन दरवाजे पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, जिससे उनके आवासीय अधिकारों का हनन हो रहा है।

पीड़िता मुन्नी देवी ने इससे पहले जिले के कई आला अधिकारियों से इस मामले में गुहार लगाई, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल सका। लगातार अधिकारियों के चक्कर काटने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत भेजी है। मुन्नी देवी ने अपनी शिकायत में बताया कि अवैध कब्जे के कारण उनका और उनके परिवार का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रशासन से इस अवैध कब्जे को जल्द से जल्द हटवाने और न्याय दिलाने की अपील की है। ग्रामीणों का भी कहना है कि इस प्रकार के अवैध कब्जे गांव में शांति और सौहार्द बिगाड़ सकते हैं, इसलिए प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद प्रशासन किस तरह की कार्रवाई करता है और क्या मुन्नी देवी को इंसाफ मिल पाता है।

# 51वीं यूपी बटालियन के तत्वावधान में प्रशिक्षण सम्पन्न

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** 51 वीं यू पी बटालियन के तत्वावधान में सिरसिया श्रावस्ती के बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।





रविवार को समापन समारोह का शुभारंभ बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह ने किया। शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं मैप रीडिंग, ड्रिल,फायरिंग, रस्साकशी, वॉलीबॉल आदि के विजयी प्रतिभागियों को तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सहित कुल 137 कैडेटों को मेडल व पुरस्कार प्रदानकर सम्मानित किया गया। कैडेटों को संबोधित करते हुए बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पटवाल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर संस्थागत प्रशिक्षण का व्यावहारिक प्रकटीकरण है। शिविरों का मूल उद्देश्य कैडेटों को जीवन के एक नियमित तरीके से परिचित कराना है और कैडेटों में सौहार्द, टीम वर्क, नेतृत्व गुण, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा विकसित करने में मदद करना है। कैडेटों को शिविर जीवन के रोमांच से अवगत कराया जाता है। संस्थागत प्रशिक्षण के उन पहलुओं पर जोर देकर और उन्हें शामिल करके कैडेटों में रुचि पैदा करना जो युवा कैडेटों को एनसीसी की ओर आकर्षित करते हैं और उन्हें रोमांच और उत्साह का तत्व प्रदान करते हैं।इसके बाद कैडेटों को एन सी सी सर्टिफिकेट परीक्षा में आने वाले विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। इस दौरान बटालियन के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अनुराग गंजवार, लेफ्टिनेंट डॉ सूर्यभान रावत,सूबेदार नायक, सूबेदार खड़का बहादुर,नायब सूबेदार बलवीर सिंह सहित कई एन सी सी ऑफिसर व पी आई स्टाफ मौजूद रहे।

# मूसलाधार बारिश से नगर में जलभराव की विकट समस्या, आवागमन बाधित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



लगातार मूसलाधार बारिश से उतरौला नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है, जिससे आम जनता का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण कई प्रमुख मार्गों पर कमर तक पानी भर गया है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है।

नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित झटपट मार्केट से सुभाष नगर होते हुए एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज जाने वाले मार्ग पर कमर तक पानी भर गया है। इसी प्रकार गोंडा मोड़ से अंबेडकर चौराहा जाने वाले मार्ग पर गुप्ता टेंट हाउस के बगल से कटहरी बाग को जाने वाले इंटरलॉकिंग मार्ग पर घुटनों से ऊपर तक पानी भरने से रास्ता पूरी तरह से बंद हो चुका है। यहां के स्थानीय निवासियों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे के पास रजा मस्जिद के सामने की दुकानों के सामने पिछले कई हफ्तों से पानी भरा हुआ है, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों को भारी असुविधा हो रही है। दुकानदारों ने कई बार संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। गौसिया मार्केट के सामने भी लगभग एक फीट जलभराव हो चुका है, जिससे ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने के लिए पानी में से होकर गुजरना पड़ रहा है। न्यू टाइनी टाट्स इंटर कॉलेज और कन्या जूनियर हाई स्कूल जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के मार्गों पर भी जलभराव हो गया है, जिससे छात्रों और अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय आने-जाने के लिए बच्चों और शिक्षकों को पानी में होकर गुजरना पड़ रहा है। कर्बला के कब्रिस्तान में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण वहां की सभी कब्रें पानी में डूब गई हैं। कुछ दिन पहले समाजसेवियों द्वारा पंपिंग सेट लगाकर पानी निकाला गया था, लेकिन फिर से बारिश के कारण पानी भर गया है। दुखहरण नाथ मंदिर और शहीद मर्द बाबा के मजार के सामने भी जलभराव से श्रद्धालुओं को दिक्कत हो रही है। नगर के नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल निकासी की व्यवस्था को तुरंत सुधारा जाए। स्थानीय प्रशासन को इस विकट स्थिति का संज्ञान लेकर जल निकासी के लिए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए ताकि नगरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके और जनजीवन सामान्य हो सके।

## श्रीलंका से चिंताएं

श्रीलंका में राजनीतिक बदलाव कहीं भारत के लिए खतरे की घंटी तो नहीं। चीन के लिए, जे.वी.पी. के नेतृत्व वाला श्रीलंका उसके 'मोतियों की माला' में एक और रत्न होगा, जो क्षेत्र पर उसकी पकड़ को मजबूत करेगा। श्रीलंका दे सकता है टेंशन, भारत करे तो क्या? चीन की ओर झुकाव से श्रीलंका कर्ज के जाल में फंस गया। नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया। अब सवाल और भी गंभीर हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी–समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है। ऐसे में भारत को अपने एक्शन के बारे में आशंकित होने का हर कारण है। श्रीलंका में हालिया राजनीतिक बदलावों का भारत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा पर असर पड़ेगा। चूँकि भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति है, इसलिए उसे इन उभरती गतिशीलता के अनुकूल होने एवं अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनी राजनयिक रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। इससे पहले, कोलंबो में दक्षिणपंथी सरकारों ने बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश के बदले में चीन की ओर झुकाव की कोशिशें की। ये उनके लिए गले की फांस बन गईं। इनमें से अधिकांश कर्ज के जाल में फंस गए। नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया। अब सवाल और भी गंभीर हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी–समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है। ऐसे में भारत को अपने एक्शन के बारे में आशंकित होने का हर कारण है। भारत को सतर्क रहना चाहिए और इस बढ़ते चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए क्षेत्र में अपनी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए, साथ ही यह भी देखना चाहिए कि जे.वी.पी. श्रीलंका में किस तरह का शासन और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन लाएगा। नेशनल पीपुल्स पावर का उदय आईएमएफके चल रहे बेलआउट कार्यक्रमों और श्रीलंका में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय निवेशों को खतरे में डाल सकता है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। आज, दिसानायके के नेतृत्व में जे.वी.पी. का पुनरुत्थान महज एक राजनीतिक जीत नहीं हैय यह उस अंधराष्ट्रवादी चरित्र की वापसी का संकेत है जिसने कभी श्रीलंका की एकता को खतरा पैदा किया था। जे.वी.पी. के उदय का सबसे चिंताजनक पहलू चीन की भू–राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के साथ इसका संभावित तालमेल है। श्रीलंका लंबे समय से चीन की 'स्ट्रिंग ऑफपर्ल्स' रणनीति का हिस्सा रहा है। चीन समर्थित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और राजनीतिक सांझेदारियों की एक श्रृंखला, जिसका उद्देश्य भारत को घेरना और हिंद महासागर में अपने समुद्री प्रभुत्व को सुरक्षित करना है। कोलंबो बंदरगाह परियोजना एवं अडानी सौर ऊर्जा पहल जैसी परियोजनाओं के रद्द होने का खतरा है, जिसका सीधा असर भारतीय आर्थिक हितों पर पड़ रहा है। श्रीलंका के राजनीतिक रुख में बदलाव से चीन इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ा सकता है, जिससे भारत के रणनीतिक हितों को खतरा उत्पन्न हो सकता है। श्रीलंका में आंतरिक राजनीतिक परिवर्तनों के कारण उत्पन्न अस्थिरता फैल सकती है, जिससे भारत के लिए महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों सहित क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। यदि श्रीलंका को राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है, तो इससे हिंद महासागर में सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है, जो भारत के व्यापार एवं रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है।

# परंपरागत चिकित्सा की रणनीति : स्वास्थ्य के लिए एक समग्र दृष्टिकोण

**प्रो. खुर्शीद अहमद अंसारी**



**परंपरागत चिकित्सा के चिकित्सक अक्सर उपचार को व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार ढालते हैं, जिसमें उनकी विशिष्ट शारीरिक स्थिति, जीवनशैली, और स्वास्थ्य इतिहास को ध्यान में रखा जाता है। यह व्यक्तिगत दृष्टिकोण बीमारी के मूल कारणों को हल करने में मदद करता है, न कि केवल लक्षणों को खत्म करने में। जड़ी-बूटी के उपचार कई परंपरागत चिकित्सा प्रणालियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका उपयोग पाचन समस्याओं से लेकर पुरानी बीमारियों तक के इलाज के लिए किया जाता है। अरब व ईरानी विद्वानों द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में किये गए योगदान को नकारा नहीं जा सकता। चार तत्व, चार प्राकृतिक स्रोतों से धनी इस वैज्ञानिक व प्रभावी चिकित्सा पद्धति द्वारा असाध्य रोगों का इलाज न सिर्फ संभव है वरन प्रभावी भी है। निदान व उपचार के सर्वप्रथम जीवनशैली के वाह्य कारकों हवा, खाना-पीना, शिथिलता, नीद आदि को ही प्रबंधन की वकालत करने वाले इस चिकित्सा में दूसरे स्थान पर औषधियों द्वारा इलाज का अनुमोदन किया गया है।**

परंपरागत चिकित्सा, जो विभिन्न तरीकों और उपचार पद्धतियों पर आधारित है, सदियों से कई संस्कृतियों में स्वास्थ्य देखभाल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। मन, शरीर और आत्मा को एक साथ जोड़ते हुए परंपरागत चिकित्सा आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरक दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो न केवल शारीरिक रोगों का समाधान करती है, बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी संबोधित करती है। परंपरागत चिकित्सा उन दीर्घकालिक स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं को संदर्भित करती है जो विभिन्न संस्कृतियों में सदियों के दौरान विकसित हुई हैं और आधुनिक काल में भी उनकी महत्ता बनी हुई है।

एक आकलन के अनुसार अब भी दुनिया भर में लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या इन्हीं घरेलू और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों पर निर्भर करती है। इसमें उपचार की विविध पद्धति शामिल होती है, जैसे जड़ी-बूटी चिकित्सा, यूनानी, एक्यूपंक्चर, आयुर्वेद, होम्योपैथी और पारंपरिक चीनी चिकित्सा। परंपरागत चिकित्सा एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है, जिसका उद्देश्य व्यक्ति के भीतर द्रव्य व ऊर्जा के बीच संतुलन और समन्वय को बहाल करना होता है, जबकि पारंपरिक पश्चिमी चिकित्सा मॉडल आमतौर पर विशिष्ट लक्षणों के उपचार पर केंद्रित होता है। परंपरागत चिकित्सा का एक प्रमुख पहलू निवारक देखभाल है। यह व्यक्तियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिसमें उचित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि और तनाव प्रबंधन शामिल होते हैं, ताकि बीमारी को उत्पन्न होने से पहले ही रोका जा सके। आधुनिक युग की जीवन शैली में निष्क्रियता और बढ़ते तनाव में उपरोक्त कारकों का सामंजस्य आज वैज्ञानिकों द्वारा प्रमाणित किया जा चुका है, जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य का लक्ष्य प्राप्त करना सुलभ हो सकता है। परंपरागत चिकित्सा अक्सर प्राकृतिक तत्वों का उपयोग करती है, जिसमें पौधे, खनिज, और पशु उत्पाद शामिल होते हैं, जो उपचार को प्रेरित करने के लिए होते हैं। ये उपचार शरीर की प्राकृतिक उपचार प्रक्रियाओं के साथ सामंजस्य में काम करने का आश्वासन देते हैं।

परंपरागत चिकित्सा के चिकित्सक अक्सर उपचार को व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार ढालते हैं, जिसमें उनकी विशिष्ट शारीरिक स्थिति, जीवनशैली, और स्वास्थ्य इतिहास को ध्यान में रखा जाता है। यह व्यक्तिगत दृष्टिकोण बीमारी के मूल कारणों को हल करने में मदद करता है, न कि केवल लक्षणों को खत्म करने में। जड़ी-बूटी के उपचार कई परंपरागत चिकित्सा प्रणालियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका उपयोग पाचन समस्याओं से लेकर पुरानी बीमारियों तक के इलाज के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए हल्दी और अदरक आमतौर पर आयुर्वेद में उनकी सूजनरोधी गुणों के लिए उपयोग होते हैं। अरब व ईरानी विद्वानों द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में किये गए योगदान को नकारा नहीं जा सकता। चार तत्व, चार प्राकृतिक स्रोतों से धनी इस वैज्ञानिक व प्रभावी चिकित्सा पद्धति द्वारा असाध्य रोगों का इलाज न सिर्फ संभव है वरन प्रभावी भी है। निदान व उपचार के सर्वप्रथम जीवनशैली के वाह्य कारकों हवा, खाना-पीना, शिथिलता, नीद आदि को ही प्रबंधन की वकालत करने वाले इस चिकित्सा में दूसरे स्थान पर औषधियों द्वारा इलाज का अनुमोदन किया गया है और अंत में ही शल्य चिकित्सा के लिए आवश्यकता पर जोर दिया गया है। ये तकनीकें, जो पारंपरिक चीनी चिकित्सा पर आधारित हैं, शरीर के विशिष्ट बिंदुओं को सक्रिय करने की प्रक्रिया में शामिल होती हैं ताकि ऊर्जा संतुलन को बहाल किया जा सके। ये दर्द प्रबंधन, तनाव कम करने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी मानी जाती हैं। योग, ध्यान और ताई ची जैसी तकनीकें शारीरिक गतिविधियों को मानसिक ध्यान और विश्राम के साथ जोड़ती हैं। ये अभ्यास तनाव को कम करने, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में सहायक माने जाते हैं। विभिन्न संस्कृतियां पारंपरिक उपचार रस्मों को अपनाती हैं। जैसे मालिश, सुगंध चिकित्सा और आध्यात्मिक परामर्श। ये विधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं, बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक समर्थन भी प्रदान करती हैं।

परंपरागत चिकित्सा आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरक हो सकती है, अतिरिक्त उपचार विकल्प प्रदान करती है और उन स्वास्थ्य पहलुओं को संबोधित करती है जिन्हें अक्सर पारंपरिक चिकित्सा द्वारा अनदेखा किया जाता है। कई परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां, विशेष रूप से जड़ी-बूटी चिकित्सा, महंगे चिकित्सा उपचार के किफायती विकल्प के रूप में प्रभावी होती हैं। परंपरागत चिकित्सा व्यक्तियों को उनकी स्वास्थ्य देखभाल में एक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है। आत्म-देखभाल और निवारक उपायों को बढ़ावा देकर व्यक्ति अपनी स्वास्थ्य प्रबंधन में अधिक सशक्त महसूस करते हैं। परंपरागत चिकित्सा विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों के साथ मेल खाती है, जो स्वास्थ्य देखभाल के लिए सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह अनुकूलता रोगी की अनुवर्ती और संतोष को बेहतर बना सकती है।

इसके लाभों के बावजूद परंपरागत चिकित्सा को आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में एकीकृत करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों में शामिल हैं कई परंपरागत तरीकों की प्रभावकारिता को प्रमाणित करने के लिए कठोर वैज्ञानिक अध्ययनों की कमी है। इससे स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और रोगियों में संदेह उत्पन्न हो सकता है। परंपरागत चिकित्सा पद्धति में मानकीकरण और विनियमन की कमी के परिणामस्वरूप उपचार की असंगत गुणवत्ता और सुरक्षा हो सकती है। रंपरागत पद्धतियों की गलत व्याख्याएं सांस्कृतिक गलत उपयोग या अनादर का कारण बन सकती हैं। यह आवश्यक है कि चिकित्सक परंपरागत चिकित्सा के सांस्कृतिक संदर्भ को समझें ताकि प्रभावी और सम्मानजनक उपचार सुनिश्चित किया जा सके। परंपरागत चिकित्सा मूल्यवान अंतर्दृष्टि और पद्धतियां प्रदान करती है जो आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के साथ समन्वित की जा सकती हैं। जैसे-जैसे दुनिया समग्र स्वास्थ्य के महत्व को पहचानती है, परंपरागत चिकित्सा को मुख्यधारा के स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में शामिल करने का अवसर मौजूद है, जिससे रोगी की देखभाल में सुधार हो और समग्र कल्याण को बढ़ावा मिले। परंपरागत और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के बीच भविष्य के अनुसंधान और सहयोग से स्वास्थ्य के लिए एक अधिक व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

**विचार**

# इजराइल का लक्ष्य ईरान को युद्ध में लपेटना है

**ललित मोहन बंसल**



वैश्विक तनाव, रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास, सूडान गृहयुद्ध, दो अरब की भुखमरी और पर्यावरण असंतुलन की मार से संयुक्त राष्ट्रसंघ इन दिनों कैमरे में बंद है, इसके संरक्षक, मुखिया और चाहने वाले हाल-बेहाल हैं। 'यूक्रेन-रूस' युद्ध पर पश्चिमी तंज पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इतने क्रुद्ध हैं कि उनके राजनयिक प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में धमकी दे डाली कि 'इस परम्परागत युद्ध में एक ने भी लंबी दूरी के प्रेक्षापास्त्र का प्रयोग किया तो उसके परिणाम घातक होंगे।' इधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहु ने संयुक्त राष्ट्र में कड़े तेवर अपनाते हुए युद्ध विराम को नकारा और अपने कमांडरों का आह्वान किया कि युद्ध की गति को बढ़ा दें।

इसके एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र में इस्लामिक देशों ने दो तिहाई देशों के साथ मिलकर इजराइल पर दबाव बनाने की पहल की थी। इसका त्वरित असर यह हुआ कि इजराइली वायुसेना ने चंद घंटों बाद लेबनान के दक्षिण में ईरान के 'छद्म फ्रंट' हेज़्बुल्लह ठिकानों को निशाना बना कर पाँच सौ से अधिक फ्रंट समर्थकों को ढेर कर दिया और हजारों को घायल कर दिया। इसके चंद दिन पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संयुक्त राष्ट्र में 'युद्ध नहीं, शांति' और विश्व बंधुत्व के संदेश की अनसुनी कर डाली।

इज़राइल और फ़िलिस्तीन के दशकों से चले आ रहे खूनी संघर्ष में भारत 'दो राष्ट्र सिद्धांत' को प्रश्रय देता आया है। इसके बावजूद अमेरिकी कंधे पर सवार इजराइल के कमांडो ने घने अंधेरे में हेलीकॉप्टर से उड़ान भरते हुए शुक्रवार को सीरिया के उत्तर पश्चिम में आधुनिकतम प्रेक्षापास्त्र शोध केंद्र' को ध्वस्त किया है, एक चौंकाने वाली घटना है। यही नहीं, शनिवार रात इजराइल ने हिज्बुल्लह के मुखिया हसन नसरुल्लह को मार गिराने में बड़ी सफलता हासिल की है। हेज्बुल्लह के बड़े कमांडरों में अब गिनती के कमांडर रह गये हैं।ग्लोबल फ़ायरपावर इंडेक्स की माने तो इजराइल और ईरान असल में बराबरी की टक्कर में हैं। ईरान 14वें नंबर पर है तो इजराइल 17वें पायदान पर है। ईरान के पास 551 तो इजराइल के पास 612 विमान हैं। ईरान के पास 186 लड़ाकू विमान हैं तो इजराइल के पास 241 लड़ाकू विमान हैं। टैंकों की स्थिति में ईरान आगे है।

इजराइल का लक्ष्य ईरान क्यों है? न्यूयॉर्क टाइम्स की मानें तो यह सीरियाई केंद्र ईरान की मदद से हिज्बुल्लह संचालित कर रहा था। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि इजराइल का लक्ष्य सीधे-सीधे ईरान को युद्ध में लपेटना है। ऐसा अगले चंद दिनों में संभव है। यहाँ हमास के हमसफ़र हिज्बुल्लह ने इजराइल के उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्र में एक साथ सैकड़ों रॉकेट लांचर से हमला किया, इजराइली आयरन डोम से हमला विफल हो गया, प्रशासन को आनन-फानन में अपने करीब पच्चास हजार यहूदियों को सुरक्षित क्षेत्र में पुनर्वासित करना पड़ा। अब इजराइली पैदल सेना गाजा पट्टी की तरह लेबनान में घुसेगी और भयंकर तबाही मचेगी तो यह युद्ध विकराल रूप लेता हुआ दिनों नहीं, महीनों और वर्षों तक चलेगा।

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट है कि ईरान के राष्ट्रपति डाक्टर मसूद पेजेशकियन ने संयुक्त राष्ट्र में अपने उद्बोधन में पश्चमी देशों के प्रतिबंधों से मुक्ति और मित्रता का हाथ बढ़ाए जाने की घोषणा जरूर की है, उसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि ईरान के साये में पल रहे हिज्बुल्लह, हमास और हैती संगठनों से निजात पाना संभव नहीं है। गत जुलाई में सत्तारूढ़ डॉक्टर पेजेशकियन ने यह भी कहा है, 'हिज्बुल्लह अकेले दम इजराइल से टक्कर लेने की स्थिति में नहीं है।' यह भी एक सच्चाई है, अमेरिका में लाखों यहूदी (12 ल) व्यवसायी हैं, टेक्नोक्रेट और अधिकारी हैं। इन दिनों चुनाव का माहौल गरमाया हुआ है, डेमोक्रेट जो बाइडन हों या रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप, यहूदियों की अनदेखी नहीं कर पा रहे हैं। एक दिन पहले ही राष्ट्रपति बाइडन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के शुभारंभ पर अपने अंतिम संबोधन में दलील दी थी, 'हमास सभी बंधक छोड़े फिर गाजा पट्टी से मुँह मोड़ कर चल दे, इससे युद्ध विराम और शांति का मार्ग प्रशस्त होगा।' ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में विजयी होते हैं तो निःसंदेह खाड़ी में युद्ध विकराल रूप लेगा। पुतिन और उनके हमसफर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफ़िंग तो न्यूयॉर्क पहुँचे नहीं, नाटो के द्वार पर रूसी दुंदुभि से हताश निराश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के क़द्दावर, स्थायी सदस्य इंग्लैंड और फ़्रांस भी व्लोडोमीयर जेलेंस्की के स्वर में स्वर मिला रहे हैं, लेकिन जेलेंस्की के इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं हैं कि उन्हें रूस के अंदरूनी हिस्सों में मार करने के लिए लंबी दूरी के प्रेक्षापास्त्र दिये जाएँ।

यहाँ इंग्लैंड की नई सरकार के तेवर, ख़ासकर उसके विदेश मंत्री ने यूक्रेन-रूस युद्ध में पुतिन की हठधर्मिता को कोसते हुए माफिया कह डाला। जेलेंस्की लगे रहे कि रूस पर युद्ध विराम और शांति के लिए विवश किया जाए। वह न्यूयॉर्क स्थित ट्रंप टावर में डोनाल्ड ट्रंप से मिले। ट्रंप भी उन्हें पुतिन से अपनी दोस्ती और एक दिन में युद्ध समाप्ति किए जाने की घुट्टी पिलाते रहे। इस ऊहापोह में संयुक्त राष्ट्र भले 190 देशों और पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद की सीमाओं में बंधा हुआ है, सुरक्षा परिषद के विस्तार में अमेरिकी प्रस्ताव पर इंग्लैंड, फ़्रांस सहित अन्यान्य देश भारत, जर्मनी और ब्राज़ील सहित एक अफ्रीकी देश को जोड़ने के लिए आगे आए हैं, लेकिन क्या इस प्रस्ताव को चीन स्वीकार करेगा?

## संस्कारों और प्रगतिशीलता का संतुलन ही जीवन की सफलता

**संजीव ठाकुर**

मनुष्य को मानव जीवन बड़ी मुश्किल से मिलता है और मानव जीवन अमूल्य है। मनुष्य जीवन ही ऐसा है जिसमें मस्तिष्क, सोचने की क्षमता होती है और हंसने मुस्कुराने का विशिष्ट गुण होता है और यही गुण मनुष्य को पशु पक्षी और जानवर से पृथक करता है। मानव जीवन नाटकीय परिस्थितियों से भरा पड़ा है। जिंदगी जीने के कई दृष्टिकोण मनुष्य के सामने होते हैं कई व्यक्ति आर्थिक सफलता को जीवन में सर्वोच्च स्थान देता है, कोई समाज सेवा को और कोई सामाजिक सम्मान का अति लोभी भी हो जाता है ,कोई व्यक्ति राजनीति के उच्चतम शिखर पर पहुंचना चाहता है ।यह सभी मनुष्य के जीवन जीने के अलग अलग तरीके हो सकते हैं अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्या आवश्यक साधन एवं तरीके अपनाए जाएं यह एक यक्ष प्रश्न की तरह मनुष्य के सामने खड़ा होता है। मनुष्य का हमेशा जिंदगी जीने के लिए एक ललक और प्यास रखने की आवश्यकता होती है जीवन को यह अंतिम जीवन हैं कहकर जीने की आवश्यकता होती है एवं इसे निश्चित धैर्य में बांधकर जीवन जीने की बजाए प्रयोग के साथ नवीनता और परिवर्तनशीलता लबालब रखना चाहिए मगर शर्त यह है कि यह मनुष्य के जीने का तरीका सामाजिक नियमों या परिपाटी का खुला उल्लंघन ना हो। खुले जीने के तरीके मनुष्य को आत्म संतुष्टि प्राप्त नहीं होती है। जीवन जीने का तरीका एक यह भी है की विपरीत परिस्थितियों से डटकर मुकाबला कर उसे सहज स्वीकारना चाहिए। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में जहां पूरी दुनिया एक वैश्विक ग्राम बनकर रह गई है वहां जीवन नाटकीय ता से परिपूर्ण हो सकता है क्योंकि मनुष्य का आज का जीवन विश्व की तमाम क्रिया प्रतिक्रिया एवं घटनाओं से काफी हद तक प्रभावित होता रहा है भले ही उससे समक्ष या परोक्ष रूप से मनुष्य जुड़ा हुआ हो या न हो। हाल की घटनाओं में ले लीजिए रूस यूक्रेन और इजराइल फिलिस्तीन युद्ध से पूरा विश्व जनमत प्रभावित हुआ है एवं वैश्विक महंगाई में भी इजाफा हुआ है क्योंकि विश्व के तेल आयातक देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए। मनुष्य के निजी जीवन में कई घटनाएं, दुर्घटनाएं आकस्मिक सामने आ जाती हैं तो ऐसे में मनुष्य को बिना हिचकिचाहट दर्शाए उन परिस्थितियों से रूबरू होकर उसका सामना संयम ,मनोबल तथा पूरी शक्ति से करना चाहिए ऐसे में निश्चित तौर पर मनुष्य को विषम परिस्थितियों में सफलता प्राप्त होती है। क्योंकि मनुष्य को श्रम करने की आदत हो तो जीवन के अनेक पहलुओं को भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। जीवन के अनेक दृष्टिकोण से परिस्थितियों को गुणवत्ता के आधार पर स्वीकार तथा आज स्वीकार करते हुए निरंतर अग्रसर होते रहना चाहिए और कठिन श्रम निरंतर मेहनत पर मनुष्य को भरपूर भरोसा होना चाहिए। क्योंकि कर्म पर भरोसा रखने से और इस प्रक्रिया से भविष्य के परिणाम बहुत ज्यादा प्रभावित करते हैं जीवन को सकारात्मक विचारों के साथ निरंतर आगे बढ़ाकर परिस्थितियों का दास नहीं उस पर नियंत्रण करता होना चाहिए, तब जाकर मनुष्य अपने लक्ष्य को सफलता के रूप में प्राप्त कर सकता है। मनुष्य को केवल जीवन जीना ही नहीं है उसे उस जीवन को सफल और सफलता के चरमोत्कर्ष तक पहुंचाना होता है। साधारण जिंदगी जिए और मृत्यु को प्राप्त हो गए ऐसा जीवन तो जानवर पशु पक्षी भी जीते हैं यदि आपको मनुष्य योनि में जन्म मिला है तो इसे सार्थक करने के लिए आपको अनथक प्रयत्न कर इस लोक जगत और मानव सभ्यता के लिए परोपकार की भावना भी आपके व्यक्तित्व में समाहित करना होगा। मनुष्य इस बात को जितने जल्दी समझ जाए कि उसका जीवन केवल उसके लिए नहीं है बल्कि संपूर्ण मानव जगत और इस भव संसार की भलाई के लिए भी है तब ही उसका जीवन सार्थक एवं सफल हो सकता है।



## राशिफल

**मेष:-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**वृषभ:-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुन:-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क :-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**सिंह:-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्या:-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुला:-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिक:-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें।

**धनु:-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकर:-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभ:-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन:-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# किस्सा बलराज साहनी के शंभू महतो बनने का

**अजय कुमार शर्मा**

**शंभू महतो के रोल के लिए सबसे पहले अशोक कुमार ने स्वयं संपर्क किया था बिमल रॉय से लेकिन उन्हें मना कर दिया गया। बाद में जयराज और भारत भूषण ने भी इस भूमिका को करना चाहा। इस भूमिका के लिए अपने चयन के बारे में स्वयं बलराज साहनी ने अपनी आत्मकथा में कुछ इस तरह लिखा है, सुबह का समय था। मै समुद्र-तट पर बच्चों के साथ रेत के घरौंदे बना रहा था। तभी मैंने देखा, एक गोल-मटोल बंगाली बाबू अपनी धोती का सिरा पकड़े मेरी ओर आ रहा है। मैं उसे जानता नहीं था।(उस व्यक्ति का नाम असित सेन था, जो उन दिनों बिमल रॉय के सहायक निर्देशक थे और बाद में हिन्दुस्तानी फिल्मों के प्रसिद्ध हास्य-अभिनेता बने) असित सेन ने मेरे बिलकुल निकट पहुंचकर उदास और नाकसुरी आवाज में कहा, बिमल राय दादा आपको याद कर रहे है।**

कुछ किरदार अभिनेताओं के व्यक्तित्व से ऐसे जुड़ जाते हैं कि उनकी पहचान ही बन जाते हैं । जैसे दिलीप कुमार और देवदास, अमजद खान और गब्बर, जया भादुड़ी और गुड्डी। ऐसा ही कुछ हुआ बलराज साहनी के किरदार शंभू महतो के साथ... दो बीघा जमीन (1953) के इस केंद्रीय पात्र को बलराज साहनी ने ऐसी शिद्दत से निभाया कि हर दर्शक एक किसान की अपनी दो बीघा जमीन बचाने के लिए कलकत्ता में हाथ रिक्शा खींचने और दूसरे संघर्षों में इस तरह से शामिल होता चला गया, मानो यह संघर्ष केवल उसका न होकर उन सबका भी है। उसकी एक-एक मुश्किल और परेशानी पर परदे के बाहर बैठे दर्शक उतना ही द्रवित हुए जितना वह परदे पर

यह अभिनेता और दर्शक का एक ऐसा रिश्ता होता है जिसे कायम करने के लिए अभिनेता की सच्चाई और मेहनत तथा उसे गढ़ने वाले निर्देशक को समर्थ और व्यापक सामाजिक नजर की दरकार होती है। बलराज साहनी का शंभू मेहता होना इस दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है कि वह एक सफल और बड़े व्यापारी घराने के सबसे बड़े पुत्र होने के साथ ही अंग्रेजी में एम ए थे,



वह भी लाहौर के गवर्मेंट कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित कॉलेज से। इतना ही नहीं वह रबींद्रनाथ ठाकुर के शांति निकेतन विश्वविद्यालय में हज़ारी प्रसाद द्विवेदी के साथ अध्यापक रहे थे और महात्मा गांधी के साथ रह कर काम करने के बाद बीबीसी लंदन में उद्घोषक रह कर भारत वापस लौटे थे। ऐसे यादगार और विश्वसनीय किरदार यूं ही हवा में पैदा नहीं होते। बलराज साहनी द्वारा लिखी मेरी फिल्मी आत्मकथा में इस किरदार के इतने यादगार या महत्वपूर्ण होने के ज्यादातर संदर्भ मिल जाते हैं।

शंभू महतो के रोल के लिए सबसे पहले अशोक कुमार ने स्वयं संपर्क किया था बिमल रॉय से लेकिन उन्हें मना कर दिया गया। बाद में जयराज और भारत भूषण ने भी इस भूमिका को करना चाहा। इस भूमिका के लिए अपने चयन के बारे में स्वयं बलराज साहनी ने अपनी आत्मकथा में कुछ इस तरह लिखा है,÷सुबह का समय था। मै समुद्र-तट पर बच्चों के साथ रेत के घरौंदे बना रहा था। तभी मैंने देखा, एक गोल-मटोल बंगाली बाबू अपनी धोती का सिरा पकड़े मेरी ओर आ रहा है। मैं उसे जानता नहीं था। (उस व्यक्ति का नाम असित सेन था, जो उन दिनों बिमल रॉय के सहायक निर्देशक थे और बाद में हिन्दुस्तानी फिल्मों के प्रसिद्ध हास्य-अभिनेता बने) असित सेन ने मेरे बिलकुल निकट पहुंचकर उदास और नाकसुरी आवाज में कहा, बिमल राय दादा आपको याद कर रहे है।

उन्हें फ़िल्म के बारे में बात करनी है। मैं जल्दी से तैयार होकर मोहन स्टूडियो पहुंचा। अपने चेहरे पर मैंने हलका-सा पाउडर लगा लिया था और इंगलैंड का सिला सूट प्रेस करवा कर पहन लिया था, जो उस मौसम को देखते हुए काफ़ी भारी था। जब मैं बिमल रॉय के कमरे में दाखिल हुआ, तो वे मेज पर बैठे कुछ लिख रहे थे। उन्होंने आंखें उठा कर मेरी ओर देखा, तो देखते ही रह गए। म

ुझे लगा, जैसे मैंने कोई कसूर कर दिया हो। कुछ देर के बाद उन्होंने मुड़कर, अपने पीछे कुर्सियों पर बैठे, कुछ लोगों से बंगला में कहा, एईजे की चमत्कार मानुष ! आमार शोंगे ढाढा कोरे छो की? (क्या अजीबोगरीब आदमी पकड़ लाए हो! मेरे साथ मजाक कर रहे हो क्या ?) उन्हें शायद पता नहीं था कि मैं बंगला जानता हूं। उन्होंने मुझे बैठने को भी नहीं कहा। आखिर वे बोले, %मिस्टर साहनी, मेरे आदमियों से ग़लती हुई है। जिस किस्म का पात्र मैं फ़िल्म में पेश करना चाहता हूं, आप उसके बिलकुल उपयुक्त नहीं है। इतना रूखा व्यवहार ! गैरत की मांग थी कि मैं उसी समय वहां से चला जाता। लेकिन मैं वहां जैसे गड़ा रहा। आसमान को पहुंची हुई आशाएं इनती जल्दी मिट्टी में मिल जाएंगी, इसके लिए मैं तैयार नहीं था। मैंने फिर चाहा कि उलटे पांव वापस चला जाऊं, लेकिन पैरों ने हिलने से जवाब दे दिया और कोई अदृश्य शक्ति उन्हें रोके हुए कह रही थी कि यह मौका दुबारा नहीं आएगा। और उसी अदृश्य शक्ति ने मेरे मुंह से कहलवाया, ऐसा रोल मैं पहले कर चुका हूं। बिमल रॉय के चेहरे का भाव बदला। उनके पीछे बैठे लोगों ने भी जैसे सुख का सांस ली। तब उनमें बैठे सलिल चौधरी को मैंने पहचाना, जो खुद इप्टा (इंडियन पीपल्स थियेटर) के सदस्य थे और जिनसे मैं एक-दो बार मिल चुका था। क्या पता, उन्होंने बिमल रॉय को मेरा नाम सुझाया हो। ÷प्रधान के बेटे, निरंजन का। शंभू मित्र उस फ़िल्म के सहयोगी निर्देशक थे। उन्होंने मेरी बहुत मदद की थी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# ट्रैक पर सीमेंट का पिलर रख ट्रेन पलटाने की कोशिश

- रेल पथ निरीक्षक बांदा ने आरोपी के खिलाफ थाने में दी तहरीर
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा किया पंजीकृत
- रेलवे एक्ट की धारा 150 व बीएनएस की धारा 327 के तहत मुकदमा पंजीकृत



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे ट्रैक पर सीमेंट का पिलर रखकर ट्रेन को डीरेल करने के प्रयास करने मामला सामने आया है। लोको पायलट की सजगता के चलते एक बड़ा रेल हादसा होने से टल गया। फिलहाल पुलिस ने मामले में एक 16 वर्षीय किशोर युवक को गिरफ्तार किया है। किशोर से गहनता से पूँछतांछ के दौरान उसने रेलवे ट्रेक पर सीमेंट का पिलर रखने की बाद स्वीकारी है। रेल पथ निरीक्षक के तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी किशोर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

महोबा जिले के कबरई रेलवे स्टेशन के पास गाँव मे चरवाहे का काम कर रहे एक किशोर युवक ने एक बड़ा सा सीमेंट का पिलर रेलवे ट्रेक पर रख दिया।

सामने से आ रही ट्रेन के लोको पायलट ने जब ट्रेन की पटरी पत्थर रखा देखा तो उसने ट्रेन खड़ी कर दी और इसकी सूचना रेलवे के पदाधिकारियों को दी। रेलवे के अधिकरियों आनन फानन में स्थानीय पुलिस को घटना से अवगत कराया। सूचना पर रेलवे ट्रैक पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मौके से अंशु नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कबरई थाना क्षेत्र के सुकौरा गाँव का रहने वाला है।

बाँदा में तैनात रेल पथ निरीक्षक राजेश कुमार की शिकायत पर कबरई पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। घटना की सूचना पर निरीक्षण करने पहुंचे सीओ सदर दीपक शुक्ला ने बताया कि रेलवे विभाग से ट्रैन की पटरी पर पत्थर रखने की शिकायत आयी थी। सूचना आधार पर कबरई पुलिस मौके पर पहुंची और एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूँछतांछ के दौरान उसने ट्रेक पर पत्थर रखमे की बात स्वीकारी है। किशोर द्वारा रेलवे ट्रैक पर सीमेंट का पिलर रखने की क्या मंशा थी। यह तो जांच का विषय है। फिलहाल इस घटना ने पुलिस और रेलवे की नींदें उड़ा दीं है।

## होर्डिंग लगाते समय करंट की चपेट में आया युवक गंभीर रूप से झुलसा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** मामला थाना पनवाड़ी के कस्बा सुभाष मोहल्ला का है जहां पर युवक होर्डिंग लग रहा था तभी वह 11000 की करंट की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस कर गिर गया वहीं आसपास रह रहे दुकानदारों के द्वारा डायल 112 को सूचना दी एवं 108 को सूचना दी मौके पर पहुंची डायल 112 के कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह एवं चालक रामबाबू यादव के द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाडी में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जा रहा है एवं परिजनो को पुलिस के द्वारा सूचना दी गई है वहीं आपको बता दें कि सतीश कुमार पिता रविंद्र सिंह यादव उम्र 26,वर्ष निवासी गर्रा पुरवा थाना गढ़ी मलहरा जिला छतरपुर का रहने वाला बताया जा रहा है जो सोनालिका ट्रैक्टर की होर्टिंग लगाने का काम कर रहा था।

# मोबाइल टावर से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़



- दो भाईयों सहित चार आरोपी गिरफ्तार
- लाखों रूपये की डिवाइस सहित स्कार्पियो बरामद
- कबरई थाना व स्वाट-सर्विलांस की संयुक्त टीम को मिली सफलता

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

में एसओजी एवं थाना कबरई की संयुक्त पुलिस टीम ने मोबाइल टावर से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों की चोरी करने वाले गैंग का खुलासा किया है। 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 03 चोरियों का किया सफल अनावरण, अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की हुई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस कीमत करीब 12 लाख रु. सहित टावर पर चढ़ने व डिवाइस खोलने में प्रयुक्त सामग्री तथा चोरी में इस्तेमाल होने वाली स्कार्पियो गाड़ी बरामद की है ।

महोबा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने सर्विलांस व स्थानीय पुलिस को मोबाइल टावरों पर चोरी की डिवाइस के खुलासा करने के निर्देश दिए थे। जिसको लेकर कबरई व सर्विलांस पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को चोरी करने वाले गैंग के दो सगे भाइयों सहित चार आरोपियों को दबोच लिया है। यह सभी आरोपी कबरई थाने से कुछ दूरी पर स्थित छंगा चौराहे के समीप कानपुर रोड पर अव्यवस्थित इंडस टावर के पास से गिरफ्तार किया है । इस दौरान पुलिस ने टावर पर चढ़ने वाले चढ़ने व डिवाइस खोलने में प्रयोग सामग्री तथा चोरी में इस्तेमाल होने वाली स्कॉर्पियो गाड़ी को भी बरामद किया है।

## खबरें एक नजर में

### गोवर्धन मेला की खुली बोली आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** चरखारी नगर पालिका सभागार में आगमी गोवर्धन मेला की खुली बोली का आयोजन किया गया। जिसमे केवल 2 कार्यो की ही बोली सम्पन्न हो सकी है। मंदिर की पुताई का कार्य अधिकतम बोली ढाई लाख से वली मुहम्मद ने बोली व न्यूनतम बोली संजय खान एक लाख दस हजार बोलकर ,मंदिर पुताई का कार्य का ठेका ले लिया व मेला में विद्युत सजावट की अधिकतम बोली 2लाख से प्रारम्भ हुई व तौसीब अली ने 79000 न्यूतम बोली बोलकर मेला विधुत सजावट का ठेका हासिल कर लिया। गोबर्धन मेला खुली बोली में कार्य लेने वालों को अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा ने सख्त निदेश दिए कि जिन लोगो ने ठेके लिए है वह सम्पूर्ण कार्य को नियमानुसार ही सम्पन्न कराया। किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नही की जायेगी, अन्यथा को स्थिति में ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही भी अमल में लाई जायेगी। इस मौके पर राजेन्द्र दिहुलिया,सौरभ सक्सेना , तेजप्रताप सिंह , सभासद मुहम्मद सरफराज, अरुण कुमार, पीयूष खरे, लियाकत अली, सद्दाम हुसैन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर में कोतवाली के समीप घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को घटना की तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। नगर के मराठी पुरा निवासी रामफल साहू पुत्र बाबूलाल साहू का घर कोतवाली से लगभग 200 मीटर की दूरी में मुख्य मार्ग पर है। शनिवार की रात उसकी हीरो मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी हुई थी तभी अज्ञात चोरों ने आधी रात उसकी मोटरसाइकिल पार कर दी। सुबह दरवाजे पर मोटरसाइकिल ना देख रामफल को अपनी बाइक चोरी हो जाने का अंदाजा हो गया उसने घर के पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो फुटेज में दो युवक उसकी बाईक चोरी कर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। रामफल ने इस घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बताते चलें कि नगर में बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते बाइक चोर बेखौफ होकर अपनी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कोतवाली पुलिस अभी तक चोरी की गई बाइकों का कोई पता नहीं लगा सकी है।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**राठ, समृद्धि न्यूज।** पनवाड़ी मार्ग स्थित तुलसी मिल के पास पुत्री की ससुराल से घर लौट रहे पिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पनवाड़ी थाने के तुर्रा शेरगढ़ गांव निवासी हरप्रसाद राजपूत ने बताया कि उसके छोटे भाई 42 वर्षीय चंद्रभान राजपूत पुत्र भागीरथ राजपूत के पास सात बीघा जमीन थी। खेती व मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके भाई को एक पुत्र दीपेश और एक पुत्री नेहा थी। उसकी पुत्री नेहा का मकान राठ कस्बे के बाराखंबा रोड पर बन रहा है। शनिवार की सुबह करीब आठ बजे उसका भाई मजदूरों को लेकर पुत्री के घर राठ गया था। शाम करीब सात बजे वह बाइक से घर लौट रहा था। तभी पनवाड़ी मार्ग स्थित तुलसी मिल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। पति की मौत पर पत्नी जयदेवी व पुत्र दीपेश का रो रोकर बुरा हाल है।

### विद्युत विभाग की सख्ती जारी, बकायेदारों काटे गये कनेक्शन

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** विधुत विभाग द्वारा कस्बे में सख्ती के साथ विधुत चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते बकाया विधुत बिल वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने का काम किया जा रहा। रविवार को भी कस्बे में बिधुत चेकिंग व कैम्प का आयोजन एसडीओ हरिश्चन्द्र वर्मा की अगुआई में हुआ। जिसमें कस्बे के एक इंटर कालेज व विधुत सब स्टेशन में कैम्प का भी आयोजन किया गया था। वही एसडीओ हरिश्चन्द्र वर्मा ने बताया कि रविवार को कस्बे के करीब 65 उपभोक्ताओं के मीटरो की जांच की गई वही 2 लाख 90 हजार रुपये का बकाया बिधुत बिल भी उपभोक्ताओं से जमा करवाया गया। 15 उपभोक्ताओं के बिधुत कनेक्शन काटे गए है। जेई अभिषेक साहू ने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए कैम्पो का आयोजन किया गया है ताकि समयाभाव के चलते जो उपभोक्ता मुख्यालय जाकर अपने बिल का समायोजन नही करवा पाते है वो यही पर बिल सुधार करवा कर अपने कटने वाले कनेक्शन से मुक्ति पा सकते है। टीम में सरदार, अब्दुल मुवीन, ब्रजेश कुमार, कल्लू लाइनमैन, जसवंत, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने अपनी मां के नाम वृक्ष लगाकर किया।

उन्होंने कहा कि इस आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य वृक्षारोपण और प्राकृतिक असंतुलन से पर्यावरण को बचाना है, अगर हम सभी एक एक वृक्ष अपनी मां के नाम रोपित करें और उसकी देखभाल भी मां के नाम पर करें तो निश्चित ही हमारी पर्यावरण देवी हमें मां के रूप में अपना स्नेह देती रहेगी, और हम प्रकृति की गोद में हमेशा हंसते खेलते रहेंगे। प्राकृतिक असुतंलन, वर्षा की अनियमितताएं लगातार वृक्षों के कटाव और वृक्षों की



कमी का कारण हैं हम कितने भी व्यस्त क्यों न हों पर अवकाश के दिन जैसे रविवार के दिन और अन्य त्योहारों के अवकाश वाले दिन का उपयोग हमें अपनी प्रकृति देवी की गोद को सजाने के लिए उपयोग करना चाहिए।इस अवसर पर समाज के जन जन से प्रधानाचार्य श्री कमलेश सिंह ने एक एक वृक्ष अपनी मां के नाम जरूर लगाकर उसकी रक्षा करने का प्रण लेने का आवाह्न किया।

# स्वच्छता पखवाड़ा : कई इलाकों में चला स्वच्छता अभियान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान (स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता) के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा चक्रानुसार वार्डो में साफ-सफाई, एण्टी लार्वा का छिड़काव एवं फॉगिंग का कार्य अनवरत् जारी है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक जन्मेजय के कुशल प्रबन्धन में नगर के वार्डो में स्वच्छता ही सेवा अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है। ईओ ने बताया कि रविवार के दिन जनपद मुख्यालय के वार्ड हवेली दरवाजा, मगरियापुरा एवं वेस्ट टू बण्डर पार्क में विभिन्न




गतिविधियां सम्पादित की गयीं, जिनमें साफ-सफाई, वृक्षारोपण, चूना छिड़काव, एण्टी लार्वा छिड़काव तथा फॉगिंग करायी गयी। सम्बन्धित वार्डो से विशेष स्वच्छता रखने वाले तीन घरों का चयन एवं वार्ड में सफाई व्यवस्था बनाने में अपना विशेष योगदान देने वाले एक महिला एक पुरूष सफाई कर्मियों का चयन वार्डो में गठित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति द्वारा किया गया। ईओ अवधेश कुमार ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ 17 सितम्बर को जिले के प्रभारी एवं प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्यमंत्री मा. राकेश कुमार राठौर ''गुरू'' द्वारा कीरत सागर तट में साफ-सफाई कर किया गया था जो अनवरत् जनपद की निकायों में चल रहा है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि एक पखवाड़े तक निरन्तर चलने वाले इस अभियान में उत्कृष्ट सफाई कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को एक समारोह आयोजित कर महात्मा गाँधी जयंती 02 अक्टूबर को सम्मानित किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवासों की वजह से लगातार घट रही कच्चे मकान की संख्या

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** अति वृष्टि व बाढ़ से तहसील क्षेत्र में आंशिक रूप से गिरे हुए मकान की संख्या फिलहाल136 है। वहीं पूरी तरह ध्वस्त होने वाले मकान एक भी नहीं बताए जा रहे। इसका कारण स्पष्ट रूप से समझ में आ रहा है कि गांव गांव में बने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवासों की वजह से अब कच्चे मकान की संख्या लगातार घट रही है। उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बताया कि घर गिरने का सर्वे कराया जा रहा है और शीघ्र ही इसकी रिपोर्ट तैयार कर भेज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्व निरीक्षकों द्वारा इनका विधिवत सत्यापन भी कराया जारहा है और अब क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों को इसका गृह अनुदान भी दिया जाएगा। जो लाभार्थियों के खाते में सीधा जाएगा।

## रोस्टर के अनुसार नहीं मिल रही विद्युत आपूर्ति, किसान परेशान

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के मिश्री पुर फीडर शिवनी गांव के किसानो को विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। धान की फसल करने वाले किसान परेशान है। रोस्टर के मुताबिक विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। क्षेत्र के मिश्रीपुर फीडर से क्षेत्र के शिवनी, मंगलपुर, पचखुरा, जगनपुर, आदि गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। तथा विद्युत विभाग द्वारा नलकूप के लिए अलग विद्युत लाइन डाली गई है। शिवनी गांव निवासी शंशाह, शीलू, मान सिंह, संदीप, उपेंद्र आदि ने बताया कि धान की फसल के लिए पानी की जरूरत है। लेकिन विद्युत आपूर्ति सात से आठ घंटे ही मिल पा रही है। फसल में पानी नहीं लग पा रहा है। किसानो ने नलकूप के लिए रोस्टर के मुताबिक विद्युत आपूर्ति कराए जाने की मांग की है।

# मनरेगा योजना में नहीं रुक रहा भ्रष्टाचार

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड क्षेत्र में मनरेगा कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के बाद अधिकांश लोग हैरान रह जाएंगे, रविवार को ग्राम भुलसी मे दो कार्य चकरोड खुदाई रामपाल के खेत से लखन रैदास के खेत तक व लखन रैदास के खेत से विजयशंकर के खेत तक में कागजो में पचास मजदूरों को काम पर दिखाया जा रहा है द्य पर जमीनी हकीकत में वहां एक भी मजदूर काम नहीं कर रहा था द्य

जब चकरोड खुदाई की हकीकत जानकारी पाने के लिए गांव के मजदूरों से बात करनी चाही तो उन्होंने बात करने से मना कर दिया द्य चकरोड खुदाई के संबंध में ग्रामीणों से बात की तो उन्होंने बताया कि हमारे गाँव में आधी रात से सुबह दस बजे तक बारिश हुई हैं तो मिटटी खुदाई का काम कैसे होगा जब हमने




- पूरी रात व सुबह दस बजे से एक बजे तक हुई बारिश, कागजों पर चकरोड में मिट्टी खोद रहे मजदूर

कहा कि आज यहां तो पचास मजदूर खुदाई में लगे हैं तो उन्होंने कहा सब फर्जी दिखाया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चकरोड में आज तो कोई मजदूर नहीं आये हैं और न ही खुदाई हुई हैं लेकिन कभी कभी दस पंद्रह महिला पुरुष फोटो खिचाने जरूर आते हैं।

ग्रामीणों के अनुसार शनिवार रात व रविवार को सुबह नौ बजे से बारिश हो रही है वहीं कागजों में 11:10 बजे जियो टैग व 11:13 बजे मजदूरों कि काम करते फोटो अपलोड हो रही है।

**बोले जिम्मेदार**

ग्राम पंचायत सचिव नितेश सिंह ने भुलसी में बारिश में चकरोड खुदाई पर कहा की एम एम एस मैं नहीं करता जब एम आर आएंगे तब देखेंगे द्य तकनीकी सहायक राजेन्द्र नामदेव ने बताया कि बरसात मे खुदाई काम नहीं हो सकता यदि मजदूरों की हाजिरी लगाई गई है तो निश्चित ही गलत है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रूद्र प्रताप सिंह से जानकारी ली गई तो बताया कि अभी देखा नहीं है और मुझे जानकारी भी नहीं है।

# पानी की निकासी न हो पाने से लोग कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को विवश

- कंडौर गांव के मेन रास्ते में कीचड़ व दलदल भरा रहने से लोग परेशान

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र के कंडौर गांव मे मेन रास्ते में कीचड़ व दलदल भरा रहने से ग्रामीणों को गांव से बाहर तक आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की निकासी न हो पाने से लोग कीचड़ से निकलने को मजबूर हो रहे है।

क्षेत्र के कंडौर गांव में राम जानकी मंदिर के पास से गांव के बाहर जाने वाले मुख्य रास्ते में कीचड़ व दल दल भरा रहता है।जिससे वाहन निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण रास्ते में बड़े गड्ढे हो गए है। जिससे बाइक सवार गिर भी जाते है। इसी रास्ते से बच्चे विद्यालय पढ़ने जाते है। जिससे उनको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में इस रास्ते की हालत खराब हो जाती है। गांव निवासी रामशरण, देशराज,प्रमोद कुमार, महेश,

राजेश आदि ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता गांव से बाहर जाने के लिए मुख्य रास्ता है। इसमें दल दल भरा रहने से लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी के निकास की व्यवस्था न होने से जलभराव की समस्या बनी रहती है। महिलाओं वबच्चो को पैदल निकलने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से मांग की है कि पानी निकास की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

# अवैध तंबाकू मिक्स गुटखा की बिक्री पर नहीं लग पा रही रोक

- शहर सहित कुलपहाड़ सर्किल में बेखौफ जहर बेच रहे माफिया

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद महोबा में शहर सहित कुलपहाड़ सर्किल में धड़ल्ले से तंबाकू मिश्रित गुटके की बिक्री जोरों पर है जिस पर संबंधित खाद्य विभाग और खाकी द्वारा कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है तंबाकू मिश्रित गुटखा के अवैध कारोबारियों की पकड़ के आगे सरकारी तंत्र बौने साबित हो रहे हैं ऐसा नहीं है कि प्रशासनिक अधिकारी सहित खाकीधारियो को इस अवैध गोरख धंधे की जानकारी नहीं है लेकिन जानकारी होने के बाद भी संबंधित खाद्य विभाग और पुलिसिया तंत्र खामोशी इख्तियार किए हुए हैं। सूत्रों की माने तो महोबा शहर में रातों रात मध्य प्रदेश से श्रीनगर थाने के रास्ते शहर कोतवाली अंतर्गत धड़ल्ले से गुटका माफिया पिकअप वाहन में तंबाकू में गुटके की बड़ी खेप लाते हैं और सुबह से ही बाजारों में इसकी बिक्री धड़ल्ले से खाकी को भी मुंह चिढ़ाते हुए नजर आते हैं हैरत की बात है कि जहां एक तरफ सरकार तंबाकू छोड़ो जीवन से रिश्ता जोड़ो जैसे मिशन चला रही हो वही जनपद का पुलिसिया तंत्र शहर कोतवाली, कुलपहाड़ थाना, अजनर थाना और पनवाड़ी थाना अंतर्गत धड़ल्ले से अवैध गुटका बेचकर गुटका माफिया तो मालामाल हो रहे हैं लेकिन जनपद के युवाओं को नशे का लती बनाते हुए उच्चतम न्यायालय के आदेशों को भी दरकिनार कर तंबाकू मिश्रित गुटखे की बड़ी खेप को बाजारो में उतारकर धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है जिस पर फिलहाल लगाम लगती नजर नहीं आ रही है। जिले में ज्यादातर थानों में मौजूद कारखासों द्वारा तंबाकू मिश्रित अवैध गुटखा कारोबारी से यारी निभाते हुए और माफियाओं द्वारा समय समय पर इनाम देने के चलते इस अवैध गोरखधंधे पर रोक नहीं लग पा रही है।

# बरसात से खरीफ की फसलों को नुकसान

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात से खेतो में कटी हुई तिल की फसल सड़ रही है। वही जलभराव होने से खेतो में खड़ी तिल की फसल खराब हो रही है। बरसात से खरीफ की फसलों का नुकसान हो रहा है।

कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में चार दिन से हो रही लगातार बारिश होने से तिल की कटी हुई फसल बरसात के चलते काली पड़ गई है। तथा दाना भी खराब हो रहा है। तथा जो फसल कटाई के लिए खड़ी है। वह भी जल भराव के चलते खराब हो रही है। पानी में घुसकर कटाई करनी पड़ रही है। किसान खड्ग सिंह यादव, रामबाबू, राजू कुमार,प्रमोदकुमार,रामप्रसाद आदि ने बताया कि चार दिनों से हो रही बरसात से सबसे अधिक नुकसान तिल की फसल का हो रहा है। इस समय कटाई का समय चल रहा है। जल भराव व बरसात के कारण कटी फसल खेत से घर तक नहीं ले जा पा रहे है। तथा धूप निकलने का इंतजार कर रहे है। कटी हुई फसल खेती में लगी है। बरसात में सड़ रही है। इस से किसान चिंतित हो रहा है। मौसम की अंतिम समय जोरदार बारिश होने से आगामी रबी की फसल का समय नव रात्रि से आ जाता है। लेकिन आखिरी मौसम में बरसात होने से रबी फसल भी प्रभावित होगी।

## पति की प्रताड़ना से आहत महिला ने की आत्महत्या

**राठ, समृद्धि न्यूज।** शराबी पति की मारपीट व प्रताड़ित से तंग आकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी 32 वर्षीय सुषमा रानी उर्फ विंदवती पत्नी भवानी दीन प्रजापति ने शनिवार की कमरे में रस्सी से फंदा डालकर फांसी लगा ली। जब स्वजनों ने महिला को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतका के ससुर भगवान दास ने बताया कि उसका पुत्र शराब पीने का आदि है। शराब के नशे में वह बहू के साथ आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था। जिससे वह परेशान रहती थी। मृतका अपने पीछे आठ माह की मासूम बच्ची छोड़ गई है।

# व्यापार मंडल की वार्ता के बाद निष्पक्ष कार्रवाई करने का निर्णय




**बछरावाँ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत कार्यालय बछरावाँ के सभागार में अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी की अध्यक्षता में व्यापारियों के साथ बैठक की गई, जिसमें उ. प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बछरावाँ के अध्यक्ष सुनील सागर के नेतृत्व में व्यापार मंडल के संरक्षकगणों एवं पदाधिकारी ने बैठक में भाग लियो बैठक में तय हुआ की कार्य योजना तयकर नगर वासियों को अवगत कराया जाएगा, सभी के साथ निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी, किसी भी व्यापारी के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगो नगर पंचायत बछरावाँ के अधिशासी अधिकारी रामाशीष वर्मा साहित मौके पर व्यापार मंडल के संरक्षक त्रिभुवन नाथ मिश्रा, भूमंडल शुक्ला, विजय बहादुर एडवोकेट, सौरमंडल शुक्ला, प्रांतीय सदस्य बृजेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डाँ विजयपाल यादव, युवा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्याय कुंवर बीरभान सिंह, अमित चौधरी, महामंत्री नीरज साहू, शकील कुरैशी, दिनेश मोबाइल, अनूप सिंह, सभासद सतीश तिवारी, दिनेश शर्मा,अतुल सोनी,सतीश वर्मा विकास सोनी, रोहित सोनी, राम मोहन साहू, अर्जुन शिल्पकार, संजय गुप्ता, मोनू तैयब, धीरज गुप्ता, चंद्रभान शर्मा तथा नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन के लिए दिल्ली में धरने की तैयारी पूरी

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।**

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आज सोमवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर रेलवे कर्मचारी धरना प्रदर्शन करने जा रहे हैं। जिसमें उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय रेलवे मजदूर संघ एवं भारतीय मजदूर संघ के हजारों कार्यकर्ता भी भाग लेंगे। कानपुर के हजारों रेलकर्मी रात श्रमशक्ति एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए निकल पड़े हैं और अपने बुढ़ापे की लाठी पेंशन के लिए आंदोलन कर रहे हैं। जिसके लिए कानपुर से जोनल अध्यक्ष राजाराम राम मीणा, प्रदेश मंत्री सुरेश यादव और अखिल भारतीय अधिकारी आई पी एस चौहान के नेतृत्व में कानपुर से लेकर टूंडला तक जनसंपर्क कर पुरानी पेंशन आंदोलन




में शामिल होने की अपील की गई। पुरानी पेंशन आंदोलन के लिए रेलवे कर्मचारियों द्वारा इंडियन रेलवे मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले यह विशाल प्रदर्शन होने जा रहा है। जिसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशांता पांडा जी के द्वारा भारतीय रेलवे मजदूर संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मंगेश देशपांडे एवं भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री अशोक शुक्ला जी को पत्र लिखकर आंदोलन को मजबूत बनाने की अपील की गईं हैं। इसके बाद भारतीय रेलवे की तीसरी सबसे बड़ी फेडरेशन भारतीय रेलवे मजदूर संघ ने अपने सभी सत्रह जोन एवं सभी उत्पादन इकाईयों के कार्यकर्ताओं को आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। इसी आंदोलन को सफल बनाने के उद्देश्य से कानपुर परिक्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता राजाराम मीणा के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर पुरानी पेंशन के लिए प्रदर्शन करेंगे। जनसंपर्क के दौरान महामंत्री हेमंत विश्वकर्मा ने कहा कि रेलवे के दोनों मान्यता संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष/महामंत्री के हस्ताक्षर से ही पूर्व में एनपीएस और अब वर्तमान में यूपीएस लाई गई यह कर्मचारियों के पीठ पर छुरा घोपने जैसा है इस विश्वासघात को कर्मचारी हमेशा याद रखेगा और मान्यता चुनाव में वोट के माध्यम से हृष्टरू एवं हृष्टक्षस्र को सबक सिखाने का कार्य करेगा। जनसंपर्क में ट्रैकमैन के महामंत्री मनोज यादव, अध्यक्ष आशीष पंकज, उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष मनोज झा, सहायक महामंत्री लईक अहमद, सहायक मंडल मंत्री हरिशंकर पोरवाल, शाखा आई टी इंचार्ज वीरेन्द्र कुमार एवं कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाइवे लूट कांड के दो आरोपित गिरफ्तार

**पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।** हाईवे छिनैती कांड का राजफाश करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से चार हजार रुपए की नकदी, लूट का मोबाइल, दो तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को सीज करते हुए भरवारा गांव के 19 वर्षीय मुकेश राजपूत पुत्र गणेश राजपूत और निर्दोष खंगार पुत्र प्रकाश खंगार (20 वर्ष) के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करते हुए जेल भेजा है। व्यापार मंडल ने शनिवार दोपहर घटित वारदात के चन्द घंटों के अंदर खुलासे और दोषियों की गिरफ्तारी पर पनवाड़ी पुलिस के त्वरित एक्शन की सराहना की है। क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार ने मामले के खुलासे के लिए अलग अलग टीमों का गठन किया था। जिसके बाद थाना प्रभारी/वरि0उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा, उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य और



उ0नि0 रामकिशन यादव के नेतृत्व में का0 कौशल प्रताप, का0 मिथुन कुमार, का0 विनोद कुमार, का0 देवेन्द्र कुमार के साथ महिला आरक्षी शिवानी और चंचल द्वारा शातिरों की गिरफ्तारी और शत प्रतिशत माल की बरामदगी मुमकिन हुई।

बता दें कि रिश्तेदारी में जा रहे महोबा निवासी रजनीश तिवारी की पत्नी मंजू के साथ शनिवार दोपहर छतेसर गांव के नजदीक हाइवे पर बाइकर्स बदमाशों द्वारा छिनैती की घटना को अंजाम दिया गया था। दिन दहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र भर में सनसनी फैल गई थी।

# बोध गया से वापस आ रही बस दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत,11 घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**



**पुरखों का** पिंडदान करके बोधगया बिहार से उत्तर प्रदेश के लिए वापस आ रही यात्रियों से भरी बस रविवार की भोर खड़े ट्रक से टकरा गई जिसके चलते पंडा, क्लीनर सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हो गए जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के सूबेदार का पुरवा के मूल निवासी और मानपुर के रहने वाले स्वामी दयाल पंडा हर वर्ष गया करने के लिए तीर्थ यात्रियों को बस के माध्यम से ले जाते हैं इस बार भी गत 18 सितंबर को तीर्थ यात्रियों को लेकर गया के लिए रवाना हुए थे गया में पिंडदान करने के बाद यात्रियों से भरी बस रविवार की सुबह लगभग साढ़े चार बजे बिहार के कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बरहूली गांव के पास नेशनल हाईवे पर पहुंची तभी ड्राइवर को नींद आ जाने के कारण सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी की बस के आगे के हिस्से के परख्च्चे उड़ गए। घटना के बाद बस में सवारी यात्रियों के बीच चीख पुकार मच गई। बताते हैं कि इस दुर्घटना में बस को ले जाने वाले पंडा स्वामी दयाल 58 वर्ष के अलावा बस के क्लीनर 32 वर्षीय रामू एवं थाना असंद्रा के धनौली जरौली गांव निवासी एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 11 अन्य यात्री घायल हो गए इन घायलों को उपचार के लिए स्थानीय पुलिस और नेशनल हाईवे अर्थॉरिटी द्वारा अनुमंडल अस्पताल मोहनिया भिजवाया गया जहां चिकित्सकों की देखरेख में उपचार चल रहा है इन घायलों में तीन लोगों की हालत नाजुक बनी हुई। रविवार की दोपहर दुर्घटना में स्वामी दयाल की मौत की सूचना के बाद पंडा स्वामी दयाल के घर के साथ-साथ पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने के लिए बिहार के लिए रवाना हो चुके हैं। गया जाने वाली बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया गया।गया के लिए गए लोगों के परिजन घबराकर उन सभी का हाल-चाल लेने लगे पता चला कि बस में स्वामी दयाल के अलावा हैदरगढ़ क्षेत्र का कोई अन्य यात्री सवार नहीं था जिसके बाद परिजनों ने राहत की सांस ली।

## नगर पंचायत चेयरमैन ने वाहन व्यवस्था कर यात्रियों को भेजा

पिंडदान करके गया बिहार से लौटी दुर्घटनाग्रस्त बस जब हैदरगढ़ बस स्टेशन पर पहुंची तब नगर पंचायत हैदरगढ़ के अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सियाराम यादव ने पहुंचकर आने वाले यात्रियों से उनके कुशल क्षेम पूछा और विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ के गढ़ी, सतरही, बहरामपुर, गौरा, सरायरावत, दतौली गांव के ग्रामीणों को वाहन की व्यवस्था करके उनके निवास स्थान पर पहुंचाया।

# पांचवे दिन के फुटबाल क्लस्टर मैच में खिलाड़ियों ने दिखाया जोश

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**नारायन कॉलेज** ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, इटावा ने महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम इटावा में पांचवे दिन का आयोजन उत्साह के साथ किया। आयोजन का आरम्भ गणमान्य अतिथियों श्री अरूण कुमार पारासर, श्री रविन्द्र कुमार, श्री अमित सिंह भदौरिया जी श्री योगेश सिंह यादव, सी.बी.एस.ई. ऑब्जर्वर, श्री अजीत सिंह सहायक सचिव यू0पी0 फुटबाल फेडरेशन तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। तत्पश्चात गणमान्य अतिथियों ने मैदान में जाकर के सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया एवं उन्हें शुभकामनायें दीं। आज अण्डर 19 की टीम डी.पी.एस. आज़ाद नगर कानपुर व सेठ आनन्द राम जयपुरिया स्कूल लखनऊ के बीच पहला सेमी फाइनल मैच खेला गया जिसमें डी.पी.एस. आज़ाद नगर कानपुर ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमी फाइनल मैच डी.पी.एस. कल्यानपुर कानपुर व जी.डी. गोइनका पब्लिक स्कूल लखनऊ के बीच हुआ जिसमें डी.पी.एस. कल्यानपुर ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। आज अण्डर 17 की टीम ए.पी.एस. एल.बी.एस. मार्ग लखनऊ व कुंशकैपसकोलन स्कूल लखनऊ के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें ए.पी.एस. एल.बी.एस. मार्ग लखनऊ ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। समाचार लिखे जाने तक अण्डर 14 की टीम एपेक्स इण्टरनेशनल बहराइच व फातिमा स्कूल गोंडा के मध्य फाइनल मैच जारी था। चतुर्थ दिन के संध्याकाल में अण्डर 19 की टीम डी.पी.एस. कल्यानपुर कानपुर व पूरनचन्द विद्या निकेतन कानपुर के मध्य हुये मैच में डी.पी.एस. कल्यानपुर कानपुर विजयी रही। कल आयोजन के अन्तिम दिन फाइनल मैच डी.पी.एस. आज़ाद नगर कानपुर व डी.पी.एस. कल्यानपुर कानपुर के मध्य खेला जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### ट्यूशन टीचर ने की मासूम से अश्लील हरकत, परिजनों ने की पिटाई

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** रविवार की दोपहर नगर के एक घर में ट्यूशन पढ़ाने गया युवा टीचर मासूम से अश्लील हरकतें करते हुए पकड़ा गया। जिसके बाद परिजनो व मोहल्लावासियों ने आरोपी शिक्षक की जमकर पिटाई के बाद छोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर कस्बा हैदरगढ़ का रहने वाला एक युवक हमेशा की तरह चार वर्ष के एक बच्चे को ट्यूशन पढ़ाने उसके घर गया। ट्यूशन के दौरान अचानक कमरे में पहुंची बच्चे की मां टीचर की अश्लील हरकत देख सन्न रह गई।महिला ने इसकी सूचना अपने पति को दी और भागने का प्रयास कर रहे आरोपों को दौड़ाकर पकड़ लिया शोर सुनकर इकट्ठा हुए मोहल्ला वासियों ने टीचर द्वारा की गई अश्लील हरकत को सुनकर लात घूसों से पिटाई शुरू कर दी। टीचर के लगातार माफी मांगने के चलते सभी ने चेतावनी देकर आरोपी टीचर को छोड़ दिया।

### सरयू नदी के संजय सेतु में फिर आई दरार

**रामनगर बाराबंकी।** सरयू नदी के संजय सेतु पर ज्वाइंटर में फिर दरार आ गई है।जिससे कोई छोटी बड़ी घटना घटित हो सकती है।मालूम हो कि दो माह पहले संजय सेतु के ज्वाईन्टरो में आई दरारों को भरा गया था।लेकिन मानक विहीन कार्य होने के चलते थोड़े दिन में ही वह सब उखड़ गया।इसलिये पुल से निकलने वाले राहगीरों के लिए जोखिम भरा सफर हो गया है।अहम बात तो यह है।राष्टीय राजमार्ग 28 सी पर स्थित संजय सेतु के अप्रोचो को भरने का कार्य 2 माह पूर्व किया गया था। दो दिन यातायात वन साइड रहा। राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।पुल पर गड्ढों को भरने के लिए कराए गए मरम्मतीकरण कार्य में जमकर अनियमित बर्ती गई थी।मानक विहीन कार्य होने के चलते दो माह बीतते ही एक बार फिर संजय सेतु के अप्रोचो में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं।

### ग्राम सभाओं में आयोजित हो रहे लोक विमर्श की बैठकें

**बाराबंकी।** पंचायतीराज अधिनियम पर किये गए शोध के आधार पर ग्राम सभा की शक्तियों एवं पंचायत की समितियों पर लोक विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरख ब्लॉक के ग्राम पंचायत मानपुर व बसबरौली, वजीउद्दीनपुर गांव में वार्ड सदस्यों, ग्राम सभा सदस्यों के साथ विमर्श का यह कार्यक्रम तीसरी सरकार अभियान के संयोजन में बिरजू संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। विमर्श बैठक में संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार एवं जिला समन्वयक अंचल कुमार ने पंचायत सदस्यों व ग्राम सभा के सदस्यों को ग्राम सभा की शक्तियों, बैठकें एवं कोरम आदि विन्दुओ पर चर्चा कर बताया गया। ग्राम सभा विषयक लोक विमर्श में स्वयं सेवक इंद्रपाल, प्रधान सुधीर कुमार वर्मा,पंचायत सहायक विनय यादव सहित गांव के जन प्रतिनिधिगण व सम्मानित मतदाताओ की उपस्थिति रही। वहीं मानपुर में प्रधान मोतीलाल कनौजिया व वार्ड सदस्य दिनेश कुमार कनौजिया , बस बरौली में प्रधान विमलेश कुमार पंचायत सहायक जूली कुमारी सहित एक सैकड़ा लोगों ने प्रतिभाग किया।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला के साथ किया मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** दहेज की मांग करने वाले लोभियों की मांग पूरी न होने पर एक महिला को मारा पीटा पीड़ित ने जैदपुर थाने में शिकायत की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र पनिहल निवासी शबनम बानों ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुवे बताया कि उसकी शादी 7/4/218 को खेवली थाना देंवा निवासी शाकिर के साथ हुयी थी।और हैसियत अनुसार दहेज भी दिया गया था। परन्तु ससुराल के लोगों द्वारा दहेज में एक लाख रूपए की मांग को लेकर आये दिन प्रताणित किया जाता था।जिसकी जानकारी पीड़ित ने मैके वालों को दी। जिसे समझाकर भेज दिया गया था?। दिनांक 27/9/2024 को प्रार्थनी ससुराल में थी तभी उसका शौहर,सांस,ससुर नन्द देवर आदि लोग एक राय बनाकर पीड़ित से दहेज की मांग कर लात घूसों डंडों से जमकर मारा पीटा पटक दिया। और घर से भगा दिया। फोन से पीड़ित ने मामले की जानकारी अपने परिवार के लोगों को देने के जैदपुर थाना में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए जैदपुर पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### स्कूल के कमरे में कुत्ते को बंद कर चलता बने शिक्षक, भूख प्यास से तड़पा

**रामनगर बाराबंकी।** अध्यापकों की घोर लापरवाही एक कुत्ते के ऊपर भारी पड़ गयी।भूख प्यास से तड़प रहे कुत्ते की भूख को रोटी देकर ग्रामीणो ने मिटाने का कार्य किया।खंड शिक्षा क्षेत्र रामनगर में कंपोजिट विद्यालय मंझौनी में तैनात अध्यापकों की लापरवाही सामने आई है।शनिवार को अध्यापकों ने छुट्टी के समय कमरें में कुत्ता बंद कर चलता बने।कुत्ते के जब यह आभास हुआ कि वह कैद खाने में है तब उसने चिल्ला पो अधिक मचाना शुरु कर दिया।आवाज को सुनकर ग्रामीणों ने देखा की विद्यालय के कमरे में कुत्ता बंद है।शनिवार दोपहर से बंद कुत्ता रात भर भूख प्यास से तड़पता रहा।रविवार को सुबह रोटी आदि गांव वालो खिलाई।विद्यालय के कमरे में बंद निरीह कुत्ते का वीडियो और फोटो भी वायरल है कुछ ग्रामीणो का कहना था कि यह एक अपराध है।इस समबंध में खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर का कहना था कि शिक्षकों को सूचित किया गया है।यह घोर लापरवाही है।ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

### नलकूप कोठी की दीवार तोड़ चोर मोटर, पंखा चुरा ले गये

**कोंच (जालौन)।** पचीपुरा में एक खेत में बनी कोठी की दीवार तोड़कर अज्ञात चोर मोटर और पंखा सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचीपुरा निवासी किसान यूनियन के तहसील महासचिव पीडी निरंजन का गाँव किनारे खेत है जहाँ निजी नलकूप कनेक्शन है। खेत में ही एक किनारे कोठी बनी हुई है जिसके अंदर मोटर और पंखा लगा हुआ था। बीती रात अज्ञात चोर कोठी की दीवार तोड़ कर एवं गेट का लॉक तोड़कर मोटर, पंखा, केबिल आदि सामान चोरी कर ले गए। सुबह चोरी की घटना का पता चल सका। पीड़ित पीडी निरंजन ने भेंड़ चौकी पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। चोरी गए सामान की कीमत करीब 60 हजार रुपये है।

# डीएम ने रेलवे अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर की मंत्रणा

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**जिलाधिकारी राजेश** कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने रेलवे स्टेशन उरई सभागार में रेलवे लाइन की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जीआरपी एवं आरपीएफ के अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश।

रेल दुर्घटनाओं में बढ़ती साजिशों को देखते हुए स्टेशन रेलवे लाइन की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जीआरपी एवं आरपीएफके अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक की गई। रेलवे ट्रैक अवरुद्ध करने संबंधित घटनाओं को रोकने हेतु आरपीएफ, जीआरपी व स्थानीय पुलिस द्वारा समन्वय स्थापित कर नियमित संयुक्त पेट्रोलिंग कराने के निर्देश दिये। जीआरपी, आरपीएफऔर स्थानीय पुलिस को संयुक्त रूप से समय समय पर रेलवे ट्रैक पर पेट्रोलिंग करने एवं ट्रैक के आसपास के अराजकतत्वों को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि रेलवे ट्रैक व अन्य किसी रेलवे सम्बन्धी घटना के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसको आपस मे साझा करेंगे तथा वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में आपराधिक वारदातों पर लगाम लगाने के लिए आपरेशन त्रिनेत्र की शुरूआत की है। इसके तहत रेलवे स्टेशन, रेलवे फाटक आदि संवेदनशील क्षेत्रों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए जाए, सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस अपराधियों पर शिकंजा कसने में कामयाब हो सकें। जनपद-जालौन की सीमान्तर्गत रेलवे स्टेशन व रेलवे लाईन के समीपस्थ शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों हेतु गठित ग्राम रेल सुरक्षा समिति के साथ 15 दिन के अंतराल में बैठक की जाए और ग्रामीण क्षेत्रों व स्कूलों में प्रचार प्रसार भी किया जाए। रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों का वेरिफिकेशन कराये जाने हेतु तथा विगत 10 वर्षो में रेलवे ट्रैक पर जो भी घटनाएं हुई है, उनका विश्लेषण कर लिया जाए। उक्त घटनाओं में संलिप्त अपराधियों पर निरंतर निगरानी, चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, स्टेशन अधीक्षक एस के खरे, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भैंसों के साथ पिकप व कार बरामद भैंस खरीदने के बहाने करते थे रेकी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**क्षेत्र में** दिन में भैंस खरीदने के बहाने करते थे रेकी, रात में भैंसों को चोरी से गायब करते हैं । कोतवाली बदोसराय पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार जिनके पास से एक चोरी की भैंस एवं पिकअप तथा एक मारुति कार बरामद किया है।

थाना बदोसराय क्षेत्र के हाता पुरवा मजरे पजरौली निवासी कमलेश कुमार वर्मा पुत्र सुंदरलाल के द्वारा सूचना दी गई कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनकी भैंस चोरी कर लिया गया है। सूचना के आधार पर बदोसराय पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया तथा घटना का अनावरण भी कर दिया है।पुलिस के मुताबिक मोहल्ला चटाई कस्बा किंतूर थाना बदोसराय निवासी मोहम्मद रफी पुत्र स्वर्गीय अली स्व0अहमद व मोहम्मद तकी पुत्र स्व0 अली अहमद के द्वारा बताया गया कि हम लोग भैंस एवं भैंसों को दिन में खरीदने के बहाने जानवरों का सौदा करते हैं। यदि कोई ज्यादा रकम मांगता है तो उसका जानवर रात में चोरी कर लेते हैं।अगर कोई सही से बात करके काम रुपया बताता है फायदा का सौदा होता है तो खरीद लेते हैं।अन्यथा चोरी करने की जगह को देख लेते हैं तथा रात में हम सब लोग मिलकर चोरी कर लेते हैं। शुक्रवार की रात हम लोगों ने मिलकर हाता पुरवा मजरे पंजरौली से भैंस चोरी की थी। जिसे अपनी गाड़ी पिकअप पर लादकर व साथ में वह मारुति कार से जुबेरगंज बाजार जिला अयोध्या बेचने जा रहे थे। तब तक बदोसराय पुलिस ने दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से चोरी की गई एक भैंस बरामद कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि हाता पुरवा से चोरी हुई भैंस को बरामद कर अभियुक्त के विरुद्ध विधि कार्रवाई की गई है।

# संविदा कर्मियों को मानदेय न मिलने से जूझ रहे आर्थिक तंगी से



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**विद्युत विभाग** में संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला जिससे संविदा कर्मियों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।उच्च अधिकारियों से कई बार बेतन दिये जानें की मांग करने के बावजूद सुनवाई न होने से क्षुब्ध संविदा कर्मी उत्तर प्रदेश विजली मजदूर संगठन के बैनर तले पावर हाउस सिरौलीगौसपुर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।रविवार को विद्युत उपकेन्द्र सिरौलीगौसपुर में विद्युत कर्मचारी दीपक, धीरेन्द्र, जगत नाथ आदि विद्युत संविदा कर्मचारियों का कहना है कि बेतन न मिलने के कारण बच्चों की पढाई के लिए फीस देना मुश्किल हो रहा है। आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं।उत्तर प्रदेश विजली मजदूर संगठन के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे कर्मचारी एक ही मांग कर रहे हैं उनका बेतन जल्द से जल्द दिया जाय।

# हजरत मोहम्मद का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**बेलहरा बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



**शनिवार** को हज़रत मोहम्मद(स.अ.)के जन्म दिवस के मौके पर नगर पंचायत बेलहरा के भटुवामऊ वार्ड में जुलूस ए मोहम्मदी व जुलुस मदहे सहाबा पूरी शानो शौकत व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।

जुलूस से पहले परंपरागत निकलने वाली रैली कमेटी अध्यक्ष मसरूर ख़ाँ की अध्यक्षता में मदरसा क़मरुल उलूम रमज़ानिया भटुवामऊ से अपने निर्धारित रास्तो से होती हुई बेलहरा ईदगाह से वापस आकर मदरसे पर समाप्त हुई।रैली में आगे आगे सजे धजे घोड़े ऊंट चल रहे थी जो रैली का आकर्षण का केंद्र बने हुए थे पीछे सैकड़ो लोगों की भीड़ अल्लाहु अकबर सरकार की आमद मरहबा जैसे नारों से इलाक़ा गूंजता रहा। इस बीच बेलहरा के लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया तथा जलपान की वयवस्था की थी। इसके बाद शाम सात बजे जामा मस्जिद से मदहे सहाबा का जुलूस उठा जिसमे क़रीब तीन दर्जन अंजुमनों ने शिरकत की जिसमे सबने मोहम्मद साहब की शान में खूब नात पाक पढ़ी।जिन्हें समाजसेवियों द्वारा स्टॉल लगा कर पुरस्कार दिया गया मौसम खराब होने के बावजूद लोगो मे जोश बना रहा। कमेटी अंजुमन शोहदाए इस्लाम की तरफ़ से क्षेत्रीय पत्रकार बन्धुओ को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया।कमेटी अध्यक्ष मसरूर ख़ाँ ने जुलूस में आये मेहमानों व सभी अंजुमनों का शुक्रिया अदा किया।

## पीएचसी पर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** शासन की मंशा के अनुरूप सीएचसी सिरौलीगौसपुर अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह के निर्देशन में क्षेत्र के तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया । जहां पर मरीजों की जांचें करके उनमें दवाओं का वितरण किया गया ।मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा वार्ड बॉय त्रिभुवन सिंह एएनएम कौशल्या देवी एलटी शुभम अवस्थी की मौजूदगी में कुल 42 मरीजों की जांच करके उनमें सर्दी जुकाम बुखार से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया।इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ अन्विता पाण्डेय वार्ड बॉय राजबहादुर की मौजूदगी में 38 मरीज देख कर के उनमें दवाओं का वितरण हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डॉक्टर जगदीश फार्मासिस्ट वीरेन्द्र कुमार श्री वास्तव वार्ड ब्वाय शिवाकान्त सिंह स्वास्थ्य सलाहकार अनूप कुमार जायसवाल की मौजूदगी में 90 मरीज देखे गए।

# तीन गांव के लोगों का जीवन रक्षक बन सकता बिलौंहा-महटौली संपर्क मार्ग

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**प्रतिवर्ष नदियों** में आने वाली बाढ़ के पानी से घिरकर आपदा में आ जाने वाले तीन गांव के लिए महटौली-बिलौहां संपर्क मार्ग जीवन रक्षा में सहायक हो सकता है।

माधौगढ़ तहसील अंतर्गत विकासखंड रामपुरा के पंचनद क्षेत्र में बर्षा काल में पांच नदियों का जल स्तर बढ़ने पर अनेक गांव चारों ओर पानी से घिर जाने के कारण संकटग्रस्त हो जाते हैं जिसमें ग्राम पुरा,महटौली एवं बेरा यह तीन गांव यमुना तट पर होने के कारण चारों ओर पानी से घिर जाते हैं। वर्ष 2019 से 2024 तक चार बार आई बाढ़ में उक्त तीन गांव के लोगों को अपने सिर पर जल प्रलय का संकट मंड़राता दिखते ही अपने पालतू पशुओं के गले की रस्सी खोल उन्हें अन्ना छोड़कर अपने घर में जमा पूंजी रुपया जेवर इत्यादि साथ में लेकर बेतहाशा भागने को मजबूर होना पड़ा है। लेकिन विडम्बना यह कि चारों ओर पानी ही पानी भरा होने पर किधर से जाएं कहां जाएं की अनिश्चित एवं अनियंत्रित स्थिति में जंगल के रास्ते ऊंचे टीलों के सहारे यह ग्रामीण सात किमी दूर बिलौहां गांव तक पहुंचने का प्रयास करते हैं लेकिन यह रास्ता भी इतना सहज नही होता है क्योंकि वर्षा ऋतु में चिकनी मिट्टी के टीलों पर चढ़ना और फिसल कर गिरने से जख्मी होने अथवा गिरकर पानी जाकर डूबकर असमय मृत्यु या बडी घटना का कारण बन सकता है। वर्ष 2021 में जब अपनी चार सहायक नदियों के साथ यमुना ने प्रचंड रूप धारण किया उस समय विकासखंड रामपुरा के ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर अपने पैतृक गांव बेरा में ही थे। वह स्वयं सपरिवार इस आपदा से रूबरू हुए व बमुश्किल अपना गांव छोड़कर कठिनाइयों से जूझते हुए 7 किलोमीटर पैदल चलकर ग्राम बिलौहां में जाकर शरण लिए। इस घटना के बाद ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने ग्राम महटौली से ग्राम बिलौहां तक सात किलोमीटर लंबा कच्चे संपर्क मार्ग का निर्माण करवाया लेकिन यह कच्ची सड़क आशा के अनुरूप सुविधाजनक नहीं हो सकी क्योंकि यहां की मिट्टी चिकनी होने से थोड़ी सी ही नमी में फूल जाती है और यह पैरों एवं वाहन के पहियों में गोंद की तरह चिपक कर पथ अवरोधक बन जाती है। बाढ़ के समय वर्षा होना स्वाभाविक है अतः बाढ़ आपदा काल में सात किलोमीटर का यह रास्ता उपयोगी होते हुए भी अनुपयोगी हो जाता है। ग्राम महटौली निवासी कृष्णअवतार मंगी राजपूत, अवनीश, भारत सिंह, कैलाश लाइनमैन ,दारा सिंह, रामवीर, राजबहादुर सिंह, मुकेश, गोविंददास, ईश्वर सिंह, उपेंद्र सिंह ,छोटेलाल, रामौतार राजपूत आदि लोगों ने समवेत स्वर में जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक से मांग की है कि यदि ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर द्वारा बनाए गए कच्चे मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा डामर की पक्की सड़क का निर्माण हो जाए तो यह तीन गांव पुरा, महटौली, एवं बेरा के ग्रामीणों के जीवन रक्षा का मार्ग खुल जाएगा।

# रामलीला रंगमंच पर राम जन्म लीला का कलाकारों ने किया मंचन

**कोंच (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**कोंच** की ऐतिहासिक रामलीला में शनिवार रात रामजन्म लीला का मंचन किया गया जिसे देखने काफी संख्या में लोग जुटे। मनु और शतरूपा को भगवान विष्णु वरदान देते हैं कि त्रेता में जब वह दशरथ और कौशल्या के रूप में जन्म लेंगे तब वह (विष्णु) उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे। उधर, रावण भगवान ब्रह्मा से अपराजेयता और विभीषण भगवान की भक्ति का वरदान प्राप्त कर लेते हैं जबकि वाग्देवी सरस्वती ने कुंभकर्ण की मति भ्रमित कर उसके मुख से इंद्रासन की बजाए निंद्रासन कहलवा दिया फलस्वरूप मांगे गए वरदान देकर ब्रह्मा जी अंतर्ध्यान हो जाते हैं। रावण के बढ़ते अधर्म और पापाचार से त्रस्त पृथ्वी गोवेश में बैकुंठ जाकर भगवान विष्णु से प्रार्थना करती है की उसे रावण के पापाचार से मुक्त करें। भगवान विष्णु स्वयं राम रूप में और अपने अंशों से भरत लछ्मण व शत्रुघ्न के रूपों में अयोध्या नरेश दशरथ के यहां प्रकट होते हैं। मनु और दशरथ की भूमिका अनुरुद्ध मिश्रा, सतरूपा और कौशल्या की भूमिका सूरज शर्मा, रावण गौरी शंकर झा, कुंभकर्ण हरिश्चंद्र तिवारी, वशिष्ठ प्रमोद विदुआ, ब्रह्मा लकी दुवे, विष्णु राघवेंद्र तिवारी, मेघनाद, अतिकाय, अंकपन की भूमिकाओं में गिरधर सकेरे, हिमांशु राठौर, धनु राठौर, विभीषण पवन दांतरे, श्रृंगी ऋषि, विक्कू गोस्वामी ने निभाई। व्यास के रूप में अमित नगाइच समाजी शिवम द्विवेदी, नालवादक राजेश दीक्षित, पैड पर राहुल रहे। संकेतकों की भूमिका में दिनेश मानव, अतुल सोनी, नीरज दुवे आदि सहयोग कर रहे थे। रामलीला अभिनय विभाग के मंत्री सुधीर सोनी ने बताया है कि 30 सितंबर सोमवार को रात्रि ठीक 8 बजे से रामलीला रंगमंच पर ताड़का वध लीला का मंचन किया जाएगा।

# बारिश से कच्चा मकान गिरा, मलबे में दबकर दो बच्चों की मौत

- विधायक ने परिवारजनों को दैवीय आपदा में शासन द्वारा 8 लाख सहायता धनराशि प्रदान की

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह द्वारा तत्काल पहुँचकर मौका मुआयना किया गया। एवं मृतक बच्चों के परिवारजनों के मध्य अपनी संतावना भी व्यक्त की।



विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत द्वारा मृतक बच्चों के परिवारजनों को दैवीय आपदा में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सहायता धनराशि 8 लाख (4 लाख प्रति मृतक) का प्रमाण पत्र दिया गया।

**गहरी नींद** में सोये गांव के ग्रामीणों में अचानक उस समय हड़कंप मच गया। जब बारिश के चलते तेज आवाज के साथ एक कच्चा मकान ढह गया। जब तक ग्रामीण कुछ समझते तब तक मकान के मलवे में दबकर एक ही परिवार के दो भाई बहनों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो अन्य बच्चों सहित दंपत्ति घायल हो गये। थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के गांव गोपालपुर में देर रात करीब 3 बजे रामदास पुत्र पुत्तूलाल उम्र 45 वर्ष अपने परिवार पत्नी फगुनी उम्र 40 वर्ष, 8 वर्षीय पुत्र विवेक, 2 वर्षीय बिकास, 14 वर्षीय बेटी अंजली, 12 वर्षीय बेटी सरिता के साथ अपने कच्चे मकान की छत पर सोये हुये थे। बारिश के कारण जर्जर हो चुके मकान की छत पर सोये परिवार को अहसास भी नहीं था। कि एक दर्दनाक हादसा उनका इंतजार कर रहा है। रात 3 बजे के करीब एका एक मकान की छत तेज आवाज के साथ ढह गई। जिससे मकान की छत पर सोया पूरा परिवार मलवे में दब गया। घटना की जानकारी पर राहत और बचाव कार्य करने को ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। मदद करने के दौरान ग्रामीणों ने मकान के मलवे में दबे परिजनों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। पुलिस को घटना की सूचना दिये जाने के बाद ग्रामीणों ने आनन-फानन में मलवे में दबे घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु अस्पताल भेजा। यहाँ से घायलों को मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। हादसे में परिवार के दो मासूम बच्चों 8 वर्षीय विवेक और 12 वर्षीय सरिता की मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों में दंपत्ति सहित दो अन्य मासूमों का उपचार जारी था। सूचना पर थाना प्रभारी पारुल चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। वहीं राजस्व टीम ने भी मौके पर पहुंचने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। तहसीलदार तिर्वा अवनीश कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जायेगी। इसके अलावा जो भी सरकारी सहायता होगी, उपलब्ध करवाई जायेगी।

# नवोदय विद्यालय में छात्र- छात्राओं को वितरित किए पुरस्कार

- हिंदी परववाड़ा के समापन पर 45 पुरस्कार सहित 10 सांत्वना पुरस्कार विद्यार्थियों को देकर किया उत्साहवर्धन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**




छात्रा को पुरस्कार प्रदान करते प्राचार्य समृद्धि न्यूज

**हिन्दी पखवाड़ा** के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी दिवस से ही लगातार अनेक प्रतियोगिताएं हिंदी को बढ़ावा देने के लिए संपन्न हुई। जिसमें भाषण, आशुभाषण, मौलिक कविता, कविता पाठ, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। समापन दिवस पर शिक्षकों के मध्य भी आलेख प्रतियोगिता करवाई गई। पखवाड़ा के समापन दिवस पर लगभग 45 पुरस्कार सहित 10 सांत्वना पुरस्कार विद्यार्थियों को देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। मंच का संचालन कर रहे हिंदी शिक्षक डॉ संतोष कुमार सिंह ने अपने काव्य पंक्तियों ÷नहीं विरोध किसी भाषा का हर भाषा का ज्ञान रहे। हिंदुस्तानी चाह रहा हिंदी का हिंदुस्तान रहे।÷और हिंदी के प्रति प्रेम को परोसकर श्रोताओं को बांधे रखा। हिंदी शिक्षिका कुंजन कुसुम द्विवेदी ने भी मातृभाषा हिंदी के प्रति प्रेम को अपनी कविता में भरपूर स्थान दिया। प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय ने हिंदी को और सशक्त बनाने की बात की और अन्य भाषा का भी सम्मान करने को कहा। उप प्राचार्य ने हिंदी भाषा को सभी भाषा की पनाहगार बताकर अपने उद्बोधन को पूर्ण किया। इस मौके पर सी पी राम, ब्रजमंगल, धीरेंद्र कुमार, डी के कनौजिया, गीता कुमारी, जितेंद्र कुमार सहित आदि लोग रहे।

# भ्रष्टाचार न रुका तो होगा आंदोलन: भाकियू औनू




**छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन औनु की मासिक बैठक ग्राम बहवलपुर में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे रामनरेश यादव जी ने आज की बैठक में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की जिसमें कि किसानों की आलू की बुवाई का काम चल रहा है जिसमें किसानों की खाद को लेकर बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समिति पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है और जो विक्रय केंद्र हैं उसमें भी चर्चा की गई मनमाने तरीके से उपभोक्ताओं के कनेक्शन को काटकर और फिर कनेक्शन को जोड़ने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है उसको तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष कानपुर नीरज भाटिया ने कहा सौ शैय्या अस्पताल में गरीब किसान मजदूर एवं मध्यम वर्गीय का इलाज नहीं हो पा रहा है जो भी वहां पर पहुंचता है वहां पर बैठे हुए डॉक्टर रेफर कर देते है सौ शैय्या अस्पताल जनता को सुविधाएं देने के लिए बनवाया गया था जो कि अब मात्र एक रेफर सेंटर के रूप में कार्य कर रहा है ऐसी स्थिति में गरीब मजदूर असहाय इलाज करने कहां जाए । इन सभी समस्याओं को लेकर भाकियू ( औनू ) ने मासिक बैठक एवं महापंचायत में फैसला लिया है अगर इन समस्याओं का समाधान न हुआ तो जिला मुख्यालय पर आंदोलन किया जाएगा जिसमें कई जिलों के किसान एवं पदाधिकारी मौजूद होंगे।। रिशु राठौर, अंकित यादव ,जीतू यादव अतर सिंह यादव, सलमान सिद्दीकी, रवि यादव ,ब्रजनंदन सिंह यादव, निहाल खान आदि पदाधिकारीगण एवं किसान देवता मौजूद रहे ।

# पिछले एक माह से चलाया जा रहा कस्बे में जगह-जगह जागरूकता व चेकिंग अभियान



**छिबरामऊ कन्नौज।** कस्बे की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए टीएसआई अरशद ने वहां चेक करते हुए जागरूकता अभियान चलाया जिसके चलते लगातार उनके द्वारा कस्बे में जगह-जगह जागरूकता अभियान और चेकिंग अभियान पिछले एक माह से चलाया जा रहा है।आज रविवार को चेकिंग के दौरान एक विकलांग व्यक्ति द्वारा बिना फिटनेस के टेंपो चलाते हुआ पाया, जिस पर टीएसआई ने ?6000 जुर्माना अधिरोपित किया।वही रांगसाइड,नो पार्किंग,फालटी नंबर प्लेट,बिना लाइसेंस आदि के वाहन चलाने पर टीएसआई द्वारा 10 वाहनों पर जुर्माना अधिरोपित किया गया।

# खबरें चलते-चलते

## इंदिरा दुबे को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**छिबरामऊ।** किशोरियों को होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए चलाए गए वैक्सीन लगाओ अभियान में नेहरू महाविद्यालय की सचिव इंदिरा दुबे द्वारा सराहनीय योगदान दिया गया था। उनकी इस कार्य प्रणाली को और समाजसेवी में निरंतर प्रयासरत रहने पर छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के स्वास्थ्य केंद्र सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सचिन इंदिरा दुबे को प्रशस्ति पत्र डी का सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि पर नेहरू कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर जयवीर सिंह, जयप्रकाश त्रिपाठी, सुमन मिश्रा, मीरा वर्मा, मीरा वर्मा आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## लापता पति के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते करीब एक माह से ज्यादा समय से लापता पति के संबंध में पीड़िता पत्नी ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फतेहगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार पीड़िता संगीता महेश्वरी पत्नी मनोज कुमार माहेश्वरी निवासी पीली कोठी बिलराम गेट कासगंज जनपद कासगंज ने कोतवाली प्रभारी फतेहगढ़ को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि दिनाक 20.08.2024 को उनके पति मनोज अपने कार्य हेतु फतेहगढ़ आये थे, परन्तु घर नहीं पहुंचे। तब उसने 21 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज करायी थी, लेकिन अभी तक उसके पति का पता नहीं चला गया। उसने बीते दिन प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगायी है। उसने पति के साथ किसी अनहोनी घटना की आशंका जतायी है।

## पुरानी रंजिश में दबंगों ने युवक को पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश में गाली-गलौज देने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम बेला सराय गजा निवासी धर्मपाल पुत्र श्यामजीत ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 28 सितम्बर की शाम 8 बजे खेत में खड़ी धान की फसल की रखवाली करने गया था, तभी अरविन्द व देवेन्द्र पुत्रगण रामजीत शाक्य, रामचरण पुत्र लीलाधर आये और पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। किसी तरह बचकर अपनी जान बचायी। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## महिला को दबंगों ने पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार सुनीला पत्नी शिवनन्दन माथुर निवासी मोहल्ला जटपुरा कस्बा व थाना शमसाबाद ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा कि उसके घेर में आम का पेड़ लगा है। जिसको आज बकरी ने खाया और तोड़ दिया। जिसकी पूछताछ आसपास के लोगों से कर रही थी, उसी समय आशा देवी पत्नी ब्रजेश, अरुण पुत्र ब्रजेश, शिवानी पुत्री ब्रजेश उपरोक्त सभी एक राय होकर प्रार्थिनी के साथ गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर प्रार्थिनी को सभी ने लात-घूसो से मारपीट करने लगे। घटना के समय प्रार्थिनी अकेली थी। उसका पति भी घर पर नहीं था। प्रार्थिनी जैसे तैसे जान बचाकर थाने पहुंची और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की।

## टेंपो-बाइक की टक्कर में चार घायल, लोहिया रेफर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** संकिसा रोड पर एसबी ईट भट्टा के सामने टेंपो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तथा एक टेंपो में सवार लोग घायल हो गये। जिन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मदाबाद भेजा गया। घायल बाइक सवार जयसिंह पुत्र गंगा साय उम्र 45 वर्ष निवासी खिरिया बनार थाना जैथरा, मुलायम पुत्र मनीराम उम्र 38 वर्ष, सतीश कुमार पुत्र गब्दू उम्र 50 वर्ष निवासीगण हमीरपुर उक्त लोग मोहम्मदाबाद बाजार करने बाइक से आ रहे थे। मोहम्मदाबाद की तरफसे जा रहे तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी।

# वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति युवाओं को किया जागरूक



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्था गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट के द्वारा गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार, डॉ अंबेडकर पार्क बडेपुर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति युवाओं को जागरूक किया। वृक्ष है तो जीवन है पर्यावरण बचाने की हम सभी की जिम्मेदारी है इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए क्योंकि आज इतनी गर्मी और तमाम आपदाएं आती हैं यह हमारे पर्यावरण से छेड़छाड़ का ही नतीजा है हम सभी युवाओं की और सभी की जिम्मेदारी है की अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनकी रक्षा करें पेड़ों से हमें फल फूल लकड़ी छाया आदि मिलती है और हमारे जीवन को बचाने के लिए महत्वपूर्ण ऑक्सीजन मिलती है जिसकी वजह से हम जीवित है। इस अवसर पर तीर्थराज बौद्ध प्रबंधक/ सचिव गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट,सुमित कुमार शाक्य देवकीनन्दन शाक्य अवनीश शाक्य यश सिंह सोनू शाक्य उमेश शाक्य विवेक शाक्य पीयूष शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रेम होता है मनुष्य का सबसे बड़ा गहना: विश्राम सागर

- नगर में संत निरंकारी सत्संग का हुआ आयोजन

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



सत्संग में मौजूद सत्संगी, इनसेट में महात्मा विश्राम सागर समृद्धि न्यूज

**इस संसार** में प्रेम से बड़ी कोई दौलत नहीं है। जिसके पास प्रेम है। वह प्रभु को भी प्यारा होता है। जिसने भी परमात्मा की भक्ति की तो उसने पहले प्रेम को अपने हृदय में उतारा है। मनुष्य का सबसे बड़ा गहना प्रेम होता है। जिससे उसके अंदर सुंदरता खूबसूरती और समाज में उसका सम्मान होता है। यह सब उन्हीं लोगों को प्राप्त होता हैं। जो प्रभु से भी प्रेम करता हैं और उसके बनाए बंदो से प्रेम करता हैं।

यह विचार नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित संत निरंकारी सत्संग में महात्मा विश्राम सागर ने सत्संगियों के समक्ष व्यक्त किए। आगे कहा कि संसार में जब भी प्रभु को प्राप्त करने की बात आई, तो उन्होंने ही प्राप्त कर पाया, जिन्होंने अपने हृदय में प्रेम को बसा रखा था। जिसने प्रेम किया है, उसी ने प्रभु को प्राप्त किया है। मीरा, कबीरा, तुलसी, चाहे कोई भी रहा उन्होंने प्रभु को प्राप्त करने के लिए निस्वार्थ प्रेम किया। हनुमान जी प्रभु राम से इतना प्रेम करते थे कि उस प्रेम के आगे दुनिया की सारी दौलत फीकी थी। जब भगवान राम सबको राजपाठ दे रहे थे। तब भगवान राम ने हनुमान से भी पूछा की आपको क्या दें, तो उन्होंने प्रभु राम के चरणों की सेवा ही मांगी। दुनिया की सारी दौलत, राज पाठ को छोड़ दिया। इसीलिए आज भक्त हनुमान की सारे संसार में पूजा होती है। तो इस प्रकार जिसने भी प्रभु से प्रेम किया उसे संसार में कोई कमी नहीं रही। सबके अंदर भाईचारा हो, सब सब के सुख दुख में शामिल हो, और सबका आनंदमय जीवन हो, तो साथ संगत जी आओ हम सब अपने सतगुरु की बात को मानते हुए अपने जीवन को सुंदर बनाएं और अपना भी भला करें, संसार का भी भला हो। इस दौरान विपिन, सुशील कुमार, रामकरण, वीरभान, खुशी राम, चुन्नू लाल, रामादेवी, रचना, सरोजनी, जानकी आदि सत्संगी रहे।

# फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में 99 मरीज पहुंचे



**छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**रविवार को** नगर के मोहल्ला लाहौरी टोला स्थित गौसिया मस्जिद के पास आले रसूल हजरत सैय्यद अनस हुसैन वास्ती की सरपरस्ती में फातहे बिलग्राम मिशन की जानिब से फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया, जिसमें 99 मरीजों का परीक्षण कर दबाइयाँ दी गई। इस मेडिकल कैम्प में फर्रुखाबाद से आए डॉक्टर अफनान अली पेट व छाती एवं क्षय रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अंकित कटियार आंख रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अजय कुमार फिजिशियन, डॉक्टर स्टाफ अंजुम, हिना खान, संजय भास्कर के द्वारा मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां दी गई। आले रसूल हजरत सैय्यद अनस हुसैन वास्ती की सरपरस्ती में कमेटी कैम्प को अंजाम दे रही है। हजरत ने जरूरतमंदों से कैम्प में मरीजों को लाने की गुजरिश की थी। इस कैंप के लगने से गरीब, मजबूर, बेसहारा लोगों का फ्री में उपचार हो रहा है। इस दौरान कैंप इंचार्ज आमिर अत्तारी, फैसल खान, दिल नमाज खान, अजहर उर्फ मिंटू, जीशान उर्फ इम्मी, महमूद मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

- मंत्री बोली विजलेंस टीम द्वारा अवैध धनउगाही का अड्डा न बनाएं, भ्रष्टाचार करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



**प्रभारी मंत्री/** राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विकास कार्यो की आयोजित समीक्षा बैठक करते हुए कहा सरकार की जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी/ ग्रामीण में कोई भी पात्र लाभार्थी छूटना नही चाहिए। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले पर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मनरेगा के अन्तर्गत पाण्डु नदी का जीर्णोद्वार, आंगनवाडी केन्द्र, खेल मैदान, समुदायिक बागवानी, सड़क के किनारे पट्टी, चिंहित स्कूलों में संपर्क मार्ग एवं पानी की टंकी तक चकरोड आदि कार्यों को समय से कराया जाए। जो नए कार्य किया जाना प्रस्तावित है उनकी भी कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू किया जाए। मंत्री ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थित शत-प्रतिशत होनी चाहिए। अधिकारियों द्वारा समय समय पर विद्यालयों का औचक निरीक्षण भी किया जाए। जनपद में 16 व 17 अक्टूबर 2024 को एलिम्को द्वारा कृत्रिम अंग कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमे पात्र को लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी राशन विक्रेताओं द्वारा घटतौली एवं कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि घटतौली एवं कालाबाजारी को पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों को खाद की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। सभी समितियों में पर्याप्त खाद की उपलब्धता है। कहा कि विद्युत ट्रिपिंग, गलत बिल आदि से संबंधित विद्युत विभाग की सबसे ज्यादा शिकायते प्राप्त हो रही है। अधिशासी अधिकारी विद्युत प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निवारण करें। कहा कि विजलेंस टीम द्वारा अवैध धनउगाही का अड्डा न बनाया जाए। यह योगी की सरकार है। भ्रष्ट्राचार करने वाले बख्शे नही जाएंगे। विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि पुलिस अपना रवैया सुधारें। आपसी विवाद जैसे वाले मुकदमों को यदि दोनों पीड़ित पक्ष अपना समझौता नामा करने के लिये कोतवाली/ थाना आते है। तो दोनों पक्षों का समन्वय स्थापित कर सुलह समझौता कराया जाए। न कि अनावश्यक रूप से उन्हें परेशान किया जाए। पुलिस पीड़ितों के साथ अच्छा व्यवहार करें। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिले। इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं। कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विधायक कैलाश राजपूत, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिहं भदौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में देखे गए 205 मरीज

▸ जांच के उपरांत दी गई निशुल्क दवाइयां

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**मुख्यमंत्री जन** आरोग्य मेले का आयोजन उप स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में डॉक्टर गौरव वर्मा की निगरानी में किया गया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सहयोग की भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। निःशुल्क दवाइयों के वितरण में आज 205 मरीजों को देखा गया। टाइफाइड के 16 मरीजों की जांच की गई। जिसमें सभी मरीज निगेटिव पाये गये। मलेरिया जांच में 18 मरीजों को देखा गया। एक मरीज पॉजिटिव पाया गया। लक्षण और शंका के आधार पर तीन मरीजों की डेंगू जांच की गई जो कि नेगेटिव पाए गए। शुगर के 15 मरीजों के साथ हीमोग्लोबिन के 8 मरीजों की जांच की गई एवं बलगम जाँच के 5 मरीज देखे गए। अन्य मरीजों की भी जांच की गई। इस दौरान अधिकतर मरीज सर्दी, जुखाम, बुखार, खांसी व चर्म रोग संबंधित पाए गए। छोटे बच्चों में डायरिया की शिकायत थी। कई मरीज ऐसे थे जिन्हें गैस के कारण पेट में दर्द का एहसास हो रहा था। डॉक्टर द्वारा जांच के उपरांत सभी मरीजों को जरूरत के अनुसार दवाइयां दी गईं। छोटे बच्चों को सीरप उपलब्ध कराए गए। इस समय सैलाब क्षेत्र के मरीजों की संख्या अधिक रही, क्योंकि इन क्षेत्रों में बाढ़ के पानी के घट जाने के उपरांत सर्दी, जुकाम, खांसी, इंफेक्शन आदि के मरीजों की संख्या बढ़ी है। दूरदराज कटरी क्षेत्र जिसमें ग्राम मंझा, कुड़री, करनपुर घाट, बनारसीपुर, हमीरपुर, परतापुर, दौलतियापुर, अमृतपुर, नगला हुसा, करनपुरदत्त,। बलीपट्टी, हुसैनपुर, तौफीक आदि गांवों के मरीज बहुतायत संख्या में पहुँच रहे थे। सुबह 8 बजे से चली ओपीडी दोपहर 2 बजे के बाद तक चलती रही। जिसमें मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गईं। डॉक्टर गौरव वर्मा ने बताया कि अस्पताल में किसी प्रकार की दवाईयों की कोई कमी नहीं है। सभी दैनिक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं और बीमार मरीजों को समय पर दवाई उपलब्ध कराई जा रही है। जो मरीज गंभीर स्थिति के होते हैं उन्हें जिला मुख्यालय पर स्थित अस्पताल भेज दिया जाता है। जिससे उनका समुचित इलाज हो सके।



जन आरोग्य मेले में दवा लेते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

# उखरा के पीड़ितों से आज मिलेगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीती 28** सितंबर को अमृतपुर विधानसभा के ग्राम ऊखरा में प्रशासन द्वारा बर्बरतापूर्वक 25 से अधिक मकानों को बुलडोजर द्वारा जमींदोज कर दिया गया था।। इसी घटना को दृष्टिगत रखते हुए समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल कल दिनांक 30 सितंबर को पीड़ित परिवारों से मिलने ग्राम ऊखरा पहुंचेगा।

जानकारी के अनुसार बीते दिन अमृतपुर विधानसभा के ग्राम ऊखरा में करीब 25 मकानों के जेसीबी द्वारा धवस्त कर दिया गया था। इस दौरान ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें 24 घंटे का समय भी नहीं दिया गया और न कोई नोटिस दिया गया। प्रशासन ने एकाएक कार्यवाही कर उन्हें छतविहीन कर दिया। कुछ लोगों का तो सामान इसमें नष्ट हो गया, जबकि जिन लोगों ने निकाल लिया उनका गृहस्थी का सामान खुले में पड़ा हुआ है। पीड़ित चीखते चिल्लाते रहे, लेकिन प्रशासन ने कोई रियायत नहीं की और हिलटर की भांति कार्यवाही करते हुए एक-एक करके करीब 25 मकानों को ध्वस्त कर दिया। पीड़ितों से मिलने आज सपा का प्रतिनिधि मंडल जिसमें देवेश शाक्य सांसद एटा, चंद्रपाल सिंह यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, डॉक्टर नवल किशोर शाक्य पूर्व प्रत्याशी लोकसभा फर्रुखाबाद, डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव पूर्व प्रत्याशी विधान सभा क्षेत्र अमृतपुर, राघव दत्त मिश्रा महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, उदय प्रताप भोला विधान सभा अध्यक्ष अमृतपुर शामिल हैं।



मकानों को ध्वस्त करती जेसीबी मशीन — समृद्धि न्यूज

## खबरें चलते-चलते

### नगर में बिजली बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में शमसाबाद नगर के लगभग एक दर्जन मोहल्ले में छापामारी कर एक सैकड़ा से भी ज्यादा उपभोक्ताओं में अधिकांश बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये। जानकारी के अनुसार रविवार को बिजली विभाग के एसडीओ कायमगंज के नेतृत्व में तीन विद्युत उपकेंद्र के जे0ई0 के नेतृत्व में शमशाबाद में चेकिंग अभियान चलाया गया। नगर के लगभग एक दर्जन मोहल्ले में एक सैकड़ा से भी ज्यादा उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। काटे गये कनेक्शनों में अधिकांश बकायेदार थे। उधर बिजली विभाग की टीम द्वारा अचानक छापामारी किये जाने से मोहल्ले के लोगों में दहशत का माहौल रहा। लोग चेकिंग अभियान को लेकर तरह-तरह की चर्चा करते हुए नजर आए। बताते हैं लगभग एक दर्जन मोहल्लों में बिजली विभाग की टीम द्वारा छापामारी की गई। बिजली विभाग के सूत्रों की मानें तो लगभग एक सैकड़ा से भी ज्यादा उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। बकायदारों को अविलंब बिजली के बिल जमा करने के भी आदेश दिए गये। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बिल जमा नहीं नहीं किए जाने पर नियामुनासर कार्यवाही किए जाने की बात कही गई। बताते हैं अचानक बिजली विभाग की टीम द्वारा की गई छापेमारी से मुहल्ले के लोगों में दहशत का माहौल देखा गया। वहीं टीम के जाने के बाद सभी लोगों ने राहत की सांस ली।

### बाइकों की भिड़ंत में महिला समेत तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मोहमदाबाद थाना क्षेत्र के गाँव बढ़ेली निवासी कुलदीप उम्र 40 वर्षीय पुत्र रूपसिंह अपनी पत्नी पुष्पा को बाइक पर बैठालकर साली मीरा पत्नी महावीर निवासी रमापुर थाना मेरापुर के यहाँ गया था। वहाँ से वापस घर के लिए लौटते समय रमापुर मोड़ के निकट बाइक चालक आशीष पुत्र ब्रजभान निवासी लखनपुर थाना कायमगंज की जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार महिला सहित तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ डॉ0 ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर कुलदीप को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### मार्ग दुर्घटना मे 6 घायल, चार की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में नगर के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी अनीश (34), कम्पिल क्षेत्र के गांव सिवारा निवासी तनूजा (22) पत्नी सोनू, कमरुद्दीन नगर निवासी विकाश का 5 वर्षीय पुत्र शंभू, थाना मोहम्मदाबाद के गांव बढ़ेली निवासी कुलदीप (40), नगर के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी योगेश (40), क्षेत्र के गांव कुंअरपुर खास निवासी अवधेश (35) घायल हो गये। सभी घायलों को आसपास के लोगो ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद अनीश, शंभू, योगेश व अवधेश को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### चारा मशीन से युवक की कटी उंगली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझोला निवासी अनीस उम्र 34 वर्षीय पुत्र इसलाम मवेशियों के लिए मशीन द्वारा चारा काट रहा था, तभी अचानक चारे की मशीन की चपेट में आकर उसके हाथ की उंगली कट गई। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार किया गया।

# दिनदहाड़े दंपत्ति से बाइक सवारों बदमाशों ने लाखों के जेवरात व नगदी छीनी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पति के** साथ मायके जा रही महिला से बाइक सवार बदमाशों ने नगदी व जेवरात से भरा पर्स छीनकर फरार हो गये। महिला की चीखपुकार पर आसपास के लोग आ गये, लेकिन तब तक बाइक सवार लुटेरें आंखों से ओझल हो चुके थे। पीड़ित दम्पती ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना शमशाबाद पुलिस ने यह कहकर पल्ला झाड़ दिया कि हल्का हमारा नहीं है, लेकिन जब मिर्जापुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी मिलते ही थाना शमशाबाद पुलिस सक्रिय हो गयी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के झौआ रम्पुरा निवासी अरविन्द राजपूत अपनी पत्नी उमा राजपूत को लेकर उसके मायके बाइक से जलालाबाद जा रहे थे। जैसे ही ढाईघाट पुल के उत्तरी तट पर पहुंचे, तभी पीछे से अपाचे सवार दो लोग आये और कई बार बाइक से आगे निकले और फिर पीछे हो गये और इसी दौरान मौका पाकर बाइक सवार युवक ने मेरी पत्नी के हाथ से पर्स छीन लिया और आगे की ओर भाग गये। पर्स में 30 हजार रुपये की नगदी, एक हार, टीका, अंगूठी, झुमकी, कंधनी, मांग बेंदा थी। लगभग नगदी सहित सारा सामान चार लाख कीमत का बताया जा रहा है। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग भाग कर आ गये, लेकिन तब तक पर्स छीनने वाले बाइक सवार लुटेरे आंखों से ओझल हो चुके थे। पीड़ित ने घटना की सूचना मिर्जापुर व शमशाबाद पुलिस को दी। शमशाबाद पुलिस ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि मामला मेरे क्षेत्र का नहीं है। जब शमशाबाद पुलिस को पता लगा कि मिर्जापुर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है, तो शमशाबाद पुलिस भी जांच पड़ताल को पहुंच गयी और माना की घटना उनके ही क्षेत्र की है। थानाध्यक्ष के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल चल रही है। हो सकता है घटना कैमरे में कैद हो गयी हो।



घटना की जानकारी देते पीड़ित दंपत्ति — समृद्धि न्यूज

# टेंपो की टक्कर से मासूम बच्चे की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**तेज रफ्तार** टैंपू ने एक मासूम की जान ले ली। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद जरियनपुर मार्ग पर राधे-राधे पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार दंपति मोहित अपनी पत्नी शिल्पी तथा पुत्र कृष्ण के साथ अपनी ससुराल थाना हरपालपुर हरदोई जा रहे थे। पिथनापुर के ग्राम कोटियापुर निवासी दंपति को टेंपो चालक ने लापरवाही से टेंपो चलाते हुए पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अबोध बच्चा जमीन पर गिर पड़ा और टेंपो का पहिया उसके ऊपर से निकल गया। टेंपो चालक हीरालाल निवासी गनुआपुर टेंपो लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी मिलने पर चौकी इन्चार्ज के साथ आसपास निकलने वालों की भीड़ इकट्ठा हो गई। चौकी इंचार्ज विमल कुमार ने बच्चे का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मासूम की मौत के बाद मौके पर पहुंचे परिजन व मां का रो-रोकर बुरा हाल था।



मृतक बच्चे का फाइल फोटो

# एसपी के निर्देशन में चलाया गया स्वच्छता अभियान



पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाते एसपी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना, चौकियों व कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जागरुक करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो स्वच्छ भारत बनाने का सपना देखा है, उसे हम सबको मिमलकर साकार करना है। स्वच्छता से बीमारियां दूर रहती हैं और हम स्वस्थ्य रहते हैं। अपने आसपास गंदगी न करें, क्योंकि गंदगी में ही संक्रामक वैक्टीरिया पनपते हैं और हम बीमार होते हैं। इसलिए सभी लग शपथ लें कि हम स्वच्छता बनाये रखेंगे और दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक करेंगे। इस मौके पर जनपद के समस्त थाना, चौकियों व कार्यालयों में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

## सभासद के साथ हुई मारपीट का मामला पहुंचा थाना दिवस में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों नगर पंचायत कार्यालय में सभासद के साथ हुई मारपीट का मामला थाना दिवस में पहुंचा। थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 मोहल्ला दीनदयाल नगर के सभासद पुष्पेंद्र यादव पुत्र रामनिवास यादव ने समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया की बीती 26 सितंबर को नगर पंचायत के बाबू द्वारा किसी कार्य से बुलाया गया था, तभी नगर पंचायत कार्यालय पर मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष के निजी सुरक्षा गार्ड ने सभासद के साथ कार्यालय में ही मारपीट कर दी। जिसकी तहरीर सभासद ने उसी दिन थाना अध्यक्ष को दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर सभासद ने अपने कई साथियों के साथ थाना समाधान दिवस में पहुंचकर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के नाम से शिकायती पत्र दिया तथा मामले में कार्रवाई की मांग की।

# एसपी ने अपराधियों को दी अपराध रहित जीवन जीने की शिक्षा

▸ जनपद के 308 अपराधी सत्यापन कराने पहुंचे पुलिस लाइन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** आलोक प्रियदर्शी द्वारा पुलिस लाइन फतेहगढ़ परिसर में जनपद के विभिन्न अभियोगों डकैती, लूट, चोरी, नकबजनी, गोकशी के आपराधों में जमानत पर आये अभियुक्तगण को थाना स्तर से सत्यापित कराकर पुलिस लाइन फतेहगढ़ बुलवाया गया तथा उनसे वार्ता कर भविष्य में आपराधिक गतिविधियों मे लिप्त होने से बचने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दस साल पहले तक के अपराधियों की सूची बनायी जा रही है। ऐसे अपराधियों की संख्या जनपद में 1400 के करीब है। जो पुलिस की नजर में हैं। रविवार को पुलिस लाइन में करीब 308 अपराधी पहुंचे और एसपी से मिलकर अपराध रहित जीवन बिताने का भरोसा दिया। साथ ही उनसे अपेक्षा की गयी कि वह अपराध को रोकने और अपराधियों को पकड़वाने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने सभी से अपेक्षा की कि यदि उनका साथ मिला, तो अपराधों में अवश्य कमी आयेगी।



बैठक लेते एसपी व मौजूद अपराधी — समृद्धि न्यूज

### मासूम बच्ची जली, सीएचसी में भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पचरोली निवासी राजीव कुमार की 3 वर्षीय पुत्री शिवकुमारी घर पर गम्भीर रुप से जल गई। आनन-फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये।

# धूमधाम से निकली शिव बारात, रामलीला का हुआ शुभारंभ

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**नगर में** रामलीला महोत्सव की शुरुआत रविवार शाम को शिव बारात के साथ हुयी। बारात में भगवान शिव की झांकी के साथ साथ इलेक्ट्रॉनिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। गाजे.बाजे के साथ निकली शिव बरात में श्रद्धालु खूब नाचे। बारात का नगर के लोगों ने जगह.जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर में रामलीला की शुरुआत भगवान शिव जी की बारात के साथ हुयी। बारात में सबसे आगे बैंड बाजे वाले मधुर ध्वनि बिखेरते हुए चल रहे थे। बारात के साथ भगवान गणेशए शिव पार्वती, भगवान ब्रह्मा, माता दुर्गा और राधा कृष्ण समेत देवी देवताओं की झाकियां चल रहीं थीं। बारात में आकर्षक ढंग से सजे भगवान शिव जी और सैकड़ों बाराती आगे-आगे नाचते गाते बारात में शामिल हुए। नगर में बारात का स्वागत भव्य तरीके से किया गया है। दर्जन भर से अधिक इलेक्ट्रॉनिक झांकियां शंकर बारात का मुख्य आकर्षण रहीं। बारात में शामिल कलाकारों ने शिव के गण भूत प्रेत तथा नर्तकियों की वेशभूषा में जीवंत प्रदर्शन करते हुए बारात की शोभा बढ़ायी। शंकर बारात का नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ। बारात जिधर से गुजरी उधर देखने वालों की भीड़ बढ़ती गयी। जगह-जगह बारात के स्वागत के लिए तोरण द्वार बनाए गए। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। बारात शाम सात बजे रामलीला मेला स्थल से शुरू हुई। नगर के सभी मोहल्ले व मंदिरों से होती हुई पुनः रात्रि करीब 12 बजे मेला स्थल पर जाकर संपन्न हो गई।

बारात की व्यवस्था में रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने सहयोग किया। उधर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्य फोर्स के साथ मौजूद रहे।



भगवान शिव की झांकी — समृद्धि न्यूज

**दहशत** | बूढ़ी गंगा में मगरमच्छ के होने की सूचना के बाद लोगों में दहशत

# ग्रामीणों का हुजूम देख घबराया मगरमच्छ बूढ़ी गंगा में कूदा

▸ घटना की सूचना मिलने पर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ढाईघाट शमशाबाद** मार्ग पर स्थित बूढ़ी गंगा नदी यहां पर स्थित कुछ गड्ढे जहां बाढ़ का पानी भरा हुआ था। रविवार को यहां से गुजर रहे जब राहगीरो ने गड्ढे के निकट एक खेत में एक विशाल मगरमच्छ को देखा तो लोगों में दहशत फैल गयी। उधर खेत में मगरमच्छ के होने की सूचना जब स्थानीय लोगों को हुई, तो दहशत फैल गई। देखते ही देखते मौके पर दर्जनों लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गयी। मगरमच्छ काफी देर तक खेत में बैठा रहा, लेकिन जब कुछ लोगों द्वारा शोर मचाकर पत्थर चलाए गए, तो घबराये मगरमच्छ ने जान बचाने के लिए बूढ़ी गंगा में कूद गया। बूढ़ी गंगा में मगरमच्छ के देखे जाने के बाद यहां तमाम लोगों की भीड़ उमड़ती रही। भीड़ में कुछ लोगों ने सूचना डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौकेपर पहुंची तथा मामले की जानकारी की। वहीं पुलिस कर्मियों ने सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना के बाद वन विभाग के दरोगा समीर सिंह सेंगर ने रेंजर के निर्देश पर टीम को भेजकर मगरमच्छ रेस्क्यू कराए जाने की बात कही। मालूम रहे गंगा कटरी क्षेत्र में महीनों से बाढ़ का सैलाब जारी है। बाढ़ के सैलाब से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में जल सैलाब का आलम देखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर किसानों के खेत खलियानों में भी जल सैलाब देखा जा रहा। लोगों का कहना है गंगा में जब जल सैलाब आया तो यहां घातक जानवर मगरमच्छ आदि का आना हुआ होगा। स्थानीय लोगों को कहना है अगर वन विभाग की टीम द्वारा खतरनाक जीव मगरमच्छ को रेस्क्यू नहीं किया गया तो यह खूंखार जानवर और भी खूंखार होकर किसी की भी जान का दुश्मन बन जायेगा। फिलहाल रेंजर राजेश कुमार के निर्देश पर दरोगा समीर सिंह ने मगरमच्छ को रेस्क्यू कराये जाने का भरोसा दिया।



मगरमच्छ की ओर इशारा करते लोग — समृद्धि न्यूज

## भगवान गणेश के पूजन के साथ रामलीला का हुआ शुभारंभ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** श्री रामलीला समिति कायमगंज के प्रमुख सहयोगी श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महामंत्री मनोज कौशल आदि ने आज देर सायंकाल सीपी ग्राउंड जटवारा रोड पर भगवान गणेश जी का पूजन तिलक एवं आरती उतारकर श्री रामलीला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के सह कोषाध्यक्ष संजय बंसल, प्रहलाद नारायण अग्रवाल, राम प्रकाश यादव, अमित सेठ, पवन गुप्ता, संजय गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, सुधाकर दुबे, वीरेन्द्र राठौर, डाक्टर महेंद्र पाल सिंह चौहान, सुखदेव दुबे, दीपक राज अरोड़ा, गोप गुप्ता, अटल, अंकित अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, डाक्टर संतोष गौड़, अनिल अग्रवाल, अशोक गौड़, सोनू गुप्ता, संजीव शाक्य, सोनू गंगवार आदि उपस्थित रहे। वृन्दावन से पधारे परम पूज्यनीय अवधेश शर्मा के निर्देशन में श्री रामलीला का मंचन 28 सितंबर से 13 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायंकाल 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक सीपी ग्राउंड में सम्पन्न होगा।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्तम सिंह ने जीता मेगा पुरुस्कार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विश्वनाथ सामाजिक** सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट का पुरस्कार वितरण समारोह बद्री विशाल महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र मिश्र उपाध्यक्ष राज्य ललित अकादमी लखनऊ व सांसद मुकेश राजपूत सांसद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, अमित व प्रबन्धक विनोद दुबे ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पार्चन कर किया। एशियन कंप्यूटर द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन 4 केंद्रों, सरस्वती विद्या मंदिर श्याम नगर, राजपुर, शाहजहांपुर, नवाबगंज में हुआ। जिसमें 6432 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें से सफल हुए छात्रों को पुरस्कार दिया गया। सामान्य ज्ञान परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले उत्तम सिंह को मेगा पुरस्कार के रूप में साइकिल, शील्ड व प्रसस्ति पत्र प्रदान किया गया। सीनिअर वर्ग में आस्था मृदुल कटियार ने 83 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निलेश मिश्रा ने 73 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कृष्णा ने 67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षत व वैभव ने संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को मिक्सी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को इलेक्ट्रिक केटल एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में दीवाल घडी के साथ शील्ड व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एक सैकड़ा से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालयों के




छात्र को पुरुस्कृत करते सांसद व अन्य अतिथि

प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें अक्षरा, खुशी, रागिनी, जाह्नवी ने गणेश वंदना, वंशिका, तनु, वर्षा, अंजलि, शगुन ने राधा कृष्णा समूह नृत्य, शिवांग दीक्षित ने खई के पान वनारस वाला, भूमि, यशी, दुर्गा, फाल्गुनी, मुस्कान ने डांडिया, मान्या, गुंजन, अनुराधा, कशिश, कनिष्का, अनुष्का ने मर्दानी समूह नृत्य, स्नेहा तान्या ने 80 के दशक के गाने पर नृत्य किया व शिवी ने ए गिरी नंदनी की प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। विभिन्न योजनाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों को ओ लेवल, सीसीसी, एडीसीए, एनआईएसबीयूडी कौशल विकास आदि के प्रमाण पत्र वितरीत किए गए। साथ ही संस्था के शाखा प्रबंधकों को भी सम्मानित किया गया। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्था द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। मैनेजिंग डायरेक्टर आकांक्षा सक्सेना ने संस्थान में विभिन्न योजनाओं में सहयोगी रहे छात्रों को डिनर सेट, स्मार्ट वॉच, दीवाल घड़ी आदि देकर सम्मानित किया, साथ ही आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कानोडिया इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी, पूनम शुक्ला आदि मौजूद रही। संचालन आद्या दुबे ने किया। इस अवसर पर पुर्णिमा, सुपर्णा, शैलेन्द्र, वंशिका, फाल्गुनी, पूनम, याशिक, माधव, पलक पाण्डेय, सिंहिका, सोनेलाल, राजेन्द्र दीक्षित, पंकज, संजय गर्ग, नवीन मिश्र, नरेंद्र पाण्डेय सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रही।

# चिकित्सक के प्रतिष्ठान पर प्रधानमंत्री के मन की लोगों ने सुनी बात

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 114वें संस्करण को भाजपा पदाधिकारियों के साथ मन की बात को सुना। भाजपा नेत्री डॉ0 रजनी सरीन के चिकित्सालय पर मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। अभिषेक त्रिवेदी के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम देखा। ऐसे कार्यक्रमों से प्रतिभाओं के अंदर कुछ और नया करने का जज्बा पैदा होता है। राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य अभिषेक त्रिवेदी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तविकता में देश के सभा 125 करोड़ देशवासियों का नेतृत्व करते हुए अपने को तभी



मन की बात सुनते लोग — समृद्धि न्यूज

गौरवांवित महसूस करते हैं, जबकि देश का हर नागरिक सजग प्रहरी की भांति कंधे से कंधा मिलाकर नरेंद्र मोदी को अपनी ताकत प्रदान करता है। इस मौके पर उदय बाथम, विजय कुमार, दिनेश कुमार, राधा देवी, प्रेमलता, संतोष कुमार, प्रवीण कुमार, पवन कुमार, शशि देवी, बेबी, अमन, अंकित, मकुल आदि मौजूद रहे।

# सपा प्रतिनिधि मण्डल ने उखरा में बेघर हुए पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में जनपद के ग्राम उखरा में जमीदोष किए गए 28 घरों के पीड़ित यादव परिवारों से मिला और बताया कि अखिलेश यादव इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ है। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल रजत क्रांतिकारी, बृजभान यादव उर्फ रिंकू, डॉ0 शिवम अवस्थी, सत्यम अवस्थी ग्राम उखरा में जमीदोष किये गए 28 घरों के परिवार वालों से मिला और उनके दुख को बांटने का कार्य किया। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि घटना दुखद ही नहीं बल्कि इंसानियत को भी तार-तार करने वाली



राघवदत्त मिश्रा से से लिपटकर रोती पीड़िता — समृद्धि न्यूज

है। शासन प्रशासन द्वारा जैसा कि स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्हें कोई भी किसी भी तरीके का नोटिस या कोई अग्रिम सूचना नहीं दी गई। आनन-फानन में यह कार्रवाई केवल इसलिए की गई है कि यह 28 घरों के परिवार वह पीडीए परिवार हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लोकसभा में वोट देकर उनके हाथों को मजबूत करने का कार्य किया है। यह करवाई बताती है की परिवार वालों का दर्द मौजूदा सरकार नहीं समझ सकती एवं राघव दत्त मिश्रा ने कहा हम सभी समाजवादी साथी इस लड़ाई में न्याय दिलाने तक पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

# भाकियू श्रमिक जनशक्ति की किसानों ने ली सदस्यता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव के निर्देशन में ग्राम आवाद नगर महरुपुर सहजू दुर्गा पैलेस में सदस्यता अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु सिंह भूरे एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह यादव द्वारा सदस्यता अभियान चलाकर पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र बांटे। भाकियू बलराज गुट के डॉ0 प्रदीप कुमार, तस्लीम मंसूरी, केशव पाल, अब्दुल कुद्दूश, ब्रहम्माशरन, सोनपाल, कमल कुमार, बृजेश कुमार आदि कई पदाधिकारियों ने बलराज गुट से इस्तीफा देकर भाकियू श्रमिक जनशक्ति की सदस्यता ग्रहण की। डॉ0 प्रदीप कुमार को मंडल उपाध्यक्ष, केशव पाल को जिला महामंत्री, गोविंद सक्सेना तहसील उपाध्यक्ष, मोहम्मद अहमद ब्लॉक उपाध्यक्ष, ब्रहम्माशरन जिला प्रवक्ता, जैनुल खान जिला मीडिया प्रभारी, आकाश यादव जिला महामंत्री, बृजेश जोशी ब्लॉक सचिव, सोनपाल वर्मा ब्लॉक सचिव, अजीत यादव तहसील उपाध्यक्ष, जैनुल



पदाधिकारी का स्वागत करते सर्वेश यादव — समृद्धि न्यूज

खान जिला मीडिया प्रभारी, अब्दुल कुददूस जिला सचिव, कमल कुमार को ब्लॉक सचिव, राघवेंद्र कुमार तहसील महामंत्री आदि को बनाया गया है और नियुक्ति पत्र बांटे गये। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान मोहम्मद अहमद, गोविंद कुमार, संदीप कुमार, राहुल सक्सेना, सुरजीत सिंह यादव, तस्लीम मंसूरी, बलराम पाल, मंजीत पाल आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल छात्र ने मध्य एशिया में किया जिले का नाम रोशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद फर्रुखाबाद के विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत दनियापुर की पूर्व प्रधान साधना सिंह एवं शिक्षक आदित्य पाल सिंह के पुत्र डॉ0 अभिषेक कुमार सिंह (एमबीबीएस) ने असफंद्रोव




राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कजाकस्तान अल्माटी की तरफ से भारतीय छात्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए मध्य एशिया की सबसे बड़ी मैराथन (अल्माटी मैराथन) में हिस्सा लिया और टॉप 10 में जगह बनाई। यह अल्माटी मैराथन का तेहरवा आयोजन था। जिसमें रूस, चीन, कोरिया, किर्गिस्तान, उज़्बेकिस्तान, बेलारूस, जर्मनी, तुर्कमेनिस्तान, भारत, पाकिस्तान, कजाकस्तान आदि अन्य देशों के सोलह हजार धावकों ने प्रतिभाग किया। यह मैराथन 10 किलोमीटर लंबी थी। जिसका आयोजन 29 सितम्बर को रिपब्लिक स्क्वायर, स्तपयेव स्ट्रीट, अल्माटी कजाकस्तान में हुआ। अल्माटी मैराथन अंतराष्ट्रीय मैराथन संघ का सदस्य है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य एवं खेल को बढ़ावा देना है। आयोजक समूह में बड़ी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां शामिल हैं। जिनमें नेस्ले, अंडर आर्मर, कजाख मिनरल्स, सेंसोडायन, ऑलवेज प्लेटिनम, कासपी बैंक इत्यादि प्रमुख हैं।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुष्पेन्द्र व रिशु ने मारी बाजी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**क्षेत्रीय माध्यमिक** एथलेटिक्स प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर पुलिस लाइन ग्राउंड फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य डा0 महेश चन्द्र गंगवार ने 3 हजार मीटर दौड़ का शुभारम्भ किया। निर्णायक मण्डल में सब जूनियर, सीनियर बालक, बालिका के धैर्य व साहस को शिक्षकों ने निष्ठापूर्वक व ईमानदारी से निर्णय लिया। जैवलिंग बालक सीनियर वर्ग में मालदीप प्रथम, शेखर द्वितीय, आलोक तृतीय रहे। जैवलिंग बालिका वर्ग सीनियर में खुशी प्रथम, शिखा द्वितीय, गीता राजपूत तृतीय रही। 3 हजार मीटर बालक सीनियर वर्ग दौड़ में पुष्पेन्द्र प्रथम, अमित द्वितीय, प्रशांत दुबे तृतीय रहे। 3 हजार मीटर बालिका सीनियर



भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेता छात्र — समृद्धि न्यूज

वर्ग दौड़ में रिशु पाण्डेय, दीपांशु द्वितीय, ज्ञायत्री तृतीय रही। 200 मीटर बालक सीनियर वर्ग में दीपक शाक्य प्रथम, सचिन द्वितीय, अंशू यादव तृतीय रहे। 200 मीटर बालिका सीनियर वर्ग दौड़ में रुखसार प्रथम, प्रतिका मिश्रा द्वितीय, खुशी तृतीय रही। ऊंची कूद बालक वर्ग में आलोक प्रथम, बादल द्वितीय रहे। ऊंची कूद बालिका वर्ग में प्राची प्रथम, अजूबी द्वितीय, रुखसार तृतीय रही। 200 मीटर सब जूनियर बालिका वर्ग में लक्ष्मीपाल प्रथम, खुशी द्वितीय, सेजल तृतीय रही। ऊंची कूद सब जूनियर बालिका वर्ग में गौरी पाल प्रथम, आंचल द्वितीय, सिमरन यादव तृतीय रही। इस अवसर पर संयोजक प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा, सह संयोजक प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी, प्रमोद चन्द्र गंगवार, ओमपाल सिंह रघुवंशी, राजेश निराला, त्रिलोकीनाथ विश्वकर्मा मौजूद रहे। लेखा मण्डल में अविलाश कुमार शंखवार, डा0 बृजमोहन, अखिलेश कुमार पाण्डेय, अंकुर त्रिपाठी, देवाशीष पाण्डेय, डा0 संजीव कुमार त्रिवेदी ने भूमिका निभाई। संचालन पवन कुमार ने किया। निर्णायक मण्डल में अतुल दास, केशव गंगवार, देवेन्द्र कुमार, सतेन्द्र सिंह, राहुल यादव, सुनील पाल, शुभम मौर्य, अभिषेक अवस्थी, अर्जुन प्रताप सिंह, एजाज सिद्दीकी, रजनीश शिवा, सुब्रत शाक्य, कुलदीप सिंह, सुरेन्द्र कुमार, गजेन्द्र चौहान, इंद्रा राठौर, दीपावली कुमार ने भूमिका निभाई।

# दूर संचार उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ट्राई के कन्ज्यूमर एडवोकेसी ग्रुप के सदस्य संगठन रुरल कंज्यूमर्स फेडरेशन द्वारा गंगापार महात्मा गांधी इंटर कालेज राजेपुर में दूरसंचार उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में फेडरेशन के अध्यक्ष नवीन कुमार दीक्षित ने दूरसंचार उपभोक्ताओं हेतु ट्राई द्वारा जारी किए गए नियम कानूनों, मूल्यवर्धित सेवाओं, टैरिफ योजनाओं, दूरसंचार सेवा की गुणवत्ता, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नवीन दीक्षित ने बताया कि दूरसंचार क्षेत्र देश के विकास के लिए अत्यावश्यक व सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है। वर्तमान में डिजिटल गतिविधियों में अचानक आई तेजी को देखते हुए दूरसंचार एवं प्रसारण क्षेत्रों के विनियामक के रूप में ट्राई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही विभिन्न संचार माध्यमों से निर्बाध कनेक्टिविटी को और सुगम बनाया जा सके। मुख्य अतिथि अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ0 संजय अवस्थी ने साइबर क्राइम पर विस्तृत जानकारी दी व उपभोक्ता को ट्राई द्वारा निर्धारित क्यूओएस मानकों के अनुसार गुणवत्ता व विश्वनीय सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार है। शिक्षक कमल किशोर ने छात्र छात्राओं से मोबाइल लिंक द्वारा किए जा रहे फ्राड से सतर्क रहने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षक वीरेंद्र कुमार व शिक्षक प्रदीप सिंह ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

# कठेरिया समाज कल्याण समिति ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

- जनपद की समिति जमीनी स्तर पर कर रही है कार्यः बृजेश कठेरिया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कठेरिया समाज** कल्याण समिति के तत्वाधान में ठंडी सड़क स्थित नव भारत सभा भवन में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र कठेरिया ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर सिंह कठेरिया ने की। मुख्य अतिथि किशनी के विधायक बृजेश कठेरिया व विशिष्ट अतिथि एडिशनल कमिश्नर जीएसटी पंकज



अतिथियों के साथ मौजूद छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

कठेरिया व सेवानिवृत्त सचिव परिवहन विभाग के विक्रम सिंह कठेरिया रहे। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र कठेरिया ने किया। 125 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें 61 हाईस्कूल, 43 इंटर, 21 स्नातक के विद्यार्थी सम्मानित हुए। विधायक बृजेश कठेरिया ने कहा कि फर्रुखाबाद समिति जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। ऐसे कार्यक्रमों से उत्साहवर्धन होता है। उन्होंने जनपद की समिति की सराहना की। एडिशनल कमिश्नर जीएसटी पंकज सिंह ने कहा कि अगर हमें समाज को जगाना हो तो पहले स्वयं जागना होगा। अपने परिवार में चेतना लानी होगी। विक्रम सिंह अपर सचिव परिवहन ने कहा कि सभागार में ऐसी संख्या होने से समाज के कार्यक्रम अपने आप सफल होते है। महिलाओं की संख्या देखकर लगता है अब समाज में सावित्रीबाई फुले का संदेश पहुंच गया है। जनपद के अलावा प्रदेश भर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी को जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र कठेरिया ने माल्यार्पण कर शाल ओड़ाकर सम्मान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं में आर्मी पब्लिक स्कूल ने लहराया परचम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूलों की 17 साल से कम उम्र वाले छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अपना परचम लहराया। जयपुरिया स्कूल लखनऊ में आयोजित दौड़




प्रतियोगिताओं में आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ के वर्धन दीक्षित ने 100 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक तथा 200 मीटर की दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। वर्धन दीक्षित को राष्ट्रीय स्तर पर योग्य खिलाड़ी के लिए चयनित किया गया। आर्या मिशन पब्लिक स्कूल अररिया, बिहार में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र अनिरुद्ध बोस को रजत पदक मिला। गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल कानपुर में आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ की टीम को उपविजेता की ट्राफी से नवाजा गया। वहीं आर्मी पब्लिक स्कूल की इण्टर क्लस्टर सेन्ट्रल कमाण्ड की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि सीबीएसई द्वारा करायी गई इन प्रतियोगिताओं में उससे सम्बद्ध 26 स्कूलों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आर्मी पब्लिक विद्यालय के छात्रों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन सिखलाई रेजिमेंट सेण्टर के कमाण्डेन्ट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने भी छात्रों की इस उपलब्धि की सराहना करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं।

# मानदेय न मिलने से रसोईयों में घोर निराशा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परिषदीय स्कूलों में एमडीएम बनाने के लिए रसोईयों को तैनात किया गया। जिन्हें हर माह दो हजार रुपए दिए जाते हैं, लेकिन उन्हें मानदेय हर महीने नहीं दिया जा रहा है, जिससे भीषण मंहगाई में उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें स्कूल में पूरे समय रहकर खाना बनाने के अलावा बर्तनों की सफाई और स्कूल परिसर की सफाई भी करनी पड़ती है। स्कूलों में सफाई कर्मी जाते नहीं हैं। ऐसे में रसोईयों को स्कूल परिसर की सफाई भी करनी पड़ती है। बताते चलें कि कम मानदेय मिलने और हर महीने मानदेय न मिलने से कई स्कूलों में रसोईयों ने त्यागपत्र दे दिया। कम मानदेय मिलने तथा समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण एमडीएम बनाने से रसोईयों का मोहभंग हो रहा है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने भी रसोईयों के काम को देखते हुए मनरेगा के अनुसार मानदेय देने की मांग करते हुए कहा कि भीषण मंहगाई में रसोईयों को हर महीने पांच हजार रुपए मानदेय दिया जाना चाहिए।

# कवियों ने हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा का दर्जा दिलाये जाने की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- प्रेस क्लब द्वारा काव्योत्सव का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद प्रेस** क्लब के तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने राष्ट्रवाद और हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाए जाने की मांग की। कव्योत्सव का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवओम अम्बर ने देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवओम अम्बर ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारा गौरव हमारा अभिमान है, हम सभी हिन्दी प्रेमी सरकारों से राष्ट्रभाषा घोषित करने की मांग करते हैं। आज भी हिन्दी भाषा को भारतीय न्यायालय में वो स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिए था। उन्होंने फांकों को भी मस्ती में जीते है, बस्ती बस्ती फरियाद नहीं करते। सच कहते है अथवा चुप रहते है, हम लफ्जों को बर्बाद नहीं करते पंक्तियां पढ़ीं। बरेली से आई कवयित्री पल्लवी सक्सेना ने गज़ल तेरी चाहत में हद से गुजर जाऊंगी, एक तेरे प्यार में कुछ भी कर जाऊंगी। आईना है मेरा अब ये आंखें तेरी, देख कर उनमें ही मैं संवर जाऊंगी ग़ज़ल पढ़ी। वरिष्ठ कवि डॉ0 संतोष पाण्डेय ने बेटी होकर, बेटे का फर्ज निभाना सचमुच मुश्किल है रचना पढ़ीं। छंदकार राम अवतार शर्मा इन्दु ने सपनें जिनको अर्पित हैं वे अपनें कटार कर में थामे अवसर की वाट निहार रहे कब किस विधि से आघात करें पंक्तियां पढ़ीं।




काव्यपाठ करते डा0 शिवओम अम्बर मौजूद कवि

कवयित्री गीता भारद्वाज ने नमन तुम्हें करते हैं हिन्दी भारत मां की प्यारी, काव्य कुण्ड में कुंज कली तुम शब्दों की फुलवारी रचना का पाठ किया। उत्कर्ष अग्निहोत्री ने इस तरह जीने का सामान जुटाता क्यूं है, ख़र्च करना ही नहीं है तो कमाता क्यूं है गजल पढ़ीं। किशन साध ने कहा कि अमिया पत्थर गुलेल वहीं जमाने रख, पक्षी लौटेंगे तय है, छत पर कुछ तो दाने रख। कार्यक्रम में राम शंकर अवस्थी ने कृष्ण राधिका को समर्पित छंद पढ़े, दिलीप कश्यप भगत सिंह को समर्पित देश भक्ति कविता पढ़ीं। संयोजक राम मोहन शुक्ल श्रृंगार रस को कविता पढ़ीं। डॉ0 पीडी शुक्ला, प्रीति तिवारी, उपकार मणि आदि ने काव्य पाठ किया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोशिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश के रचनाकार हिन्दी भाषा के पक्ष में जागरण का काम कर रहे हैं। प्रेम क्लब अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी इन्दु ने कहा हिन्दी और हिन्दी प्रेमियों की सेवा के लिए मैं हमेशा तैयार हूं। हिन्दी भाषा ने आज पूरे विश्व में पहचान बनाई है। हिन्दी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। कार्यक्रम में आए सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान दिवंगत अधिवक्ता ओम प्रकाश दुबे की पुस्तक मुक्तामाला का लोकार्पण किया गया। अंचल दुबे, रविन्द्र भदौरिया, दीपक सिंह, विशाल श्रीवास्तव, इमरान हुसैन, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अनिल प्रताप सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी, हरिभान सिंह, कुलभूषण श्रीवास्तव, अमित सक्सेना, धीरज मौर्य, राज गौरव पाण्डेय, अमित त्रिवेदी, अर्पण शाक्य, अरविंद दीक्षित, प्रमोद दीक्षित, रोहित दीक्षित, आफाक खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिहार में बाढ़ से हाहाकार, 13 लाख आबादी प्रभावित

**वाल्मीकिनगर के एयरपोर्ट और हलीपैड पर घुसा पानी**

एजेंसी

**पटना।** बिहार में वाल्मीकिनगर बराज, पश्चिम चंपारण और कोसी बराज, वीरपुर सुपौल जिले से लगातार पानी आने के कारण 12 जिलों की करीब 13 लाख अबादी बाढ़ से प्रभावित हो गई है।

नेपाल की सीमा से सटे पश्चिम चंपारण जिले में स्थित एक मात्र टाइगर रिजर्व वाल्मिकीनगर के हवाईअड्डा के रनवे और हेलीपैड दोनों डूब गए हैं। यह सामरीक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण हवाईअड्डा है। क्योंकि, नेपाल सीमा पर यह स्थित है। इस एयरपोर्ट का इस्तेमाल एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के अलावा अतिविशिष्ट लोगों के इस्तेमाल के लिए किया जाता है। बिहार में भारी बारिश से सभी नदियां उफान पर हैं। नेपाल में भी भारी वर्षा के कारण रविवार सुबह पांच बजे कोसी बराज, वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक जल छोड़ा गया, जो 1968 के बाद सर्वाधिक है। तटबंधों की सुरक्षा के लिए जल संसाधन विभाग की टीमें दिन-रात तत्पर हैं। हालांकि, दोपहर में कोसी बराज में पानी का प्रवाह कम हो गया है। अररिया जिले के पलासी प्रखंड में बकरा नदी पर मनरेगा से बना बांध ककोड़वा और डेहटी मीरभाग के समीप कुछ हिस्से में देर रात टूट गया। डेहटी मीरभाग में लगभग 60 फीट तो ककोड़वा में 10-15 फीट बांध टूटा है। इसके कारण दक्षिण डेहटी और भिखा पंचायत में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। पानी आने से दक्षिण डेहटी पंचायत ज्यादा प्रभावित हुआ है। जिले में बकरा, नूना, परमान और कनकई नदी में पानी घटने की रफ्तार बहुत सुस्त है।



जिले में बाढ़ से दो दर्जन से अधिक पंचायत प्रभावित हैं। बाढ़ नियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता कमल कुमार ने बताया कि नदी का पानी घट-बढ़ रहा है। पलासी में बकरा नदी पर मनरेगा से बना बांध दो जगहों पर टूटा है। फिलहाल, वहां तक जाने का रास्ता नहीं होने के कारण मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है।

डीएम ने बताया कि कोसी बैराज से पानी छोड़ा गया है, जिससे मधेपुर प्रखण्ड के निचले इलाकों में पानी प्रवेश कर गया है। लोगों को घर खाली कर आश्रय स्थलों पर जाने के लिए अपील किया गया है। प्रशासन के द्वारा 25 नावों और दो मोटरबोट को लगाया गया है। एसडीआरएफ की दो टीमों को भी बाढ़ प्रभावित इलाकों में भेजा गया है। प्रशासन और सिंचाई विभाग के अधिकारी लगातार इलाके में जाकर जायजा ले रहे हैं। कंट्रोल रूम का फोन नंबर और टोल फ्री नंबर जारी किया गया है ताकि परेशानी को लेकर लोग फोन कर सके और उन्हें त्वरित सुविधाएं मुहैया करायी जा सके।

मुजफ्फरपुर में बागमती नदी का जलस्तर तेज़ी से बढ़ रहा है। ऐसे में लोगों के बीच दहशत का माहौल है। इसी दौरान एसडीओ पूर्वी अमित कुमार गायघाट पहुंचे, जहां प्रखंड पदाधिकारियों के साथ बागमती नदी का निरीक्षण किया। साथ ही बढ़ते जलस्तर का जायजा भी लिया। बागमती नदी के बढ़ते जलस्तर की वजह से मुजफ्फरपुर के औराई, कटरा और गायघाट में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

**लोग घर खाली कर ऊंचे स्थानों पर जा रहे**

बाढ़ प्रभावित सिकटी, पलासी, जोकीहाट, कुर्साकांटा और फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्रों में स्थिति अभी भी यथावत है। मधुबनी के जिलाधिकारी अरविंद वर्मा ने बताया कि नेपाल जल अधिग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से मधुबनी में कोसी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। मधेपुर प्रखण्ड के कोसी दियारा इलाके के बसीपट्टी, गढ़गांव पंचायत के दर्जन भर गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। लोग घर खाली कर ऊंचे स्थानों पर नाव से जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा ऊंचे स्थानों पर स्कूलों में आश्रय स्थल बनाया गया है, वहां लोग अपने परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। लोगों का सारा सामान बर्बाद हो गया है। खाने-पीने का भी समान नहीं बचा है और पानी लगातार बढ़ रहा है। प्रशासन ने आश्रय स्थल पर सामुदायिक किचेन की व्ययवस्था की है।

**बराज पर घटा दबाव, तटबंध के भीतर कहर ढा रही कोसी**

नेपाल में कोसी और अन्य नदियों के जल ग्रहण क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के कारण उफनाई नदियों का जलस्तर सामान्य होने की ओर बढ़ रहा है। सुपौल जिला स्थित कोसी बराज पर जल प्रवाह घटाव की स्थिति में है। हालांकि, यहां अब भी सुबह 9ः00 बजे तक 6.28 लाख और 10 बजे 6.12 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज दर्ज किया गया। कोसी बराज से करीब 50 मीटर दूर नेपाल स्थित वराह क्षेत्र में सुबह नौ बजे जलश्राव 2.90 लाख क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया है।

# नेपाल में बाढ़ से भीषण तबाही अब तक 112 लोगों की मौत 100 से ज्यादा लापता



**बारिश के कारण बिजली के पोल गिरने से बिजली की सप्लाई बंद व इंटरनेट सेवाएं भी बाधित**

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण अब तक 112 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण सौ से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाके में सबसे अधिक तबाही देखने को मिल रही है। काठमांडू का अधिकांश हिस्सा डूबा हुआ है। जानमाल का सबसे अधिक नुकसान यहीं देखने को मिला है। काठमांडू का अपने आसपास के दूसरे जिले से सड़क संपर्क टूट गया है। लगातार बारिश के कारण काठमांडू सहित देशभर के विमान स्थलों को बंद कर दिया गया है।

बारिश के कारण बिजली के पोल गिरने से बिजली की सप्लाई बंद है और इंटरनेट सेवा भी बाधित है। नेपाल में 323 मिलीमीटर की रिकार्ड बारिश के कारण पिछले 24 घंटे में 100 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 100 से अधिक लोगों के लापता होने की भी जानकारी दी गई है। बाढ़ के कारण सैकड़ों लोगों के घायल होने की जानकारी गृह मंत्रालय के तरफ से दी गई है। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन के कारण देश के 48 राजमार्ग पूरी तरह से बंद हो गए हैं। काठमांडू को जोड़ने वाले सभी राजमार्ग और अन्य रास्ते भूस्खलन के कारण बंद हैं। देश के कई जिलों का काठमांडू से किसी भी माध्यम से संपर्क टूट चुका है। शुक्रवार शाम से ही कई यात्री वाहक बस जगह-जगह पर फंसे हुए हैं। कुछ यात्री बसों के भूस्खलन की चपेट में आने से यात्रियों की जान गई है। शनिवार शाम ऐसे ही दो बसों के पता लगने के बाद से उनमें से 14 शव निकाले गए। लगातार बारिश के कारण देशभर के हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। काठमांडू विमानस्थल से आंतरिक उड़ानों पर रोक लगा दी गई है। मौसम खराब और कम विजिबिलिटी के कारण शनिवार को अधिकांश इंटरनेशनल एयरलाइंस को भारत की तरफ डाइवर्ट कर दिया गया था। जिन कुछ विमानों का उड़ान रविवार सुबह हो भी पाया उनके यात्री विमानस्थल नहीं पहुंच पाए। गोरखा से दो दिन पहले काठमांडू के लिए रवाना हुई दो बसों का अब तक कोई पता नहीं लग पाया है गृह मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि लगातार बारिश और बाढ़ के कारण देशभर के 15 बड़ी पुल ध्वस्त हो गई है।

# कानपुर टेस्ट : बारिश की वजह से तीसरे दिन का खेल भी रद्द, नही फेंकी जा सकी एक भी गेंद

**पहले दिन केवल 35 ओवर की खेल ही हो पाया था**

समृद्धि न्यूज



**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल भी नहीं हो पाया है। रविवार को मैदान गीला होने के कारण तीसरे दिन का खेल भी रद्द कर दिया गया है। तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। इससे पहले दूसरा दिन का खेल भी पूरी तरह बारिश से धुल गया था, जबकि पहले दिन केवल 35 ओवर की खेल ही हो पाया था।

रविवार को तीसरे दिन अंपायर्स ने लगातार मैदान का निरीक्षण किया। सुबह 10 बजे, फिर दोपहर 12 बजे और इसके बाद 2 बजे मैदान का निरीक्षण किया गया। आज बारिश नहीं हुई, लेकिन मैदान गीला था। ऐसे में मैदान का तीन बार निरीक्षण करने के बाद तीसरे दिन के खेल को रद्द कर दिया गया। रविवार को मैच देखने दर्शक भी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। उन्हें भी मायूस होकर लौटना पड़ा। अब दर्शक चौथे दिन खेल होने की उम्मीद कर रहे हैं। मैच के पहले दिन टॉस जीतकर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला क॒िया था। बांग्लादेश ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट पर 107 रन बना लिये थे। मोमिनुल हक 40 और मुश्फिकुर रहीम 6 रन बनाकर खेल रहे थे। भारतीय टीम के लिए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने पहले दिन दो विकेट लिये। उन्होंने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (0) और शादमान इस्लाम (24) को आउट किया, जिससे बांग्लादेश का स्कोर 29 रन पर 2 विकेट हो गया। इसके बाद कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो और मोमिनुल हक के बीच 51 रन की साझेदारी हुई, जिसे रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा। अनुभवी ऑफ स्पिनर ने शान्तो को 31 रन पर आउट किया।

## तमिलनाडु कैबिनेट में छह फेरबदल, उदयनिधि स्टालिन बनेंगे उप मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** एमके स्टालिन की अगुवाई वाली तमिलनाडु की डीएमके सरकार में बड़ी फेरबदल के तहत उदयनिधि स्टालिन को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने वी सेंथिल बालाजी, डॉ गोवी चेझियान, आर राजेंद्रन और एसएम नासर को मंत्रिपरिषद में शामिल करने की सिफारिश की, जिसे शनिवार को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी। मनोनीत मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार दोपहर 3.30 बजे चेन्नई स्थित राजभवन में होगा। डीएमके सरकार को सत्ता संभाले तीन साल हो गए और तीन साल बाद मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव किये गये हैं। सरकार में उदयनिधि स्टालिन को डिप्टी सीएम बनाया गया है। उदयनिधि स्टालिन, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं। राज्य में काफी समय से उदयनिधि को डिप्टी सीएम बनाए जाने को लेकर चर्चाएं चल रही थी। मंत्रिमंडल विस्तार में सबसे चौंकाने वाला नाम सेंथिल बालाजी का है।

# दुर्गा पूजा, दिवाली व छठ पूजा के लिए रेलवे चलाएगा विशेष रेलगाड़ियां

**यात्रियों की सुगमता के लिए यह रेलगाड़ियां लगाएंगी लगभग 2694 फेरे**

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल इस वर्ष दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करेगी। ये विशेष रेलगाड़ियां 1 अक्टूबर 2024 से 30 नवंबर 2024 के बीच चलाई जाएंगी।

हर साल त्योहारों के अवसर पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जाता है, और इस वर्ष इनकी संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इस बार उत्तर रेलवे विशेष रेलगाड़ियों के द्वारा 2694 फेरे का संचालन करेगा। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के अवसर पर लाखों की संख्या में लोग सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ के कारण, उनकी सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने व्यापक तैयारियाँ की हैं। इस वर्ष यह विशेष रेलगाड़ियां लगभग 2694 फेरे लगाएंगी और बड़ी संख्या में यात्रियों को उनके गंतव्यों तक पहुँचाएंगी। पिछले वर्ष, भारतीय रेल ने बड़ी संख्या में त्योहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया था, जिनके माध्यम से कुल 1082 फेरे लगाए गए थे, और लाखों यात्रियों ने आरामदायक यात्रा का अनुभव प्राप्त किया था। पिछले वर्ष 2023 में जहां कुल 1082 फेरे संचालित किए गए थे, वहीं इस वर्ष संख्या को बढ़ाकर लगभग 2694 कर दिया गया है, जो लगभग 149 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है।

## खबरें एक नजर में

**सिग्माआईटी सॉफ्टवेयर एक हजार लोगों को देगी रोजगार**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिग्माआईटी सॉफ्टवेयर डिज़ाइनर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी अगले 2 वर्षों में एक हजार लोगों को रोजगार देने की योजना बना रही है। यह कंपनी लखनऊ में हनीमेन चौराहे के पास 20 हजार वर्गफीट में एक नया ऑफिस स्थापित करेगी। कंपनी वर्तमान में गोमतीनगर स्थित अपने कार्यालय में करीब 150 लोगों को रोजगार दे रही है। सिग्माआईटी सॉफ्टवेयर डिज़ाइनर्स ग्राहकों को एप्लिकेशन डेवलपमेंट, मोबाइल एप्लिकेशन डेवलपमेंट, वेब डिजाइनिंग, ग्राफिक्स डिजाइनिंग और वेब होस्टिंग सहित सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्रदान करती है। कंपनी के सीईओ प्रदीप तिवारी ने बताया, हम रियल एस्टेट, शिक्षा, होटल, ऑटोमोटिव, फिनटेक, हेल्थकेयर, मैन्युफैक्चरिंग, इंश्योरेंस, रिटेल और मीडिया-एंटरटेनमेंट जैसे उद्योगों में कस्टम सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन प्रदान करते हैं। हमारी कंपनी विशेष रूप से सरकारी परियोजनाओं और निजी उद्योग क्षेत्रो के लिए ईआरपी सिस्टम और मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करती है, जिससे उनके वर्कफ्लो को सुगम बनाया जा सके। हमारा लक्ष्य उद्यमियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों तक पहुंचाने में मदद करना है। सिग्माआईटी सॉफ्टवेयर डिज़ाइनर्स की यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में सहायक होगी, बल्कि विभिन्न उद्योगों के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन की उपलब्धता को भी सुनिश्चित करेगी।

**पंजाब के सीएम भगवंत मान को अस्पताल से मिली छुट्टी**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली में स्थित फोर्टिस हार्ट अस्पताल में उपचाराधीन सूबे के मुख्यमंत्री भगवंत मान को रविवार दोपहर बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डाक्टरों ने उन्हें अगले दो दिनों तक घर में आराम करने की सलाह दी है। इसके बावजूद मान ने अस्पताल से आते ही अपने आवास पर बैठक बुला ली। भगवंत मान के अस्पताल जाने के बाद से ही पंजाब में मुख्यमंत्री बदले जाने की अफवाह जोरों पर है। भगवंत मान पहले 13 सितंबर को उस समय दिल्ली गए थे, जब पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली शराब पॉलिसी मामले में जमानत मिली थी। इसके बाद जब वह 17 सितंबर को चंडीगढ़ वापस आए थे, तो उनकी एयरपोर्ट पर तबीयत बिगड़ी थी।

**झारखंड के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है : चिराग पासवान**

**धनबाद।** धनबाद के कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स में लोक जनशक्ति पार्टी ने जन आक्रोश रैली किया। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शामिल हुए। उन्होंने कहा कि लोजपा गठबंधन में रहकर चुनाव लड़ेगी या अकेले ये फैसला राज्य इकाई को तय करना है। इसके बाद उसपर केंद्रीय संसदीय समिति की मुहर लग जाएगी और ये परिस्थिति अधिसूचना जारी होने से पूर्व तय हो जाएगी। उन्होंने झारखंड की मौजूदा सरकार और मौजूद मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह से झारखंड की मौजूदा सरकार ने राज्य को बिहार और पूरे देश के समक्ष शर्मसार करने का काम किया और जिस तरह से मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए।

# पाकिस्तान से सिर्फ पीओके खाली कराने का मुद्दा बाकी : डॉ. जयशंकर

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच मुद्दा सिर्फ पीओके है। हमारे बीच हल होने वाला मुद्दा केवल ये है कि पाकिस्तान के कश्मीर पर अवैध कब्जे को खाली करना है। उन्होंने पाकिस्तान की खराब अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि यह उसके 'कर्मों का फल' है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए शनिवार को विदेश मंत्री ने कहा कि कल इसी मंच से कुछ अजीब बातें सुनीं। जबकि भारत की स्थिति बिल्कुल साफ है कि पाकिस्तान की सीमापार आतंकवाद की नीति कभी कामयाब नहीं होगी। हर काम के परिणाम जरूर होंगे। हमारे बीच सिर्फ इस मुद्दे को हल किया जाना बचा है कि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जा किए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करे। एकदिन पूर्व इसी मंच से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र किया था। जिसके जवाब में जयशंकर ने कहा कि, कई देश अपने नियंत्रण से बाहर परिस्थितियों की वजह से पीछे छूट जाते हैं, लेकिन कुछ देश जानबूझकर ऐसे फैसले लेते हैं, जिनके परिणाम विनाशकारी होते हैं। इसका बेहतरीन उदाहरण हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है। उन्होंने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि वो उसके 'कर्मों का फल' है। उसकी जीडीपी को केवल कट्टरता और आतंकवाद के रूप में इसके निर्यात के तौर पर ही मापी जा सकती है।

## सोनप्रयाग-गौरीकुंड मार्ग पर बाईपास निर्माण कार्य फिर से शुरू

**गुप्तकाशी।** केदारनाथ मार्ग के महत्वपूर्ण पड़ाव सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच वाश आउट एरिया के सामने मंदाकिनी नदी के बाईं ओर अस्थाई पैदल बाईपास मार्ग का निर्माण कार्य फिर से शुरू हो गया है। यह कार्य वन विभाग की कुछ आपत्तियों के कारण रोक दिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दखलंदाजी के बाद डीएफओ ने डीडीएमए को दुबारा काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस बाईपास मार्ग की लंबाई 1.5 किलोमीटर और चौड़ाई 1 मीटर होगी, जिसे डीडीएमए द्वारा तैयार किया जा रहा है। रविवार से इस पर तेजी से काम शुरू हो चुका है। इस मार्ग के तैयार हो जाने से केदारनाथ धाम यात्रा में सुगमता आएगी। गौरतलब है कि 31 जुलाई को केदारघाटी में हुई अतिवृष्टि के बाद सोनप्रयाग से करीब एक किलोमीटर आगे रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग का 150 मीटर क्षेत्र भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे यात्रा और आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति बाधित हो गई थी।

# जजपा-असपा ने 112 वायदों के साथ जारी किया अपना चुनावी घोषणपत्र

एजेंसी



**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) - आजाद समाज पार्टी (असपा) गठबंधन ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 112 वायदों के साथ घोषणापत्र 'जन सेवा पत्र' रविवार को जारी किया। घोषणापत्र सिरसा में जारी किया गया इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व चंद्रशेखर मौजूद थे।

घोषणापत्र में हरियाणा में उत्पादित हर फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने, फसल को नुकसान पहुँचने की सूरत में 25000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने समेत किसानों के लिए वायदे हैं तो प्रदेशवासियों को निजी नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण की सुप्रीम कोर्ट में जोरदार पैरवी करने, बेरोजगार युवाओं को 11000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने, हर जिले में औद्योगिक इलाके बनाने ताकि हर जिले में एक लाख नौकरियां दी जा सकें, अग्निवीरों की उच्च शिक्षा के लिए प्रावधान करने समेत वायदे हैं।

एक लाख महिलाओं को सरकारी नौकरी देने, महिलाओं के लिए शैक्षणिक नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण, 'प्यारी बहना' योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 5000 रुपये प्रति महीने, आशा और आंगनवाड़ी कर्मियों का पारिश्रमिक 21000 प्रति माह करने जैसे वायदे हैं। पिछड़ों के लिए अंबेडकर भवन बनाने, हर उपमंडल में अंबेडकर हॉस्टल बनाने, अंबेडकर आवास योजना के तहत प्लॉट व निर्माण राशि देने और ए व बी श्रेणी की नौकरियों व पदोन्नति में आरक्षण समेत वायदे हैं। इसके अलावा हिसार में फिल्म सिटी बनाने समेत प्रदेश के विकास के वायदे हैं। बुजुर्गों को जजपा-असपा सरकार बनने के 24 घंटे के भीतर 5100 रुपये पेंशन, पुरानी पेंशन योजना बहाल करमे कैसे वादे हैं।

# उत्कृष्ट योगदान देने वाले 21 व्यक्ति सम्मानित

## दुर्गा स्वरूपा फाउंडेशन ने दुर्गा स्वरूपा सम्मान 2024 का किया भव्य आयोजन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** दुर्गा स्वरूपा फाउंडेशन द्वारा दुर्गा स्वरूपा सम्मान 2024 का भव्य आयोजन गोमती नगर स्थित उर्दू अकादमी में 29 सितम्बर 2024 को किया गया, जिसमें साहित्य, खेल, सामाजिक सेवा, और कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 21 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

इस वर्ष के पुरस्कार विजेताओं में डॉ. अनिल रस्तोगी, अनवारुल हसन, अध्यात्म जैन, प्रणव श्रीवास्तव (कला एव संस्कृति) बालेन्दु द्विवेदी, तरुण प्रकाश दीप्ति जोशी गुप्ता (साहित्य), सुमन देवी, शिप्रा राय, पूजा निषाद (खेल), निर्मल सिंह, निमित सिंह, पूर्णिमा मोहन मकासरे, खुशबु वीरेंदर अलिया, आफरीन रजक पढानिया, रोली सिंह, सत्यम बाजपेई, प्रियंका अवस्थी, नीरजा श्रीवास्तव, प्रमिला श्रीवास्तव एव कल्पना धनुक (समाज सेवा) शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है कार्यक्रम के दौरान एक गायन और नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें पूनम त्रिपाठी-प्रथम, गोपेन्द्र एंड सीमा - द्वितीय, गायन और अंकुरम फाउंडेशन -प्रथम सनातनी ग्रुप- द्वितीय (नृत्य) में विजेता बने। इसके साथ ही इंटर स्कूल्स सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोहाना अग्रवाल ने विशेष नृत्य प्रस्तुति दी। फाउंडेशन की सचिव रागिनी श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि वे पिछले कई वर्षों से यह सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने अपने क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। इस कार्यक्रम में पवन सिंह चौहान, एमएलसी सीतापुर तथा संयुक्ता भाटिया पूर्व मेयर लखनऊ उपस्थित रहेद्य कार्यक्रम में प्रमुख सेलिब्रिटी मेहमानों में श्री रॉनी शाह, रश्मि पाठक, और भव्या कपूर उपस्थित रहे। फाउंडेशन के पदाधिकारियों में प्रशांत सिंह, विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव, शताक्षी गुप्ता, राजेश तिवारी, अक्षय अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, तुषार तथा विवेक बदलानी भी उपस्थित थे द्य संस्था की सचिव रागिनी श्रीवास्तव ने बताया की उनकी संस्था सामजिक कार्यो में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेती रही हैद्य कोरोनाकाल में सक्दो की संख्या में वैक्सीनेशन कैंप लगवाए द्य साथ ही ब्लड डोनेशन कैंप भी लगवाए द्य संस्था काफी समय से ब्रक्षारोपन कार्यक्रम में हिस्सा लेती रही हैं।

# सीतारमण के खिलाफ एफआईआर में कांग्रेस की भूमिका नहीं : जयराम

एजेंसी

**भाजपा ने ईडी सीबीआई व आय कर का इस्तेमाल कर जबरन वसूली की**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी का कहना है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दर्ज एफआईआर में पार्टी की कोई भूमिका नहीं है। बेंगलुरु की विशेष अदालत ने इलेक्टोरल बांड के जरिए उगाही की शिकायत पर एफआईआर का आदेश दिया था। हालांकि, कांग्रेस पार्टी पहले ही इस मुद्दे को उठाती रही है।

इलेक्टोरल बांड मामले में एक विशेष अदालत के आदेश पर बेंगलुरु में दायर एफआईआर पर आज डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी और जयराम रमेश ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के तहत सभी पार्टियों को चंदा प्राप्त हुआ है लेकिन केवल भारतीय जनता पार्टी ने इसे गलत तरीके से प्राप्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने ईडी सीबीआई और इनकम टैक्स का इस्तेमाल कर जबरन वसूली की है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि एफआईआर को दर्ज करने की एक प्रक्रिया है। इसमें एक फिल्टर होता है और जांच होती है और जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाती है। कुल आंकड़ा 8000 करोड़ है। उन्हें नहीं लगता कि वित्त मंत्री ने अकेले यह फैसला लिया है। यह फैसला शीर्ष अधिकारियों द्वारा लिया गया होगा। उल्लेखनीय है कि कल बेंगलुरु में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा नेतृत्व, भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष और ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। खत्म की जा चुकी इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम में कथित तौर पर जबरन उगाही के मामले में विशेष अदालत के कहने पर यह एफआईआर दर्ज की गई थी। भारतीय जनता पार्टी का इस मामले में कहना है कि मामला राजनीति से प्रेरित है। इलेक्टोरल बॉन्ड नीतिगत मामला था। कांग्रेस के मुख्यमंत्री मुडा मामले में फंसे हुए हैं।

# स्थानीय होटल मालिकों को सशक्त बनाने को ओयो प्रतिबद्ध

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ के आतिथ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शीर्ष होटल व्यवसायियों को ओयो ने किया सम्मानित**

**लखनऊ।** ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी, ओयो ने उन शीर्ष होटल व्यवसायियों को सम्मानित किया, जिन्होंने लखनऊ के आतिथ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। इस कार्यक्रम में होटल मालिक, इंडस्ट्री लीडर्स और ओयो के प्रतिनिधि आतिथ्य क्षेत्र में शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाने और धार्मिक पर्यटन में अपेक्षित वृद्धि पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए।

उत्तर प्रदेश सरकार ने 85,000 करोड़ रुपए से अधिक के कुल निवेश के साथ प्राइवेट सेक्टर के लगभग 500 प्रोजेक्ट्स शुरू किए हैं। इन प्रोजेक्ट्स का लक्ष्य राज्य में स्थित सभी धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों को वैश्विक पर्यटन केंद्रों के रूप में स्थापित करना है। ओयो ने इस योजना की सफलता के प्रति प्रतिबद्धता के तहत अपने साथ जुड़े होटल व्यवसायियों के साथ अगले कुछ महीनों के लिए रणनीति पर चर्चा की। बैठक में प्रदेश में आने वाले श्रद्धालुओं को हरसंभव सहूलियत देने का निर्णय लिया गया और इस काम में तकनीक का बेहतर इस्तेमाल किये जाने पर ज़ोर दिया गया। ओयो स्थानीय होटल मालिकों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत, कंपनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उन सभी होटल पार्टनर्स को सम्मानित किया, जिन्होंने कुशलता के साथ मेहमानों की जरूरतों को बेहतरी से पूरा किया है। इस आयोजन के दौरान छुट्टियाँ मनाने और धार्मिक यात्रा पर जाने वाले लोगों के लिए लखनऊ को एक पसंदीदा गंतव्य बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल होने के नाते लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी को आध्यात्मिक लोगों द्वारा सबसे अधिक पसंद किया जाता है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक पर्यटकों के साथ, स्थानीय होटल मालिकों के पास एक अनूठा अवसर है कि वे मेहमानों को कुशलतापूर्वक सेवाएँ प्रदान करें। इस सम्मान समारोह में एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया, जो धार्मिक पर्यटन में वृद्धि की तैयारी पर आधारित था।

ओयो के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर वरुण जैन ने कहा, हमारे होटल पार्टनर्स ओयो हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री की रीढ़ हैं। ऐसे में, हम हमेशा ही उन्हें महत्व देने और उनका समर्थन करने में विश्वास करते हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, कनेक्टिविटी बढ़ाने और आगामी प्रोजेक्ट्स पर सरकार के बढ़ते फोकस के चलते लखनऊ आने वाले धार्मिक यात्रियों के लिए एक प्रमुख केंद्र बनने के लिए तैयार है।